निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 16 मई 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 351 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1877 :** फ्रांस में राजनीतिक संकट की शुरूआत।
**1929 :** हॉलीवुड में पहले एकेडमी अवॉर्ड दिए गए।
**2004 :** रोजर फेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स खिताब जीता।
**2008 :** उच्चतम न्यायालय ने केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में 27% ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्णय को खारिज कर दिया।
**2008 :** तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर थिम्पु पहुंचे।
**2014 :** भारत के एक बड़े बिजनेसमैन रुस्तमजी होमसजी मोदी का निधन।

### आम जनता से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं और नियमों को झारखंड कैबिनेट ने दी मंजूरी

# बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, प्रोफेशनल कॉलेजों की फीस होगी तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में झारखंड सरकार ने आम जनता से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं और नियमों को मंजूरी दी। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल, प्रशासन और सामाजिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों से जुड़े फैसले लिए गए। इनमें राज्य के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को अब सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। यह सुविधा आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत दी जाएगी। यह योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का हिस्सा होगी।



**प्रोफेशनल कॉलेजों की फीस होगी तय**

इसके साथ ही राज्य सरकार ने निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफ़ेशनल कॉलेजों की मनमानी फीस पर रोक लगाने के लिए झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स (फीस नियंत्रण) बिल, 2025 पास किया है। अब छात्रों को उचित फीस पर पढ़ाई का मौका मिलेगा। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक के सरकारी स्कूलों में प्राचार्य, आचार्य और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तों को लेकर नई नियमावली लागू की गई है। राज्य के एनसीसी छात्रों को अब कैंप के दौरान पहले से ज्यादा खाना भत्ता मिलेगा। इससे उन्हें प्रशिक्षण में ज्यादा सहूलियत मिलेगी।

**सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लिफ्ट रख-रखाव**

हजारीबाग, दुमका और पलामू के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लगी लिफ्टों के रख-रखाव के लिए शिंदलर इंडिया प्रा. लि. को जिम्मेदारी दी गई है। इससे मरीजों और स्टाफ को राहत मिलेगी। वहीं मधुपुर शहर में पीने के पानी की व्यवस्था बेहतर करने के लिए 76 करोड़ रुपये की लागत से नई जलापूर्ति योजना को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही वर्ल्ड बैंक की मदद से नगर निकायों की आमदनी बढ़ाने के लिए एक सलाहकार कंपनी नियुक्त की जाएगी। इस पर 10.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**बनेगी नई सड़क**

बड़कीटांड से गिरनिया मोड़ तक लगभग 11 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार ने 55 करोड़ रुपये से ज्यादा की मंजूरी दी है। वहीं धनबाद जिले के एनएच 32 पर स्थित अंडरब्रिज को अब चौड़ा किया जाएगा। निविदा की लागत ज्यादा होने के बावजूद, जनता की सुविधा को देखते हुए सरकार ने इसे पास कर दिया है। इसके साथ ही झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सरकार ने 8 कर्मचारियों की सेवा नियमित करने और उन्हें वित्तीय लाभ देने का निर्णय लिया है।

**वीआइपी उड़ानों की सेवा बढ़ी**

बता दें कि रेडबर्ड एयरवेज की सेवा अब अगले 6 महीने तक वीआइपी और वीवीआइपी उड़ानों के लिए जारी रहेगी। सेवा की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने फैक्ट्री एक्ट, 1948 में संशोधन को मंजूरी दी है। इससे उद्योगों को आसान नियमों में काम करने में मदद मिलेगी। वहीं अब झारखंड की जेलों का संचालन 'झारखंड जेल मैनुअल- 2025' के तहत होगा। पहले बिहार की पुरानी नियमावली लागू थी।

**शराब दुकानों के लिए नई नियमावली**

सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री से जुड़ी नई नियमावली (2025) को मंजूरी दी है, जिससे इन दुकानों के संचालन में पारदर्शिता आएगी। आंगनबाड़ी योजना के तहत मिलने वाले 'टेक होम रेशन' की आपूर्ति की समयसीमा 31 मई 2025 तक बढ़ा दी गई है, ताकि बच्चों और महिलाओं को लगातार पोषण मिलता रहे। प्रशासनिक अधिकारी कानु राम नाग के खिलाफ पहले से लगी 'सेवा से हटाने' की सजा को बरकरार रखा गया है। हालांकि, भविष्य में उन्हें किसी सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य नहीं माना जाएगा।

# चुनाव आयोग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होगा झारखंड का 402 सदस्यीय दल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नयी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी क्रम में झारखंड के बीएलओ, वॉलेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ निर्वाचन से संबंधित 402 सदस्यीय टीम नयी दिल्ली स्थित आइआइआइडीइएम में 19 एवं 20 मई को आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के आवागमन, आवासन एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। प्रतिभागियों के साथ जा रहे लाइजनिंग ऑफिसर इसके समन्वयन का ध्यान रखें साथ ही सभी स्टेकहोल्डर अपने पहचान पत्र अवश्य रख लें। के रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के साथ बैठक कर रहे थे। के रवि कुमार ने कहा कि 19 मई को आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन योगा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ इंटरैक्शन, निर्वाचन संबंधी रोल प्ले, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण, विभिन्न स्टेकहोल्डर की ओर से एक्सपीरियंस शेयरिंग आदि कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि 20 मई को टीम के सदस्य नयी दिल्ली के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण करेंगे। इसके लिए 9 बसों की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए आइआइआइडीइएम में आवासन की व्यवस्था है। आइआइआइडीइएम द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जब झारखंड भ्रमण पर आये थे, तो उन्होंने यहां के वॉलेंटियर एवं बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त के दिशा-निर्देश के अनुसार, झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर के कार्यों को आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यशाला के दौरान एक्सपीरियंस शेयरिंग होगी, जिसका डॉक्यूमेंटेशन कर अन्य राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस्तेमाल होगा। इस अवसर पर पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देव दास दत्ता, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के प्रतिभागी उपस्थित थे।



# राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में गुरुवार सुबह शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। निर्वाचन विभाग के मशीनरी रूम में आग लगी जिससे वहां रखे कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर जलकर राख हो गए। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित हैं। दरअसल, सुबह करीब सात बजे निर्वाचन विभाग के दफ्तर में शॉट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटें देखकर कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। घंटे भर में आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान विभाग के सर्वर रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल में रखा कुछ सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में शॉट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग से कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए हैं। हालांकि, सर्वर रूम और महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित रहे। आग से हुए नुकसान का आकलन करने के साथ आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन ने सभी सरकारी दफ्तरों में आग सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

# दिल्ली जा रही यात्री एसी बस में लगी आग, पांच यात्री जिंदा जले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बेगूसराय से दिल्ली जा रही एसी बस यात्री बस में गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री सवार थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची तो जले हुए पांच शव मिले। यूपी के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हादसे में मरने वालों की पहचान समस्तीपुर मधेपुर हसनपुर, बिहार निवासी अशोक महतो की पत्नी लक्खी देवी एवं उनकी पुत्री सोनी, सीतामढ़ी जिले के गमभार निवासी राम बालक महतो के पुत्र देवराज एवं पुत्री साक्षी और बेगूसराय देहात निवासी मधुसूदन के रूप में हुई है। एम्बुलेंस चालक ने बताया कि बच्चों के शव सीट पर मिले जबकि महिलाओं और युवक का शव सीट के नीचे मिला।



# बहुचर्चित सृजन घोटाले में पटना हाई कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाले में सीबीआई की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। घोटाले की आरोपी रजनी प्रिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई को चेतावनी दी कि यदि 16 मई तक काउंटर एफिडेविट दाखिल नहीं किया गया तो एजेंसी को पटना हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी में 10 हजार रुपये का जुर्माना जमा करना होगा। इस मामले की सुनवाई के दौरान रजनी प्रिया के अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को जानकारी दी कि 26 मार्च को सीबीआई को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश मिला था परंतु 25 अप्रैल तक भी एजेंसी ने इसे दाखिल नहीं किया जबकि सीबीआई ने कोर्ट से अल्प अवधि की मांग करते हुए आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही एफिडेविट दाखिल कर देगी लेकिन वह भी नहीं हुआ। बता दें कि रजनी प्रिया सृजन महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की सचिव रही हैं। उनके खिलाफ 18 से अधिक मामले दर्ज हैं और उन पर सरकारी धन के गबन का गंभीर आरोप है। वे फिलहाल बेऊर जेल में बंद हैं। सृजन घोटाला बिहार का एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जो 2003 से लेकर 2017 तक चलता रहा। इस घोटाले में एक एनजीओ ने कई सरकारी विभागों की करोड़ों की राशि को अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिया।

# ट्रेन से कटकर मां-बेटी की मौत

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन एवं जमीरा हाल्ट के बीच गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी मनोज कुमार की 40 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी और 28 वर्षीया बेटी रिंकी कुमारी शामिल है। मृतका सुनीता देवी के भतीजे सरोज कुमार ने बताया कि चाची और चचेरी बहन बाजार गई थी। वे दोनों बहिरो लख के पास रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी दौरान दोनों ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे दोनों मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# राहुल गांधी समेत 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित 20 लोगों के खिलाफ जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार के आवेदन पर लहेरियासराय थाने प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा-163/144 के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने लिखा है कि आंबेडकर छात्रावास में कार्यक्रम के लिए कोई विधिवत अनुमति के बिना आयोजन किया गया था। थाने में दर्ज प्राथमिकी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व विधान पार्षद डॉ. मदन मोहन झा, जमाल हसन, पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, विधायक शकील अजमद खान, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित 20 कांग्रेस नेताओं को नामजद किया गया है। इस संबंध में सदर एसडीओ विकास कुमार एवं सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि आंबेडकर छात्रावास में बिना अनुमति के आयोजित कार्यक्रम भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 का उल्लंघन है।



# पीएलएफआई के तीन उग्रवादी हथियारों के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के तीन उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी (24), बालक राम उर्फ दिलीप राम (25) और आशीष उरांव (23) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 2 पिस्टल, 7.65 एमएम की 4 गोली, 315 एमएम की 3 गोली और 7 मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसडीपीओ अरविंद कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सभी उग्रवादियों की गिरफ्तारी चंदवा थाना क्षेत्र के हड़गड़वा जंगल से हुई है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा के हड़गड़वा जंगल में पीएलएफआई के उग्रवादी लेवी के लिए जमा हुए हैं। इस सूचना के बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर हड़गड़वा जंगल में छापामारी की गयी, जिसमें घेराबंदी कर पुलिस ने तीनों उग्रवादियों क गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि मुख्य रूप से तूफान जी चंदवा और आसपास के क्षेत्रों में क्रशर मशीन और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलता था। उक्त सभी उग्रवादी बीते 4 अप्रैल 2025 को हड़गड़वा में संतोष सिंह के क्रशर पर गोलीबारी, फिरोज अहमद के ईंट भट्ठे पर उनके मुंशी को लेवी के लिए गोली मारने की घटना में शामिल थे। गिरफ्तार उग्रवादियों ने पीआरए रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी से भी रंगदारी की मांग की थी। गिरफ्तार संतोष के खिलाफ लातेहार और रांची जिले के विभिन्न थानों में 23 और बालक राम पर सात आपराधिक मामला दर्ज है। छापामारी टीम में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, एसआई अजीत कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, श्रवण कुमार, राकेश कुमार महतो, भीम कुमार, रंजय कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# अतिक्रमण और प्रदूषण मुक्त किए जाएंगे जल स्रोत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के शहरी जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने की। बैठक में जल स्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण और प्रदूषण मुक्त करने की कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया गया। जल स्त्रोतों की भूमि एवं इसके आसपास की सरकारी भूमि पर पाये जाने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जलस्त्रोतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ के प्रवाह को रोकने की ठोस कदम उठाये जाने पर विमर्श किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण एवं प्रदूषण मुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वन विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र के नदी-तालाब के किनारे खाली भूमि पर पौधरोपण करने की दिशा में वन विभाग से आवश्यक कदम उठाने हेतु आश्वस्त किया। बैठक के प्रारंभ में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त-सह-प्रशासक जावेद हुसैन ने सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने पलामू की लाइफलाइन कोयल नदी के आसपास अतिक्रमण हटाने एवं प्रदूषण को रोकने के लिए नाले की गंदा पानी गिरने से रोकन की योजना तैयार किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। उन्होंने आगामी 15 दिनों के अंदर झारखंड नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नदी क्षेत्र को चिन्हित क्षेत्रों में बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करने का निदेश दिया। बड़ा तालाब व अम्बेडकर पार्क को प्रदूषण मुक्त किये जाएंगे। तालाब से जलकुंभी निकलवाकर तालाब को प्रदूषण मुक्त किए जाएंगे। मछली पालन एवं तालाब की देखभाल के लिए मत्स्य सहयोग समिति को तालाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि नावाटोली तालाब क्षेत्र को मत्स्य विक्रेताओं एवं स्थानीय लोगों से अवैध अतिक्रमणमुक्त कराने की व्यापक कार्य योजना तैयार किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों के लिए वेंडर मार्केट निर्माण की दिशा में कार्य चल रहा है। इसके बाद मत्स्य विक्रेताओं एवं स्थानीय लोगों से तालाब क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# बिहार में 40 हजार से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों की भर्ती दरभंगा में 1700 बेड का अस्पताल : मंगल पांडेय



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में जल्द ही 41 हजार स्वास्थ्यकर्मियों और मानव बल की बहाली की जाएगी। उन्होंने बुधवार को मुजफ्फरपुर और दरभंगा में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले गांवों में अस्पताल नहीं थे। जो अस्पताल थे, वह भी खंडहर थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास हो रहा है। सरकार का ध्यान ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को विकसित करने पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पताल खोले जा रहे हैं। मंत्री ने मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल परिसर में बने मॉडल अस्पताल का उद्घाटन किया। साथ ही जिले के 27 नये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि मॉडल सदर अस्पताल के निर्माण पर 29 करोड़ 80 लाख की लागत आयी है। 27 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 11.56 करोड़ का खर्च आएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मॉडल सदर अस्पताल में 100 बेड हैं। एक जून से यहां सारी सुविधाएं शुरू हो जाएंगी। अस्पताल के निचले तल पर 16 विभागों की ओपीडी चलेंगी। अस्पताल में 20 बेड इमरजेंसी के लिए हैं। पहले फ्लोर पर आईपीडी और ऑपरेशन थियेटर है। मौके पर पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंत्री रामसूरत राय, सांसद वीणा देवी, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, प्राचार्य प्रो. ममता रानी, क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ सरिता शंकर, अधीक्षक डॉ बीएस झा, सीएस डॉ अजय कुमार, प्रभारी एसीएमओ डॉ चंद्रशेखर प्रसाद मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने पांच प्रखंडों के एक-एक एनएम को एईएस किट बांटा। उधर, दरभंगा में स्वास्थ्य मंत्री ने कर्पूरी चौक स्थित मेडिकल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बीते 20 वर्षों में सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव हुआ है। पहले लोग सरकारी अस्पताल में आना नहीं चाहते थे। अब रोजाना हजारों लोग उपचार के लिए आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की सात निश्चय योजना के तहत अस्पताल खुल रहे हैं। डॉक्टर-नर्सों की तैनाती हो रही है। उन्होंने यहां 14 करोड़ चार लाख की लागत से बने प्री-फैब्रिकेडड नर्सिंग हॉस्टल का उद्घाटन किया और डीएमसीएच के न्यू सर्जिकल भवन में 10 ओटी मरीजों के उपचार के लिए समर्पित किया। मंत्री ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में जल्द 1700 बेड के अस्पताल का निर्माण शुरू होगा। इसके बाद दरभंगा के मरीजों को पटना जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार आरोग्य मंदिर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। पहले जितनी दवाएं मिलती थीं, अब उसे दोगुनी दवा मुफ्त मिल रही हैं। मौके पर भूमि सुधार व राजस्व मंत्री संजय सरावगी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, सांसद गोपाल जी ठाकुर, राज्य सभा सदस्य धर्मशीला गुप्ता, विधायक मुरारी मोहन झा, रामचंद्र प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रकाश मन्ना, लोजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल मंडल आदि मौजूद थे।

### मरीजों ने दवा और डॉक्टर नहीं रहने की शिकायत की

मुजफ्फरपुर में स्वास्थ्य मंत्री के कार्यक्रम में कुछ मरीज पहुंच गए और अस्पताल में दवा व डॉक्टर नहीं रहने की शिकायत की। मरीज राजेश भगत ने कहा कि उसे तीन में दो ही दवा मिली है। हड्डी विभाग में डॉक्टर नहीं हैं। एक मरीज विनोद साह ने कहा कि वह ईसीजी कराने के लिए परेशान है। आशा कार्यकर्ताओं ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। संघ की अनीता शर्मा ने कहा कि उनका मानदेय छह महीने से लंबित है। उन्होंने प्रोत्साहन राशि पुनरीक्षण करने की मांग की। इसपर मंत्री ने जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मगध ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कॉलेजों में मना अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

**गया, एजेंसी।** मगध ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तहत आने वाले कॉलेज-मगध पारामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, मगध इंस्टिट्यूट ऑफ हाईयर एजुकेशन और विवेकानंद पारामेडिकल नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। अच्छे प्रदर्शन करने वाले शैक्षणिक टॉपर्स और होनहार छात्रों को पुरस्कार और सम्मान दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन राजाराम प्रसाद, कॉलेज के निदेशक राजेश कुमार पांडेय, सचिव रूबी कुमारी और कार्यकारी निदेशक ऋषा पांडेय आदि मौजूद रहे।

### दो ट्रकों की टक्कर में, एक चालक की मौत दूसरा घायल

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के बलहा चौक के पास एनएच-31 पर मंगलवार की देर रात दो बजे दो ट्रकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें एक चालक की मौत हो गई। दूसरे ट्रक का चालक और खलासी घायल हो गया, जिसे मायागंज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी रामनाथ राय (50 वर्ष) पिता रामेश्वर राय के रूप में हुई। घटना की सूचना पर भवानीपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। वहीं दूसरे ट्रक का चालक बांका जिला निवासी आदर्श कुमार (35 वर्ष) और खलासी अरविंद सिंह घायल हो गए। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचित कर दिया गया है। बुधवार को परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। घटना की प्राथमिकी यातायात थाने में दर्ज करायी जा रही है।

### बेटी के ऑर्केस्ट्रा में जाने पर मां को बांधकर पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया स्थित एक ऑर्केस्ट्रा में शामिल होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने मंगलवार रात करीब एक बजे युवती की मां को पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटा। पुलिस के पहुंचने की भनक लगने पर बुधवार सुबह पेड़ से बंधी महिला को खोल दिया गया। इसी दौरान युवती गांव पहुंची, तो ग्रामीणों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। युवती ऑर्केस्ट्रा में शामिल नहीं होने की बात कहकर गुहार लगाती रही, लेकिन भीड़ ने उसकी नहीं सुनी। उसे भी बुरी तरह पीटा गया। मां-बेटी को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर डायल 112 की पुलिस, मुखिया पति पुरुषोत्तम राय और सरपंच मदन तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और जनप्रतिधिधियों के पहुंचते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। भीड़ ने पुलिस के लिए अपशब्द बोलते हुए लाठी-डंडा और ईंट पत्थर से हमला कर दिया।

### मौसेरे भतीजे ने चोरी का आरोप लगाकर की मारपीट

**हाजीपुर, एजेंसी।** वैशाली में मंगलवार को एक जेवर दुकानदार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के दौलतपुर देवरिया गांव में हुई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रकाश चौधरी के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी देवनाथ चौधरी के पुत्र थे। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, मृतक प्रकाश चौधरी पर उनके ही मौसेरी बहन के बेटे ने बार-बार चोरी का झूठा आरोप लगाया था। आरोप लगाने के साथ-साथ वह अक्सर उनके साथ मारपीट भी करता था। इस वजह से वे पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे मृतक के बेटे ने बताया कि मंगलवार को उनके पिता ने खाना खाने से इनकार कर दिया और घर से बाहर निकल गए। थोड़ी देर बाद वे कुछ खरीदकर लाए और उसे खा लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। तत्काल उन्हें जोहरी बाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

# ब्रायलर चूजे और फर्टाइल अंडे में बिहार भी आत्मनिर्भर होगा



**भागलपुर, एजेंसी।** ब्रायलर चूजे और फर्टाइल अंडे में बिहार भी आत्मनिर्भर होगा। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में 10 नये प्लांट लगाने की योजना बनाई गई है। अभी सिर्फ 16 प्लांट ही राज्य में लगे हैं। जो जरूरत का महज 18 फीसदी पूरा कर रहा है। अभी भी 82 प्रतिशत चूजे और फर्टाइल अंडे दूसरे राज्यों से मंगाया जा रहे हैं।

मछली उत्पादन में बढ़ोतरी के बाद जैसे आंध्र प्रदेश का साम्राज्य बिहार से टूट गया। इसी तरह चूजे और अंडे में भी आंध्र प्रदेश का साम्राज्य तोड़ने की कवायद हो रही है। बता दें कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्य अंडा उत्पादन में अग्रणी हैं। जानकारों ने बताया कि दूसरे राज्यों से चूजे और फर्टाइल अंडे की आवक बिहार में रोकने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने नये प्लांट लगाने की योजना पर काम शुरू किया है।

अभी 11.70 करोड़ रुपये नये प्लांट के लिए जारी किया गया है, ताकि दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म हो जाए। अभी सभी जिलों में हैचरी प्लांट लगाने की योजना बनाई गई है। लेकिन इसमें निवेश अधिक करना होगा। विभाग के अधिकारी बताते हैं, एक प्लांट पर साढ़े तीन करोड़ का खर्च आता है। प्लांट के लिए ढाई एकड़ जमीन की जरूरत होगी।

**10 करोड़ ब्रायलर चूजे व 90 लाख अंडे प्रतिमाह खपत :** अधिकारी बताते हैं, राष्ट्रीय स्तर पर हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि अभी बिहार में प्रतिमाह 10 करोड़ ब्रायलर चूजे व 90 लाख अंडे की खपत है। जबकि राज्य के 16 प्लांट से जरूरत का सिर्फ 18 प्रतिशत यानी 18 लाख ब्रायलर चूजे का उत्पादन हो रहा है। प्लांट इंस्टालेशन में चूंकि इन्वेस्टमेंट अधिक होता है, इसलिए एससीएसटी वर्ग के लाभुकों को 40 एवं अन्य को 30 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। अभी एक प्लांट में 10 हजार मुर्गे-मुर्गियों को रखने की व्यवस्था होगी। एक प्लांट में 9 हजार पैरेंट मुर्गी एवं एक हजार पैरेंट मुर्गा को रखने की सुविधा होगी।

### कहते हैं पदाधिकारी

पशुपालन पदाधिकारी, डॉ. अंजली कुमारी ने कहा कि योजना का कार्यान्वयन पशुपालन निदेशालय स्तर पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। आवेदकों की प्रारंभिक जांच एवं अंतिम चयन पशुपालन निदेशालय के स्तर पर किया जाएगा।



# पहाड़पुर स्टेशन के टिकट काउंटर पर सीआईबी और आरपीएफ का छापा, दो गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गया-कोडरमा रेल सेक्शन के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के आरक्षित टिकट काउंटर पर सीआईबी धनबाद और आरपीएफ कोडरमा ने बुधवार को छापा मारा। इस दौरान वहां से रेल टिकट के अवैध धंधे में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया। उसके पास से 6360 रुपये के दो अदद रेल टिकट भी बरामद हुए। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया है कि रेल टिकट के अवैध कारोबार करने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना पर पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटर पर तत्काल के समय आसूचना शाखा धनबाद और आरपीएफ कोडरमा ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस छापेमारी में कमलेश कुमार साव और रोहित कुमार पासवान, दोनों ग्राम-पहाड़पुर बस्ती, थाना-फतेहपुर को रेल टिकट का अवैध कारोबार करने के जुर्म में रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके पास से रेल टिकट काउंटर से काटे गए 6360 रुपये के 2 अदद रेल टिकट बरामद हुए।

इसमें एक अदद अग्रिम यात्रा का कोडरमा से सीएसएमटी मुंबई का टिकट और एक अदद अग्रिम यात्रा का पहाड़पुर से नई दिल्ली का टिकट शामिल है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए दोनों लोगों ने बताया कि वह कभी कभार अवैध रूप से रेलवे का टिकट बनाने व उसका करोबार करता लेता है। उसने 300 से 400 रुपये अधिक लेकर टिकट की बिक्री कर देने की बात स्वीकार की है। उसके खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा पर कांड दर्ज कर उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। जांच का भार सउनि धर्मेन्द्र कुमार दुबे, रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट गुरपा को दिया गया है।

# बिहार के जनजातीय समूह को अब मिलेगा पक्का मकान, पीएम जन-मन योजना होगी लागू

**पटना, एजेंसी।** पीएम जन-मन योजना के तहत अब बिहार के जनजातीय समूह को पक्का मकान बनाने के लिए दो-दो लाख रुपये दिये जाएंगे। विभिन्न राज्यों में इस योजना का लाभ वर्ष 2023 से दिया जा रहा है। वहीं, इस साल बिहार में यह लागू हो रहा है। ग्रामीण विकास विभाग इसकी तैयारी शुरू कर दी है। राज्य की जनजाति आबादी वाले जिलों में ही इस योजना के तहत लाभुकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित जिलों में सर्वेक्षण कर परिवारों को चिह्नित किया जाएगा। इस योजना के तहत कच्चे मकान में रह रहे कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए चयन किया जाएगा। मालूम हो



कि बिहार के कटिहार, पश्चिम चंपारण, पूर्णिया, जमुई, बांका, सुपौल और किशनगंज में जनजाति की आबादी अपेक्षाकृत अधिक है। विभाग जल्द ही इन जिलों को दिशा-निर्देश जारी करेगा। जानकारी के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में करीब डेढ़ हजार परिवारों का चयन इस योजना के तहत किया जाएगा। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का मकान बनाने के लिए लाभुकों को एक लाख 20 हजार दिये जाते हैं। वहीं, पीएम जन-मन योजना के तहत चयनित परिवार को दो-दो लाख की राशि दी जाएगी।

# बिहार में डेढ़ लाख गाड़ियों के मालिकों पर चला ट्रांस्पोर्ट विभाग का चाबुक, रजिस्ट्रेशन कैंसिल होगा

**पटना, एजेंसी।** परिवहन विभाग ने उत्तर पूर्व के 13 जिलों की एक लाख 51 हजार 633 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्णय लिया है। चिह्नित लापरवाह वाहन मालिकों को नोटिस और फोन से सूचना देने के बाद कार्रवाई की प्रकिया शुरू कर दी गई है। इनमें सर्व क्षमा योजना का लाभ लेने वाले वाहन मालिकों को छोड़ दिया गया है। यह कार्रवाई ऐसे वाहन मालिकों पर की जा रही है, जिन्होंने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है। परिवहन विभाग के इस फैसले के बाद वाहन मालिकों में हड़कंप है। उनकी गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन रद्द होने का खतरा मंडराने लगा है। भागलपुर और पूर्णिया परिवहन कार्यालय में टैक्स डिफॉल्टर गाड़ियों की संख्या को चिह्नित करने के बाद नीलाम पत्र वाद करने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। पूर्णिया के डीटीओ शंकर शरण ओमी ने बताया कि 33 हजार से अधिक टैक्स डिफॉल्टर गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ऐसे गाड़ियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ नीलाम पत्र वाद की प्रकिया शुरू कर दी गई है।

### टैक्स बकाया में पूर्णिया अव्वल

टैक्स बकाया में 13 जिलों में पूर्णिया अव्वल है। पटना, मुजफ्फरपुर के बाद सबसे अधिक बकाया पूर्णिया और भागलपुर में है। पूर्णिया में 33 हजार 740, भागलपुर में 22 हजार 143, बेगूसराय में 20 हजार 950, मधेपुरा में सात हजार 835, सहरसा में 10 हजार 965, सुपौल में छह हजार 454, अररिया में सात हजार 585, कटिहार में नौ हजार 711, किशनगंज में पांच हजार 744, बांका में चार हजार 966, लखीसराय में तीन हजार 974, मुंगेर में 12 हजार 210 और जमुई में पांच हजार 356 गाड़ी मालिकों पर टैक्स बकाया है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

एसएन मिश्र, एमवीआई, भागलपुर ने कहा कि टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नीलाम पत्र वाद की प्रकिया चल रही है। सर्व क्षमा योजना के बाद बची गाड़ियों की स्क्रीनिंग पूरी कर ली गई है।

**ये होते हैं टैक्स डिफॉल्टर :** व्यावसायिक गाड़ियों के संचालक को तीन माह में टैक्स जमा करना होता है। गाड़ी मालिक सुविधा अनुसार कई माह का एक साथ भी टैक्स जमा करते हैं। ऐसे वाहन मालिक जो टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, पहले उन्हें नोटिस और फोन के माध्यम से सूचना दी जाती है।

# परसा थाना परिसर में दरी की रस्सी बनाकर लगाई फांसी

## माता-पिता सुधार के लिए लाए थाने, खिड़की से लटककर दी जान, पहले भी जा चुका था जेल

**छपरा, एजेंसी।** सारण में मंगलवार को एक 19 वर्षीय युवक ने थाना परिसर के वेटिंग रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना छपरा के परसा थाना परिसर में हुई है। मृत युवक की पहचान फतेहपुर निवासी पिंटू कुमार सिंह के छोटे बेटे शुभम कुमार (19) के रूप में की गई है। शुभम के माता-पिता उसे सुधार के उद्देश्य से थाने लेकर आए थे, लेकिन कुछ ही घंटों में उसने सुसाइड कर लिया।

**बेटा सुधर जाए, इसलिए लाया थाने :** मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे शुभम के पिता पिंटू कुमार सिंह और माता गायत्री देवी उसे परसा थाना लाए। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटा गलत संगत में पड़ गया है और आए दिन घर में गाली-गलौज, मारपीट करता है। माता-पिता चाहते थे कि पुलिस उसे कुछ समय थाने में रखे, ताकि वह डर कर सुधर जाए।

**परसा थाना परिसर में किया सुसाइड :** पुलिस ने पहले युवक को वेटिंग रूम में बैठा दिया। उस समय शुभम अपने माता-पिता से गिड़गिड़ा कर कह रहा था कि वे उसे घर ले जाएं, लेकिन माता-पिता उसे वहीं छोड़कर चले गए। थाना के प्रतीक्षा कक्ष में कुछ ही देर बाद युवक ने वहां रखी दरी की कोर को फाड़कर रस्सी का रूप दिया। फिर उसने वेटिंग रूम में लगी खिड़की की



घुंडी से बांधकर फांसी लगा ली। जब तक पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, शुभम दम तोड़ चुका था। उसे तुरंत फंदे से नीचे उतारा गया और परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**15 दिन पहले ही जेल से छूटा था शुभम :** मृतक के पिता पिंटू सिंह ने बताया कि शुभम हाल ही में 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। जेल से लौटने के बाद वह अपने मित्रों के साथ दिन भर इधर-उधर घूमता रहता था। कई बार असामाजिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाता था। घरवाले उसकी इन हरकतों से बेहद परेशान थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक शुभम कुमार पर अलग-अलग थानों में दो प्राथमिकी दर्ज हैं। हालांकि, इन मामलों की विस्तृत जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है।

**अफवाह न फैलाने की अपील, जांच जारी :** घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले की सूचना सोनपुर डीएसपी प्रीतिश कुमार को दी। डीएसपी ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने मीडिया को बताया कि युवक कोमाता-पिता खुद लेकर थाना आए थे और उसे पुलिस को सौंपा गया था। डीएसपी प्रीतिश कुमार ने कहा कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

वेटिंग रूम में दरी से रस्सी बनाकर फांसी लगाना एक अलग तरह का मामला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो पाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने जनता से अफवाह न फैलाने की अपील की है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पथों की सफाई करने वाले एजेंसी पर नगर आयुक्त ने लगाया जूर्माना

**गया, एजेंसी।** शहर की साफ-सफाई और नाले की सफाई का जायजा नगर आयुक्त ने लिया। इस दौरान गेवल बीघा मोड़ से चांदचौरा, विष्णुपद मंदिर, बंगाली आश्रम होते हुए गोदावरी रोड स्थित मां मंगला गौरी मंदिर रोड तक पैदल भ्रमण किया। वार्ड 36, 39, 41, 42 व 34 की प्रमुख सड़कों का निरक्षण किया। एजेंसी द्वारा मार्च से कार्य संपादित किया जा रहा है जिसे नगर आयुक्त ने संतोषजनक नहीं पाया। 25 से 35 प्रतिशत तक विपत्र में की कटौती निरक्षण के दौरान कई जगह गंदगी मिली। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने 21 स्थानों पर जाकर जहां कचरा गिरा हुआ था उसे ऐप पर अपलोड किया। साथ ही एजेंसी को कड़ी चेतावनी दी कि अगर कार्य प्रणाली में दो से तीन दिन में सुधार नहीं आता है तो इकरारनामा रद्द करते हुए कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल के लिए पेनल्टी एजेंसी पर लगाई जा रही है। एजेंसी के समर्पित मैनुअल स्वीपिंग के विपत्र में पहले 15 दिन का 100 प्रतिशत व माह के अंतिम 15 दिनों के विपत्र में 35 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाते हुए कटौती की गई। साथ में मैकेनिकल स्वीपिंग के विपत्र में 25 प्रतिशत राशि की कटौती की गई। एजेंसी द्वारा सभी मैकेनिकल स्वीपिंग की गाड़ियों में दो जीपीएस सिस्टम लगाए गए हैं, जिसमें एक निगम द्वारा लगाया गया है और एक एजेंसी द्वारा। दोनों के तुलनात्मक विवरणी के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया की जाती है। एजेंसी ने आश्वस्त किया कि कार्य प्रणाली में सुधार लाया जाएगा। मई से सुधार लागू कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में खुला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का क्षेत्रीय कार्यालय

**धनबाद, एजेंसी।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को धनसार रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि निजी बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए आज यह सरकारी बैंक भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। धनबाद में बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से धनबाद का मान और बढ़ा है। यह धनबाद के विकास के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। मौके पर सेंट्रल बैंक के आंचलिक प्रमुख (पटना जोन) राजीव रंजन सिन्हा, क्षेत्रीय प्रमुख विवेक कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक वाइडी मिश्रा, चौधरी जयप्रकाश व अन्य अधिकारी व उद्यमी उपस्थित थे।

### इमरजेंसी के मरीजों का डेटा आज से होगा ऑनलाइन

**धनबाद, एजेंसी।** एसएनएमएमसीएच इमरजेंसी में भर्ती मरीजों का डेटा गुरुवार से ऑनलाइन हो जायेगा। अस्पताल में भर्ती होने वाले सभी मरीजों की जानकारी कंप्यूटर में दर्ज की जायेगी। अस्पताल प्रबंधन ने गुरुवार से इमरजेंसी के मरीजों की जानकारी ऑफलाइन दर्ज करना बंद करने का निर्देश जारी कर दिया है। प्रक्रिया ऑनलाइन करने के लिए एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी में कंप्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य उपकरण बुधवार को लगा दिये गये हैं। इसके अलावा ओपीडी का समय समाप्त होने के बाद इलाज कराने इमरजेंसी पहुंचने वाले मरीजों को कंप्यूटराइज्ड पर्ची दी जायेगी। इमरजेंसी में चिकित्सा परामर्श प्राप्त करने वाले मरीजों का रिकॉर्ड कंप्यूटर में दर्ज होगा। बता दें कि एसएनएमएमसीएच के विभिन्न विभागों में चिकित्सा व्यवस्था ऑनलाइन करने की तैयारी अस्पताल प्रबंधन ने शुरू कर दी है। इमरजेंसी की व्यवस्था भी ऑनलाइन हो जायेगी।

### पुलिस लाइन में खुला कैंटीन, पुलिसकर्मियों को मिलेगा डिस्काउंट

**धनबाद, एजेंसी।** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने बुधवार को पुलिस लाइन में पुलिस कैंटीन का उद्घाटन किया। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि इस कैंटीन में पुलिसकर्मियों को घरेलू जरूरत के सभी सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि नौकरी और व्यस्तता के कारण कई बार पुलिसकर्मी घरेलू जरूरतों के सामानों से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पुलिसकर्मियों की जरूरत को देखते हुए पुलिस परिवार के लिए पुलिस लाइन में कैंटीन निर्माण का निर्णय लिया गया था। कैंटीन में रोजमर्रा की जरूरत के सामान, फूड आइटम, ग्रोसरी, लगेज, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सामान समेत सामान उपलब्ध हैं। विभिन्न आइटम में मिलेगा डिस्काउंट विभिन्न आइटम में पुलिसकर्मियों को डिस्काउंट भी मिलेगा। मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय-2 धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी साइबर संजीव, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, सार्जेंट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेंट प्रवीण कुमार, अर्जुन महथा, लक्ष्मण मेहता, चारु बेदिया, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष लोर सिंह मुंडा, उपाधीक्षक रितेश सिंह, कोषाध्यक्ष मस्त मौला यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### जैक 9वीं की परीक्षा में कोडरमा-हजारीबाग का दबदबा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड अकादमिक काउंसिल ने 2025 में 9वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार के रिजल्ट में छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सभी जिलों में छात्र-छात्राओं की पास प्रतिशत दर अलग-अलग रही, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हर क्षेत्र में शिक्षा का स्तर अलग-अलग है। झारखंड बोर्ड की 9वीं कक्षा की परीक्षा में कुल छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और रिजल्ट से जुड़ी जानकारी राज्य के विभिन्न जिलों के अनुसार अलग-अलग दिखी है। इस लेख में हम झारखंड बोर्ड के 9वीं रिजल्ट 2025 का जिलावार प्रदर्शन बताएंगे ।कोडरमा और जमशेदपुर जैसे बड़े शहरी जिलों में पास प्रतिशत 99 ।54 और 99 ।37 के करीब रहा, जो अन्य जिलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। वहीं, कई ग्रामीण और पिछड़े जिलों में पास प्रतिशत लगभग 90 प्रतिशत रे उपर रहा है ।छात्रों ने विभिन्न विषयों में अच्छी प्रगति दिखाई है, विशेष रूप से विज्ञान, गणित और सामाजिक अध्ययन में बेहतर अंक प्राप्त किए गए हैं।

# आरक्षक की हत्या : 4 रेत माफिया झारखंड से

**बलरामपुर, एजेंसी।** बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और परिवहन रोकने गए आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को झारखंड के गढ़वा से गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य लोगों की खोजबीन की जा रही है। हाईकोर्ट ने आरक्षक की हत्या मामले में संज्ञान लिया है। छ्रतक्क खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचला था :** सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम लिबरा में 12 मई 2025 की रात करीब 11 बजे सनावल की पुलिस टीम और वन विभाग की टीम कनहर नदी पर रेत के अवैध उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान भाग रहे एक ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश कर रहे आरक्षक शिव बचन सिंह को एक ट्रैक्टर चालक कुचलकर भाग निकला था। गंभीर रूप से घायल आरक्षक शिव बचन सिंह की रामानुजगंज लाने के दौरान मौत हो गई।



**चार आरोपी झारखंड से पकड़े गए :** मामले की जांच में जुटी सनावल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 109, 121(1), 132, 221, 61(2), 3(5), 238, 249 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(ख), 52 और खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 04/21 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस की 4 टीमें लगातार झारखंड में छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने मामले में आरोपी आरीफूल हक (24 वर्ष), जमील अंसारी (41 वर्ष), शकील अंसारी (22वर्ष), तीनों निवासी सेराजनगर, जिला गढ़वा (झारखंड) और अकबर अंसारी(50 वर्ष) निवासी अरसली, गढ़वा (झारखंड) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 ट्रैक्टर जब्त किए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**हाईकोर्ट ने लिया है संज्ञान :** मामले को बिलासपुर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लेकर सुनवाई करते हुए डीजीपी, खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि, अवैध खनन रोकने निर्देश के बाद यह हालत है, जो बहुत ही गंभीर बात है। स्टेट अफेयर्स की ऐसी हालत है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस और वन विभाग ने रेत तस्करी रोकने ताकत झोंकी है।

**पुलिस पर तस्करों के संरक्षण का आरोप :** आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के मामले में सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक कुमार झा ने सनावल थाना प्रभारी दिव्य कांत पांडेय को सस्पेंड कर दिया था। लिबरा में अवैध रेत खनन की शिकायत ग्रामीणों से पुलिस ने की थी। पुलिस ने शनिवार की शाम 3 ट्रैक्टरों को पकड़ा भी था, जिन्हें दूसरे दिन छोड़ दिया गया। बताया गया है कि राजनैतिक संरक्षण के कारण पकड़े गए ट्रैक्टरों को छोड़ा गया था।

**मंत्री नेताम ने की घटना की निंदा :** मामला प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के गृहक्षेत्र का है। क्षेत्र में होने वाले अवैध रेत खनन में उनके समर्थक भी आरोपों से बाहर नहीं हैं। ऐसे में घटना के तीन दिनों बाद मंत्री राम विचार नेताम का एक बयान बलरामपुर पीआरओ द्वारा जारी किया गया है। रामविचार नेताम के बयान में हादसे में मारे गए आरक्षक को पारिवारिक सदस्य की तरह बताया है। मंत्री नेताम के बयान के अनुसार उन्होंने मामले को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से मिलकर उन्हें घटना से अवगत कराया है। नेताम ने बलरामपुर कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिया है कि रेत माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने झारखंड के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर रेत माफियाओं पर कार्रवाई के लिए कहा है।

**डेढ़ दशक से रेत तस्करी का गढ़ बना इलाका :** बलरामपुर का सरहदी इलाका डेढ़ दशक से रेत तस्करी का गढ़ बना हुआ है। सनावल क्षेत्र के दर्जनभर रेत घाटों से रेत उत्तरप्रदेश में भेजी जाती रही है। प्रदेश में सरकार बदलती रही, लेकिन रेत तस्करी नहीं रूकी। उत्तरप्रदेश को जिन घाटों से रेत भेजी जाती थी, उनमें ज्यादा रेत नहीं बची तो झारखंड के तस्कर सक्रिय हुए।

### बेरमो में गोली मारकर व्यक्ति की हत्या, घटनास्थल पर पहुंचे विधायक जयराम महतो

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो में बुधवार देर रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जानकारी के अनुसार, बोकारो के बेरमो अनुमंडल के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट स्थित बारीडीह के जंगल में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना बुधवार रात लगभग बारह बजे की बतायी जा रही है। मृत व्यक्ति की पहचान हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत सिरई के रहने वाले तुलसी पंडित के 42 वर्षीय पुत्र हेमलाल पंडित के रूप में की गयी है। मामले की जानकारी मिलने पर डुमरी विधायक जयराम महतो घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिरई निवासी तुलसी पंडित और उनका पुत्र हेमलाल पंडित सोखागिरी और झाड़-फूंक का काम करते थे। ये दोनों बुधवार की रात नावाडीह में किसी व्यक्ति के घर से सोखागिरी और झाड़-फूंक का काम करके अपनी कार जेएच 01एफएन-6635 से घर लौट रहे थे। लेकिन बारीडीह जंगल में एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने इनकी कार को ओवरटेक कर रोका। फिर, उन दोनों से वंशी जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के लिए जैसे ही उन्होंने कार का शीशा नीचे किया, वैसे ही एक युवक ने हेमलाल पंडित की कनपटी में सटाकर गोली मार दी।

## जमशेदपुर में टांगी से महिला-पुरुष पर हमला, एक की मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आदित्यपुर के आरआईटी के कुलुपटांगा से सटे राधा स्वामी सत्संग गेट के समीप लिव इन रिलेशन में रह रहे महिला पुरुष पर टांगी से हमला किया गया। जिन पर हमला किया गया है, उनके नाम भोला बिरुआ उर्फ रितेश बिरुआ (35) और सीता मार्डी है। दोनों पर हमला करने का आरोप महिला के पति राजेंद्र मार्डी पर लगा है।

राजेंद्र ने दोनों पर हमला तब किया जब वे सो रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही आरआईटी थाना गश्ती दल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने भोला बिरुआ को मृत घोषित कर दिया। वहीं सीता मार्डी की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

**एक साल से लीव इन में थे दोनों :** इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिला- पुरुष रिलेशनशिप में विगत एक वर्षों से रह रहे थे। महिला सीता मार्डी विवाहित है और अपने पति राजेंद्र मार्डी से विगत एक साल से अलग रह रही थी। उसके चार बच्चे हैं। भोला उर्फ रितेश बिरुआ सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। दोनों साथ में ही रहते थे। दोनों का साथ रहना महिला के पति राजेंद्र मार्डी को नागवार गुजर रहा था। जब भी वह इसका विरोध करने आता था तो भोला मारपीट कर उसे भगा देता था। जानकारी के अनुसार बीती रात राजेंद्र ने दोनों का खेल खत्म करने की नीयत से कुलुपटंगा पहुंचकर सोए अवस्था में टांगी से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला प्रेम प्रसंग का है। अपराधी की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।मृतक रितेश के भाई अजीत ने बताया कि महिला के साथ में उसके भाई का प्रेम प्रसंग था। वह अपना घर छोड़कर अपनी प्रेमिका के साथ में रह रहा था। अचानक सूचना मिली कि उस पर जानलेवा हमला हुआ है।

# एमबीए के छात्र को रिकॉर्ड 50.39 लाख का पैकेज मिला, 59प्रतिशत फ्रेशर्स को मिली जॉब

**रांची, एजेंसी।** 16 वर्ष पहले रांची में आईआईएम की शुरुआत हुई थी। इन वर्षों में आईआईएम ने 17वां रैंक हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है, जबकि पिछले साल यहां का रैंक 24वां था। अकादमिक सत्र 2023-2025 में संचालित एमबीए, एमबीए-एचआर और एमबीए-बीए प्रोग्राम के विद्यार्थियों ने समर प्लेसमेंट से लेकर फाइनल प्लेसमेंट में सफलता हासिल की। विद्यार्थियों ने देशी कंपनियों के साथ विदेशी कंपनियों में हाई पैकेज सीटीसी हासिल की है।

बुधवार को आईआईएम कैंपस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में डीन अकादमिक प्रो. तनुश्री दत्ता, कॉर्पोरेट रिलेशन्स के चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा व कॉर्पोरेट रिलेशन्स के पूर्व चेयरपर्सन प्रो. वरुण एलेम्बिलास्सेरी ने आईआईएम रांची के सत्र 2023-25 का फाइनल प्लेसमेंट रिकॉर्ड जारी किया।



इस अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट अभिषेक रॉय व अन्य मौजूद रहे। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 96 कंपनियां ऐसी थी, जिन्होंने तीनों प्रोग्राम के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर दिए। इनमें मल्टी नेशनल कंपनी और देशी कंपनियों का औसत 50-50 फीसदी रहा। कैंपस प्लेसमेंट में शामिल हुए छात्र ने बीते वर्ष की तुलना में देशी कंपनियों में 33प्रतिशत से भी अधिक का वार्षिक पैकेज हासिल किया। 110 नई कंपनियां भी यहां आईं। इस दौरान 89 कंपनियों के नेतृत्वकर्ताओं ने विद्यार्थियों को लीडरशिप टॉक के जरिए प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यार्थियों को 119 कंपनी के वर्चुअल लाइव प्रोजेक्ट्स से जुड़कर सीखने का अवसर भी मिला।

**बैंकिंग, फाइनांस, इंश्योरेंस, फिनटेक कंपनियों ने दिए सर्वाधिक जॉब ऑफर**

कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों को सर्वाधिक जॉब ऑफर बैंकिंग, फाइनांस, इंश्योरेंस व फिनटेक कंपनियों से मिले। इनमें देशी कंपनियों के साथ मल्टी नेशनल कंपनियां भी थी। विद्यार्थियों ने कंसल्टिंग एंड प्रोफेशनल सर्विस सेक्टर, कॉमर्स एंड टेक, एफएमसीजी, आईटी, मैन्यूफैक्चरिंग समेत अन्य में जगह बनाई। प्लेसमेंट ड्राइव में बीते वर्ष से 33.33प्रतिशत अधिक कंपनियां स्ट्रैटजी एंड कंसल्टिंग क्षेत्र से पहुंची। सेल्स एंड मार्केटिंग सेक्टर में विद्यार्थियों को बीते वर्ष की तुलना में 28.6प्रतिशत ज्यादा कंपनियों ने प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) दिया। इन कंपनियों में एमबीए के छात्र बतौर टेक कंसल्टिंग एनालिस्ट, डाटा एंड एआई कंसल्टिंग, फंग्शनल कंसल्टिंग, टेक स्ट्रैटजी व कंसल्टेंट के पद पर चुने गए।

**श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 25प्रतिशत छात्रों को 26.79 लाख का वार्षिक पैकेज मिला**

एमबीए प्रोग्राम से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए 59प्रतिशत फ्रेशर्स यानी पहली बार नौकरी पेशा से जुड़ने वाले छात्र थे, इनमें 31प्रतिशत छात्राएं थीं। एमबीए के छात्रों को 81 कंपनियों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया।

## जमशेदपुर में मवेशी से टकराई बुलेट; युवक की मौत:हेलमेट नहीं पहनने से सिर में लगी गंभीर चोट

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जेम्को चौक के पास बुधवार की रात 10.30 बजे सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार संदीप दास (20) की मौत हो गई। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था। घटना के बाद घायल संदीप को परिवार वाले इलाज के लिए रात 11.15 बजे एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि संदीप की बुलेटसांड से टकरा गई, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं परिजनों का कहना था कि किसीअज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटना हुई है।



**पिता की भी सड़क हादसे में गई है जान :** मिली जानकारी के अनुसार संदीप के पिता अशोक दास की आठ साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक संदीप मनीफीट बीर बिरसागढ़ बस्ती का रहने वाला था। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। वह अपने बड़े भाई चंदन दास को टाटा मोटर्स कंपनी में रात ड्यूटी के लिए छोड़कर बुलेट से वापस घर लौट रहा था।

**निजी कंपनी में ले रहा था ट्रेनिंग :** संदीप आईआईटी करने केबाद कंपनी में ट्रेनिंग कर रहा था। बुधवार को क्लोजर होने की वजह से संदीप ट्रेनिंग में नहीं गया था।इधर, सूचना मिलने पर टेल्को पुलिस पहुंच गई थी। वहीं परिवार के लोग व बस्ती के लोग काफी संख्या में अस्पताल पहुंच गए थे।

### उड़ीसा में हुई सड़क दुर्घटना में गोमिया के युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**नागेश्वर, एजेंसी।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग दक्षिणी पंचायत के न्यू माइनस निवासी राजू मिश्रा के 28 वर्षीय पुत्र कर्ण मिश्रा का उड़ीसा के छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। कर्ण मिश्रा झारसुगुड़ा में जिम चलाते थे। युवक के मौत की खबर से गोमिया में शोक की लहर दौड पड़ी। आज देर शाम मृतक का शव गोमिया पहुंचेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्ण मिश्रा एक दिन पूर्व झारसुगुड़ा गये थे। कल बुधवार की शाम मिश्रा अपनी बाइक से कही जा रहे थे। इसी दौरान सड़क में एक साइकिल सवार वृद्ध को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घायल युवक को अस्पताल के जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में वृद्ध को भी हल्की चोटें आयी है, जिसका स्थानीय अस्पताल में फिलहाल इलाज चल रहा है। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विदेशी बाजारों में पहुंचेगा करंज का बीज, इस अंतरराष्ट्रीय कंपनी के साथ एमओयू पर सहमती

**रांची, एजेंसी।** बड़ी विदेशी कंपनी अब झारखंड से करंज (पोंगामिया) के बीज खरीदेंगे। इसके लिए झारखंड सरकार की संस्था सिदो-कान्हू एग्रीकल्चर एंड फॉरेस्ट प्रोड्यूस को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (सिद्धकोफेड) और अंतरराष्ट्रीय कंपनी टर्विवा के बीच एमओयू होगा। राज्य के किसानों और टर्विवा के बीच सिद्धकोफेड समन्वय का काम करेगी। फेडरेशन ने एमओयू का प्रारूप तैयार किया है, जिस पर फेडरेशन की उपाध्यक्ष सह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सहमति जता दी है। वहीं, विभाग भी एमओयू के प्रारूप पर मंथन कर रहा है।



टर्विवा की टीम ने झारखंड में करंज के बाजार का आकलन आकर चुकी है। टर्विवा कंपनी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में काम करती है। इसके अलावा भारत के पुणे में भी टर्विवा का प्रोसेसिंग प्लांट है। यहां से प्रोसेस कर उत्पाद विदेशों में भेजा जाता है। कंपनी करंज के बीज से सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) बनाती है। इससे खाद्य तेल भी बनाया जाता है। कंपनी इसके लिए दूसरी कंपनियों से समझौता किया है। इसके अनुसार सालाना 5,00,000 किलोलीटर एसएएफ की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जानकारी के अनुसार कंपनी वित्तीय वर्ष 2028 में अपने टोकुयामा कॉम्प्लेक्स में सालाना 2,50,000 किलोलीटर एसएफ उत्पादन करने की योजना बना रही है।

झारखंड में पहले चरण में करीब 1 लाख टन करंज के बीज संग्रहण की योजना है। इसके लिए सिद्धकोफेड ने सभी जिलों में संग्राहकों के साथ बैठक की है। संस्था का मानना है कि जून से इसका संग्रहण कर कंपनी को आपूर्ति हो पायेगा। अभी झारखंड में करंज बीज 45-50 रुपये किलो के आसपास है। अभी इसका संग्रहण कर स्थानीय बाजार में बेचा जाता है।

**कोई व्यवस्थित सिस्टम नहीं है।** सिद्धकोफेड के सचिव राकेश कुमार सिंह बताते हैं कि संस्था का एक प्रयास है। टर्विवा से कई दौर की बात हुई है। इसके बाद एमओयू करने पर सहमति बनी है। झारखंड के वनों में कई तरह के उत्पाद हैं, जिनका बाजार है। इसको व्यवस्थित करने की दिशा में एक प्रयास है।

# हिंदुओं की कुटुंब प्रणाली और जनसंख्या नीति खतरे में

**संजय कुमार, रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने कहा कि भारतवर्ष के हिंदुओं ने साढ़े सात सौ वर्ष तक इस्लामिक शासन और दो सौ वर्षों का ईसाई शासन को झेला, इसके बावजूद अपने अस्तित्व को बचा कर रखने में सफल रहा है। इसका मुख्य कारण कारण विवाह और कुटुम्ब प्रणाली रहा।

परंतु आज के मौजूदा दौर में हिंदुओं के कुटुंब और विवाह प्रणाली में हो रहे परिवर्तन के कारण हमारा अस्तित्व खतरे में है और यह हिंदू समाज के नाश का कारण बन सकता है। इसलिए समय इसे हर हाल में ठीक करना होगा।

दो दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को रांची पहुंचने के बाद वे होटल ग्रीन एकर्स में विहिप से जुड़े अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं को संबंधित कर रहे थे। उन्होंने हटिया में सामाजिक समरसता से जुड़े लोगों और मोरहाबादी में व्यापारियों के साथ भी बैठक की। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए बागड़ा ने हिंदू परिवारों की कुटुंब प्रणाली और जनसंख्या नीति में आए कई बदलाओं पर चिंता जाहिर करते हुए आग्रह किया कि यदि हिंदू परिवारों ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा नहीं दिया और जन्म दर को बढ़ाकर कम से कम तीन बच्चों का नहीं किया गया, तो हम हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।



उन्होंने श्रीराम मंदिर से जुड़े अभियान की सफलता और प्रयाग राज के महाकुंभ में 66 लाख हिंदुओं के भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों से विश्वभर में नई ऊर्जा की जागृति हुई है, परन्तु यह जागृति हमें सिर्फ धार्मिक आयोजनों एवं मंदिरों तक ही सीमित नहीं रखना है।

उन्होंने आगाह किया और कहा कि यदि हम अभी नहीं संभले, तो निकट कुछ वर्षों में हमारी जनसंख्या मुसलमानों से कम हो जाएगी। ऐसी स्थिति में हमारे वोट करने का प्रतिशत घटा, तो हम शासन प्रणाली में अपनी भागीदारी को गवां बैठेंगे और हमपर अत्याचार बढ़ जाएगा।

कार्यक्रम में विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेन्द्र विमल, झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, संयोजक रंगनाथ महतो, संगठन मंत्री देवी सिंह, विधि प्रकोष्ठ प्रांत प्रमुख और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र कृष्णा, सेवानिवृत जज शिवपाल सिंह सहित झारखंड उच्च न्यायालय एवं सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

बिरसानगर हटिया में समरसता संगोष्ठी को संबंधित करते हुए बजरंग बागड़ा ने कहा कि हम सभी हिंदू भारत मां की संताने हैं इस नाते सहोदर हैं। कोई छोटा या बड़ा नहीं है।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जातिगत भावना से ऊपर उठकर हम सभी हिंदू एक हैं। यह भाव अपने अंदर भरते हुए समरसतायुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

## पिंक सिटी बस सेवा पड़ी फीकी, आम बसों में सफर करने को मजबूर महिलायें

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में सरकार ने महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंक सिटी बस की सेवा शुरु की। लेकिन इस सेवा का लाभ शहर की महिलाओं को ठीक से नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार, रांची में केवल 3 पिंक सिटी बस चल रही हैं। जबकि महिलाओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में महिलायें आवागमन के लिए भीड़-भाड़ वाले सामान्य सिटी बसों का उपयोग करने और असुरक्षित यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। कई बार बसों में ज्यादा भीड़ होने पर महिलाओं को खड़े होकर लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। इस दौरान पुरुषों के बीच खड़े होना उनके लिए काफी असहज हो जाता है।

मालूम हो कि रांची शहर में कुल 41 सिटी बसों का परिचालन होता है। इनमें से 3 पिंक सिटी बस है, जो केवल महिलाओं के लिए हैं। ये कचहरी चौक से बिरसा चौक तक चलती हैं। इनमें पहले से ही यात्रियों की भीड़ होती है। ऐसी स्थिति बमुश्किल महिलाओं को जगह मिल पाती है। भीड़ अधिक होने के कारण महिलाओं को न चाहते हुए भी धक्का-मुक्की के बीच खड़े होकर सफर करना होता है। यह स्थिति उनकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी चिंताजनक है।




इस संबंध में बस में सफर करने वाली महिलाओं ने कहा कि मजबूरी में भीड़ वाली आम बसों में चढ़ना पड़ता है। भीड़ होने पर पुरुषों के बीच खड़े होकर सफर करना पड़ता है, जो असहज लगता है। उन्होंने जानकारी दी कि बस स्टैंड पर पिंक बस का कोई निश्चित समय नहीं है। ऐसे में पता भी नहीं चल पाता कि बस आयेगी या नहीं। ऐसे में उन्हें ऑटो या फिर अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है, जो उनकी जेब के लिए अनुकूल नहीं होता।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राशन आपूर्ति एवं राशन वितरण, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति, ई केवाईसी, लैम्प्स पैक्स समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाए तथा खरीदे गए धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए एवं किसानों को ससमय भुगतान सुनिश्चित हो। वैसे लैम्प्स जहां धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया सही से नही हुई है, उन लैम्प केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के राशन कार्डधारियों को किए जा रहे राशन वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी पीडीएस डीलरों को समय पर राशन का उठाव कर ससमय लाभुकों को राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि वह सभी पीडीएस डीलरों का नियमित निरीक्षण करें, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन प्राप्त हो सके।

राशन कार्ड में आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। साथ हीं राशनकार्डधारी लाभुकों का अनिवार्य रूप से ई केवाईसी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओ, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बड़ा तालाब व अम्बेडकर पार्क किये जाएंगे प्रदूषण मुक्त

## जल स्त्रोत होंगे अतिक्रमणमुक्त, ठोस व तरल अपशिष्ट पदार्थ का नहीं होगा प्रवाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार के नेतृत्व में शहरी जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर गठित टास्क फोर्स की बैठक में जल स्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण व प्रदूषणमुक्त करने की कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया गया। जल स्त्रोतों की भूमि व इसके आसपास की सरकारी भूमि पर पाये जाने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जलस्त्रोतों में ठोस व तरल अपशिष्ट पदार्थ के प्रवाह को रोकने को ले ठोस कदम उठाये जाने पर विमर्श किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण व प्रदूषणमुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वन विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र के नदी- तालाब के किनारे खाली भूमि पर पौधरोपण करने की दिशा में वन विभाग से आवश्यक कदम उठाने को ले आश्वस्त किया। बैठक के प्रारंभ में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त सह प्रशासक जावेद हुसैन ने सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने पलामू की लाइफलाइन कोयल नदी के आसपास अतिक्रमण हटाने व प्रदूषण को रोकने के लिए नाले की गंदा पानी गिरने से रोकन की योजना तैयार किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। उन्होंने आगामी 15



दिनों के अंदर झारखंड नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नदी क्षेत्र को चिन्हित क्षेत्रों में बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बड़ा तालाब व अम्बेडकर पार्क को प्रदूषण मुक्त किये जाएंगे। तालाब से जलकुंभी निकलवाकर तालाब को प्रदूषणमुक्त किए जाएंगे। मछली पालन व तालाब की देखभाल के लिए मत्स्य सहयोग समिति को तालाब दिया गया है। कहा कि नावाटोली तालाब क्षेत्र को मत्स्य विक्रेताओं व स्थानीय लोगों से अवैध अतिक्रमणमुक्त कराने की व्यापक कार्य योजना तैयार किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों के लिए वेंडर मार्केट निर्माण की दिशा में कार्य चल रहा है। इसके बाद मत्स्य विक्रेताओं व स्थानीय लोगों से तालाब क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा।

गुरियाही तालाब, समदा आहर, झरना तालाब पूरी तरह से वर्षा जल पर निर्भर है। तालाब का सौंदर्यीकरण व गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसमें जल प्रवेश की व्यवस्था बनाए जाने के साथ-साथ तालाब को प्रदूषण मुक्त किया जायेगा।

बैठक में विश्रामपुर, हुसैनाबाद, छतरपुर नगर परिषद व नगर पंचायत के शहरी क्षेत्रों के जलस्त्रोतों को भी सौंदर्यीकरण, गहरीकरण व प्रदूषणमुक्त किये जाने को लेकर आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। जलस्त्रोतों का अतिक्रमणमुक्त कराए जाने से संबंधी रिपोर्ट संबंधित पदाधिकारियों को सौंपने का निर्देश दिया गया। साथ ही अतिक्रमण मुक्त कराये गये क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन कर घेराव व चारदीवारी निर्माण कराने का निर्देश दिया ताकि दोबारा इस क्षेत्र पर अतिक्रमण होने पर आसानी से इसे चिन्हित किया जा सके। बैठक में सदर, छतरपुर, हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चैनपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज के अंचल अधिकारी, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 25 लाभुकों का अनुमोदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य समुदायों के अनुशंसा प्राप्त 125 पात्र लाभुकों का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि इन सभी लाभुकों को टीबी, कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु सरकार की ओर से 25 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता राशि लाभुकों को स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक बोझ से राहत दिलाने तथा समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को राहत पहुँचाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से प्राप्त हो सकेगी।बैठक में खूँटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पंड्या मुण्डा, खूँटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, तोरपा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक प्रतिनिधि राहुल कुमार केसरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (आईटीडीए), जिला कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 87 शस्त्र अनुज्ञप्तियाँ तत्काल प्रभाव से प्रतिसंहृत

खूंटी। जिला शस्त्र शाखा, खूंटी द्वारा जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 के तहत कुल 87 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिसंहृत किया गया है। यह कार्रवाई जिला के सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से प्राप्त संयुक्त सत्यापन एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

## बदमाशों ने शिक्षक को मारी गोली

**पूर्णिया।** बेखौफ बदमाशों ने सरकारी स्कूल के शिक्षक को गोली मार दी। शिक्षक को दो गोली लगी है। घटना की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायल शिक्षक को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसएच में भर्ती कराया है। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है।

घटना जानकीनगर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे-107 के पास नारायण विद्यालय चैनपुरा के पास हुई है। जहां बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने शिक्षक के साथ लूटपाट और उसे अगवा करने की कोशिश में थे। इसमें असफल होने पर ताबड़तोड़ तीन राउंड गोली चलाई। इनमें से दो गोली शिक्षक के कमर के निचले हिस्से में जा फंसी। जख्मी शिक्षक की पहचान अररिया के भरगामा थाना क्षेत्र के टपरा टोली निवासी मो बासिल के पुत्र मो जुवैद आलम के रूप में हुई है। जो पूर्णिया के जानकीनगर के चांदपुर भंगहा स्थित मध्य विद्यालय चैनपुरा में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं। घटना की जानकारी देते हुए जख्मी शिक्षक मो जुवैद आलम ने बताया कि वे रोजाना की तरह अररिया के टपरा टोली स्थित घर से बाइक लेकर पूर्णिया के जानकीनगर के चांदपुर भंगहा स्थित मध्य विद्यालय चैनपुरा जा रहे थे।

# सब्जी खरीदने निकले कनीय अभियंता हुए गायब

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

## अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पथ निर्माण विभाग नवादा के कनीय अभियंता निर्मल कुमार बीते बुधवार की शाम से गायब हैं। इस संबंध में कनीय अभियंता की पत्नी पूनम कुमारी ने नगर थाना में आवेदन देकर उन्हें सकुशल खोजने की गुहार लगाई है।

कनीय अभियंता के भाई और उनके सहयोगी सहित उन लोगों ने शहर के आसपास इलाकों में काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं अता-पता नहीं चला।

कनीय अभियंता के नहीं मिलने पर नगर थाना में पत्नी पूनम कुमारी द्वारा आवेदन दिया गया, जिसमें कहा गया है कि उनके पति निर्मल कुमार पथ निर्माण विभाग नवादा में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

वह बीते बुधवार की शाम करीब छह बजे घर से बाहर सब्जी लेने और घूमने निकले थे, जो कि देर तक वापस घर नहीं लौटे। कनीय अभियंता निर्मल कुमार अपनी पत्नी पूनम कुमारी के साथ नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया यमुना पथ वधोधर कोठी मालिक संजय कुमार के मकान में फ्लैट लेकर रहते हैं।

निर्मल पटना जिला के पंडारक गांव के स्थाई निवासी हैं। बताया जा रहा है कि दो माह पहले ही नवादा स्थानांतरण होकर आए थे। इससे पहले बेगूसराय में कार्यरत थे।



पत्नी पूनम कुमारी ने आवेदन में यह भी लिखा कि उनके पति की तबीयत खराब रहती है। मानसिक परेशानी की दवा भी चल रही है, पर फिलहाल ठीक रह रहे थे, लेकिन अचानक पता नहीं कहां चले गए हैं।

आवेदन के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच-पड़ताल करना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार द्वारा एसआई हिमांशु कुमार के साथ पुलिस बल के साथ तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई में जुट गई।

जिसके बाद पुलिस ने जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से शहर के कोने-कोने की छानबीन की।

पुलिस ने बताया कि खोजबीन के दौरान कनीय अभियंता निर्मल कुमार भगत सिंह चौक समीप लगे सीसीटीवी फुटेज में हाफ पैंट एवं गंजी पहने हुए नजर आ रहे हैं।

# अब झारखंड में लॉटरी से होगा शराब दुकानों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद ने नई उत्पाद नीति-2025 को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। इसमें 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिपरिषद के स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने दी।

नई उत्पाद नीति की जानकारी देने के लिए मनोज कुमार भी उपस्थित थे। मंत्रिपरिषद ने 70 साल से अधिक आयु के लोगों के लिए आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की भी स्वीकृति दी।

इसके तहत तीन लाख 84 हजार 518 नए परिवारों को पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष के स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जाएगा। एनसीसी कैडेटों के लिए मिलने वाले दैनिक भोजन भत्ते को 150 रुपए से बढ़ाकर 220 रुपए किया गया है।

राज्य मंत्रिपरिषद के निर्णय की जानकारी देते हुए उत्पाद

## एक व्यक्ति पूरे राज्य में मात्र 36 दुकानें ही ले सकेंगे

आयुक्त मनोज कुमार ने कहा कि राज्य में शराब बिक्री करने वाली 1453 दुकानों को निजी लोगों को दिया जाएगा। नई उत्पाद नीति के तहत राज्य में थोक शराब बिक्री का अधिकार झारखंड स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड के पास ही होगा, लेकिन रिटेल में बिक्री के लिए प्राइवेट लोगों को मौका मिलेगा।

नई उत्पाद नीति में दुकानों का आवंटन लाटरी से होगा। लेकिन एक व्यक्ति पूरे राज्य में अधिकतम 36 दुकानें ही ले पाएगा। एक व्यक्ति को जिले में अधिकतम चार समूह मिल सकते हैं और वह चार से अधिक जिलों में दुकान नहीं ले सकता। उत्पाद आयुक्त ने कहा कि जुलाई से पहले निजी क्षेत्र में दुकानों को देने का काम पूरा कर लिए जाने की संभावना है।

# पनशाला खोलना संस्कृति व संस्कारों से बच्चों को जोड़ने का प्रयास : अरुणा शंकर





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान आवासीय विद्यालय में पनशाला का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे, विद्यालय के निदेशक सतीश कुमार अग्रवाल, विद्यालय के अभिभावक, बच्चों व विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। पनशाला उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने राहगिरों को गमछा देकर व पानी के साथ अल्पाहार खिलाकर स्वागत किया।

मौके पर मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने कहा कि पनशाला केवल भावना नहीं, यह भारत की आत्मा है। यह पहल नई पीढ़ी को उनकी संस्कृति, मूल्यों व संस्कारों से जोड़ने का प्रयास है। जब तक शिक्षा के साथ संस्कार नहीं होंगे तब तक राष्ट्र निर्माण अधूरा रहेगा। शिक्षा प्रणाली में नैतिकता व भारतीय दृष्टिकोण की अत्यधिक आवश्यकता है। पनशाला भारतीय शिक्षा व्यवस्था का मूल आधार रही है। यह पहल हमें हमारी संस्कृति व मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाती है। बच्चों को अगर ज्ञान के साथ संस्कार मिले, तो उनका विकास संपूर्ण होगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि आज के युग में जहां तकनीक तेजी से बढ़ रही है वहीं संस्कृति व संस्कारों को बचाए रखने का कार्य पनशाला जैसे प्रयास ही कर सकते हैं। वे शांतिकूलम विद्यालय परिवार के निदेशक सतीश अग्रवाल को महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई देते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज के युग में जब शिक्षा केवल अंक व प्रमाणपत्रों तक सीमित हो गई है, तब पनशाला जैसी पहल हमें शिक्षा के असली उद्देश्य की याद दिलाती है।

विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल ने कहा कि शांतिकुलम परिवार का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि जीवन मूल्यों की शिक्षा देना भी है। पनशाला विद्यार्थियों को भारतीय गौरवशाली परंपरा से जोड़कर उन्हें आत्मविश्वासी व सशक्त बनाएगी। मौके पर विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व मिट्टी का बना हुआ वाटर बोतल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एसोसिएशन के सदस्य मंजर हुसैन, आशुतोष सिंह, अमित कुमार, रमाशंकर उपाध्याय, रमाकांत मेहता विद्यालय परिवार के इरम अलमास, अदनान अहमद, वीरेंद्र कुमार, प्रीति दुबे, अनु कुमारी, प्रीति सिंह, अमन सिंह, नमिता कुमारी, फिरदोस शम्मा, डॉली परवीन, आशीष पाण्डेय, विकाश कुमार, प्रीति कुमारी, अंजलि कुमारी, जाग्रति कुमारी, रतिस चौबे, अमन रजा, समीर रजा, परवेज आलम, प्रियांशु पाण्डेय, मोहित पाण्डेय व वीरेंद्र दुबे मौजूद थे।

## चार गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पांकी थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी व दुष्कर्म के प्रयास करने के आरोप में पांकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज के मार्गदर्शन व पांकी अंचल की पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर आरोपियों को पकड़ा गया। इस मामले में पीड़िता की मौसी ने लिखित आवेदन के माध्यम से चार युवकों को आरोपी बनाई थी। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप 24 घंटे के भीतर चारों नामजद अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान सभी अभियुक्तों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।गिरफ्तार अभियुक्तों में सतियाड़ी चौक हरना के मो रमजान अंसारी का 24 वर्षीय पुत्र दाऊद इब्राहिम उर्फ दाउद अंसारी, हरना के मो इस्लाम अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मो आसिफ सदाब उर्फ लडन, हरना के जहीर मियां का 26 वर्षीय पुत्र आरिफ अंसारी व पुरानी पांकी निवासी तस्लीम अंसारी का 27 वर्षीय पुत्र नेजाम अंसारी के नाम शामिल है।

# प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति लाभान्वित किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गए।

समिति को जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि कुल 5081 विद्यार्थियों के आवेदन ई-कल्याण पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापित किए गए हैं। इन आवेदनों को संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भौतिक सत्यापन उपरांत अनुमोदित किया गया है।

जिसके पश्चात समिति द्वारा सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि शीघ्र ही उनके बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाने की अनुशंसा की गई। इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

बैठक में खूँटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पंड्या मुण्डा, खूँटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राहुल कुमार केसरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक , जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी पर प्राथमिकियां दर्ज

**दरभंगा।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बगैर अनुमति मोगलपुरा स्थित आंबेडकर कल्याण छात्रावास में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम को लेकर लहेरियासराय थाने में दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दोनों प्राथमिकी में 20 नामजद एवं 80 से 100 अज्ञात को आरोपित किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-17 से 22-25-26 (खुली), दिनांक 14.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ-एसी-टी-17-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन बीआरआर, एसटीएन, एमएमयू, केएमएमई आदि के पीएफ में पाइपलाइन और सहायक कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,14,93,214.04, **बयाना राशि :** रु. 4,57,500/- **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ-एसी-टी-18-25-26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए मथुरापुर/राजग्राम/पाकुड़/हरिणसिंग क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 56171.30 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 8,39,66,544.38, **बयाना राशि :** रु. 5,69,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 10 माह। **क्रम सं. 3, केस सं. ओ-एसी-टी-19-25-26, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के क्षेत्राधिकार में ठेकेदार के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए 15.800 टीएकएम सीटीआर(पी) एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 4,64,61,051.51, **बयाना राशि :** रु. 3,82,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 4, केस सं. ओ-एसी-टी-20-25-26, कार्य का नाम:** देवघर स्टेशन में क्विक वाटरिंग सिस्टम की स्थापना के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,60,86,038.63, **बयाना राशि :** रु. 2,80,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 5, केस सं. ओ-एसी-टी-21-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल के तहत महिला आधिकारियों के लिए रेस्ट रूम के प्रावधान हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 41,95,395.36, **बयाना राशि :** रु. 83,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 6, केस सं. ओ-एसी-टी-22-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन आसनसोल में सुपरवाइजर के रेस्ट रूम की उन्नति के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 19,02,063.84, **बयाना राशि :** रु. 38,000/- **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-46/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# समर कैम्प 19 मई से



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में 19 में से समर कैंप लगाया जाएगा। साथ ही 30 मई को समाप्त होगा। इसमें बच्चों को एक से बढ़कर फन से रुबरु कराया जाएगा। उक्त बातें लिलिपुटी स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने कही। वे गुरुवार को स्कूल परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लगातार पिछले 16 वर्षों से लिलिपुट स्कूल में समर कैम्प लगाया जा रहा है। कैम्प में 2.5 वर्ष से ऊपर के बच्चे भाग ले सकते हैं। इन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। प्राचार्या रेणु गोयल ने कहा कि बड़े शहरों की तरह अपने शहर के बच्चे भी इस भीषण गर्मी में भी आंनद ले सकेंगे।

कैम्प में कुछ सीखने के साथ -साथ बच्चे मस्ती करने आते हैं। इसका भरपूर ध्यान रखा जाएगा। इस वर्ष भी बहुत सारी एक्टिविटीज रखी गई हैं। इसमें डांस, स्केटिंग, फन गेम्स, वाटर फन, आर्ट एंड क्राफ्ट, मॉकटेलस, प्रैंक, रैंप वॉक, डंडा चलाना, पार्टी, फिल्म, गेम्स कार्निवल, मैकेनिकल वर्क, प्लम्बर वर्क, क्विज प्रतियोगिता आदि शामिल है। कैम्प का मुख्य आकर्षण ट्रेजर हंट होगा। कैम्प में महिलाओं के लिए अलग से डांस सिखाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया कैम्प में बच्चों को लाने व ले जाने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। समर कैम्प का रजिस्ट्रेशन 15 मई से शुरू है। प्रेस वार्ता में रेणु गोयल के साथ मन्नत सिंह बग्गा, फलक आफरीन, अश्विनी कुमार व लक्ष्मी कुमारी मौजूद थे।

## राटन पंचायत की बेटियों ने किया कमाल

# बिहार पुलिस प्रतियोगिता परीक्षा में मारी बाजी

## नागेश्वर महतो ने समारोह में किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार पुलिस प्रतियोगिता परीक्षा में बखरी प्रखंड के राटन पंचायत के पांच बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। इनमें पंचायत की रुचि कुमारी, रजनी कुमारी, प्रज्ञा भारती, अंजली कुमारी, मुकेश कुमार शामिल हैं। इन बच्चों की सफलता पर गांव के नागेश्वर महतो कीर्तन विद्यालय पर एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, पंकज पासवान, सरोजिनी भारती, नागेश्वर महतो, महेंद्र साह, पप्पू पोद्दार, भावेश पासवान, लालू महतो, साहब पासवान, विजेंद्र पासवान, अवधी यादव, आदि ने इन बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने सिपाही के 21 हजार 391 पदों के लिए हुई परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। चयनित अभ्यर्थियों में 19 हजार 958 का चयन बिहार पुलिस और एक हजार 433 अभ्यर्थियों का चयन बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के लिए किया गया है। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मार ली। लड़कों को पीछे छोड़ दिया। 52 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल कर ली तो 48 प्रतिशत में लड़कों को जगह मिली।

चयनित अभ्यर्थियों में पुरुष की तुलना में महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है। 10 हजार 179 पुरुष की तुलना में 11 हजार 174 महिला अभ्यर्थी चयनित हुई हैं। वहीं, आठ मंगलामुखी (थर्ड जेंडर) अभ्यर्थी सफल हुई हैं।

केंद्रीय चयन पर्षद के अध्यक्ष ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि नए बहाल 21 हजार 391 सिपाहियों को एक से 30 जून तक आवंटित जिलों व संवर्ग में योगदान देना होगा। योगदान के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपने साथ लाना होगा।

## महिलाओं को मिलेगी सिलाई मशीन

**खूँटी।** आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनजातीय क्षेत्रीय योजना अंतर्गत स्वीकृत सिलाई मशीन वितरण योजना के तहत जेएसएलपीएस द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह के अधीन अनु की महिला लाभुकों की प्रस्तावित सूची का अनुमोदन करना था।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/पार्किंग/25-2** **दिनांक:** 13.05.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी का प्रकार:** पार्किंग। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन-पीएआरके-130525, **स्टेशनों/स्थानों के नाम:** 1) जसीडीह रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाज़ा और आरएएमपी के बीच चिह्नित द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया के पास **टू व्हीलर्स** के लिए पार्किंग, 2) जसीडीह रेलवे स्टेशन पर आरएएमपी के अंतर्गत द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में **टू व्हीलर्स (स्टाफ पार्किंग)** के लिए पार्किंग, 3) 03 वर्ष की अवधि के लिए मानकर रेलवे स्टेशन पर एलसी गेट नं. 92 के पास ऊत्तरी भाग में **टू व्हीलर्स** के लिए पार्किंग, 4) 03 वर्ष की अवधि के लिए सिउड़ी रेलवे स्टेशन पर **टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स** एवं **फोर व्हीलर्स** मिक्स्ड पार्किंग के लिए पार्किंग लॉट। **ई-नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 28.05.2025, 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-45/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राहुल गांधी ने पटना में 400 लोगों के साथ देखी फिल्म 'फुले'

## कांग्रेसियों ने किया हंगामा, कहा पास के बावजूद थियेटर में जाने से रोका गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पटना के सिटी सेंटर स्थित आईनॉक्स थियेटर में करीब 400 लोगों के साथ चर्चित फिल्म 'फुले' देखी। राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने वालों में विभिन्न संगठनों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल थे। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को थियेटर के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने के लिए थियेटर के बाहर हंगामा किया।

राहुल गांधी गुरुवार को दरभंगा में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर दो बजे पटना पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे बुद्धमार्ग स्थित सिटी सेंटर मॉल पहुंचे, जहां सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने फुले सिनेमा देखा। यह फिल्म समाज सुधारक ज्योतिबा फुले पर बनाई गई है। राहुल गांधी एक ओर जहां सिनेमा देख रहे थे तो दूसरी ओर इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने थियेटर के बाहर जमकर हंगामा किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पास होने के बावजूद राहुल गांधी के साथ थियेटर में जाने नहीं दिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस और सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। आईनॉक्स में 2.20 से 5.20 बजे तक के शो के लिए 400 टिकट बुक किए गए थे। वहीं, फिल्म के लिए स्पेशल पास बांटे गए थे। कहा जा रहा है कि पास में राहुल गांधी की फोटो लगी थी। उस फोटो के जरिये उन्हें 'सामाजिक न्याय का नायक' बताया गया। इसके साथ ही उसमें बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का फोटो भी लगाया गया। कहा जा रहा है कि, कुछ ही नामचीन नेताओं को राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने की अनुमति मिली थी। उनके अलावा बिहार के कई जिलों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी फिल्म देखा।

प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि उनके पास राहुल गांधी के साथ फिल्म देखने का पास था। बावजूद इसके प्रशासन ने सिर्फ राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों को जाने दिया। शेष लोगों को पास होने के बाद भी मॉल के बाहर रोक दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इसके पहले भी कई बार भाजपा की ओर से पूरे हॉल को बुक कराकर फ़िल्में देखी गई। तब भाजपा को ऐसा करने से नहीं रोका गया, लेकिन अब कंग्रेस और राहुल से डर चुकी नीतीश सरकार हमें रोक रही है। उल्लेखनीय है कि कंग्रेस की ओर से पूरे बिहार में ''शिक्षा न्याय संवाद'' का आयोजन किया गया है। बिहार के 60 अलग-अलग स्थानों पर हो रहे इस आयोजन को कंग्रेस ने 'गूंजेगी बदलाव की बुलंद आवाज' बताकर अपने कई राष्ट्रीय नेताओं को बिहार में उतरा है। इसमें खुद राहुल गांधी दरभंगा और पटना में दौरा किया। इससे पहले राहुल गांधी ने दरभंगा में कहा कि हमारी तीन मांग है- जातिगत जनगणना करवाई जाए, प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में आरक्षण हो और एससी-एसटी सब-प्लान लागू किया जाए। दरभंगा में प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने के बाद भी सभा करने पर राहुल ने कहा कि जैसे ये हमें यहां आने से नहीं रोक पाए, वैसे ही आगे भी नहीं रोक पाएंगे। जब तक ये प्राइवेट संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं करेंगे, तब तक हम आगे बढ़ते जाएंगे, लड़ते जाएंगे।

## प्रशासन की अनुमति के बिना राहुल पहुंचे अंबेडकर छात्रावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा/पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को बिहार आए। वह पहले दरभंगा पहुंचे। दरभंगा पहुंचने के बाद राहुल गांधी अपने काफिले के साथ अम्बेडकर छात्रावास की ओर निकले, लेकिन प्रशासन ने उन्हें खानकाह चौक के पास रोक दिया। एयरपोर्ट पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने राहुल गांधी को बताया था कि अंबेडकर छात्रावास के आसपास धारा 163 लागू है। ऐसे में वहां 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम नहीं हो सकता है। इसके बाद भी राहुल गांधी पैदल ही छात्रावास पहुंचे और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के बावजूद छात्रों को संबोधित किया। राहुल छात्रों से संवाद तो नहीं कर सके, लेकिन मंच से ही छात्रों को कुछ देर संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन के लोग और एनडीए की सरकार मुझे यहां नहीं आने देना चाहती थी। लेकिन, जब तक मेरे पास आप लोगों का साथ है, मुझे कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। नरेंद्र मोदी ने डरकर जातीय जनगणना कराने का फैसला किया है। राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग अभी भी आरक्षण की पचास प्रतिशत की सीमा को तोड़ने की हमारी मांग को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। निजी संस्थाओं में आरक्षण की मांग इन लोगों को स्वीकार नहीं है। हम चाहते हैं कि निजी संस्थाओं में भी ओबीसी, दलित और आदिवासियों को आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि हमने संसद में मांग रखी कि पीएम संविधान को माथे से लगाएं। उसके बाद उन्होंने यह काम किया, लेकिन ये लोग लोकतंत्र के खिलाफ हैं। राहुल गांधी ने कहा की केंद्र में अडानी-अंबानी की सरकार है। यह आपकी सरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के इशारे पर प्रशासन यहां आने से मुझे रोक रही थी, लेकिन रोक नहीं पाई, क्योंकि आप लोगों की ताकत हमारे साथ हैं। जब तक आपकी ताकत हमारे साथ है, कोई शक्ति रोक नहीं सकती है। दुनिया की कोई शक्ति उसको रोक नहीं सकती है। करीब पांच मिनट के अपने संबोधन में राहुल गांधी का मुख्य फोकस आरक्षण ही रहा। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे पता है कि इस छात्रावास में दलित छात्रों के साथ कैसा सलूक होता है, जैसे ही बिहार में हमारी सरकार बनेगी सब कुछ ठीक कर देंगे। दलित छात्रों के साथ कोई गलत नहीं कर पाएगा। उन्होंने भाषण के अंत में अंबेडकर की तस्वीर दिखाई। इस दौरान वो एक-दो युवाओं से बातचीत करते दिखे। आंबेडकर छात्रावास के पास पहले ही छात्र और कई कंग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। अपने सक्षिप्त संबोधन के बाद राहुल गांधी वहां से पटना के लिए रवाना हो गए।इससे पूर्व राहुल गांधी दरभंगा एयरपोर्ट से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. नागेंद्र झा स्टेडियम पहुंचे। वहां से वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल आंबेडकर छात्रावास की ओर रवाना हुए, पर खानकाह चौक पर प्रशासन ने उनके काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ पैदल ही अम्बेडकर छात्रावास की ओर रवाना हो गए। राहुल गांधी ने रास्ते से एक्स पर वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश जी किस बात से डर रहे हैं? क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं? उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के दरभंगा दौरे को लेकर बुधवार से ही आयोजकों और प्रशासन के बीच तनाव देखा जा रहा था।

## सुप्रीम कोर्ट से पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को लगा बड़ा झटका

### कोर्ट ने उनकी उम्र कैद की सजा को रखा बरकरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे राजद के पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।

कोर्ट ने मुन्ना शुक्ला की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सजा को लेकर दायर पुनर्विचार याचिका को खारिज भी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि साल 1998 में हुए बृज बिहारी हत्याकांड में आरोपी मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी की उम्रकैद की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने साल 2024 में बरकरार रखा था। इसके बाद उम्रकैद की सजा पर फिर से विचार करने की याचिका के साथ इन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन कोर्ट ने याचिका पर फिर से विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 6 मई को सुनवाई फैसले में कहा था कि पुनर्विचार का कोई केस नहीं बनता।

बता दें कि साल 1998 में बिहार के दिग्गज नेता बृजबिहारी प्रसाद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय वह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसी के साथ वो इंजीनियरिंग एडमिशन घोटाले में आरोपी थे और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद ही उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें पटना स्थित आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। उसके बाद अस्पताल में ही टहलने के दौरान उन पर हमला हो गया था और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के बाद इस मामले में बिहार के बाहुबली सूरजभान सिंह और मुन्ना शुक्ला समेत 8 आरोपियों को साल 2009 में निचली अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिर साल 2014 में पटना हाईकोर्ट ने सभी को बरी करने का बड़ा फैसला सुनाया था। इसके बाद बृज बिहार प्रसाद की पत्नी रमा देवी और केंद्रीय सीबीआई ने आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाए जाने के बाद सबूत इकट्ठे किए थे। इसके बाद आरोपियों को बरी करने के सुप्रीम कोर्ट के 2014 के आदेश को चुनौती दी गई थी। 4 अक्टूबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने इस हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा था। इसी को लेकर अब पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। हालांकि इस हत्या मामले में सूरजभान सिंह और राजन तिवारी सहित अन्य को अदालत ने बरी कर दिया था।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने ट्रैफिक थाना में लगाया वाटर कूलर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने गुरुवार को रामाशीष चौक स्थित ट्रैफिक थाना में जरूरतमंदों के लिए वाटर कूलर लगाया। साथ ही क्लब द्वारा रोटरी व्हील का भी शुभारंभ किया गया। इस रोटरी व्हील एवं वाटर कूलर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी वैशाली ओम प्रकाश सिंह, विशिष्ट अतिथि डीटीओ वैशाली धीरेन्द्र कुमार कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद हाजीपुर सुशील कुमार, एसएचओ ट्रैफिक थाना हाजीपुर अजय कुमार मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक निहित डालमिया एवं क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी वैशाली ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इस वाटर कूलर के लगने से थाना में आने-जाने वाले लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सकेगा। इस प्रचंड गर्मी के मौसम में निःशुल्क शीतल जल के लिए लोगों को यहाँ-वहाँ नहीं भटकना पड़ेगा। वहीं अन्य अतिथियों ने भी रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के इस पहल की सराहना की। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि रोटरी क्लब जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आम जनता को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन निहित डालमिया ने कहा कि यह कदम समाज के प्रति क्लब कि सेवा भावना का एक हिस्सा है और भविष्य में ऐसे और प्रकल्पों को शुरू करने की योजना है। थाना के कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस सुविधा का स्वागत करते हुए रोटरी पटना मिलेनियम का आभार व्यक्त किया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के सचिव डॉ. अमिताभ बंका, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक लोहिया, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन, आरसीसी प्रतिनिधि निशांत गांधी सहित क्लब से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में टेराकोटा कला कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेराकोटा कला कार्यशाला का आज भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 15, 16 और 17 मई 2025 को बोर्ड कार्यालय के बापू कक्ष में प्रत्येक दिन अपराह्न 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में प्रशिक्षण राज्य पुरस्कार प्राप्त, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित टेराकोटा कलाकार श्री भोला पंडित एवं उनके साथियों द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर बोर्ड द्वारा उनका गरिमामय स्वागत किया गया और टेराकोटा कला के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य पारंपरिक मिट्टी शिल्प के प्रति युवाओं और आमजन में रुचि जगाना तथा उन्हें स्वरोजगार के नवीन अवसरों से जोड़ना है। इसमें 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं, जिन्हें श्री पंडित जैसे दक्ष शिल्पियों से प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर भोला पंडित ने कहा, बोर्ड द्वारा ऐसे आयोजनों से बच्चों और आमजनों में पारंपरिक कलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इन्हें उद्योग में परिवर्तित करने की दिशा में प्रेरित होंगे। टेराकोटा एक प्राचीन और बहुपयोगी कला है, जिससे सुराही, मटका, कुल्हड़, सजावटी वस्तुएँ, तथा अन्य उपयोगी उत्पाद बनाए जाते हैं, जिनकी मांग आज भी बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार की ग्रामोद्योग योजना और पीएम विश्वकर्मा योजनाओं के माध्यम से इस कला से जुड़े कारीगरों को वर्किंग कैपिटल, टूल-किट, प्रशिक्षण सहायता जैसी सुविधाएँ मिलती हैं। विश्वकर्मा योजना के तहत 5% की रियायती ब्याज पर 3 लाख तक का ऋण दो किस्तों में एवं 15,000 मूल्य की टूल-किट निःशुल्क प्रदान की जाती है। टेराकोटा उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, जो अत्यंत कम बिजली और पानी की खपत में तैयार किए जा सकते हैं। यही कारण है कि देश-विदेश में इनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बोर्ड का यह प्रयास न केवल पारंपरिक हस्तकलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने का प्रेरक माध्यम भी है। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह कला प्रेमियों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभाग के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### मुख्य विशेषताएं

- राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों द्वारा प्रशिक्षण
- पारंपरिक टेराकोटा तकनीकों की जानकारी
- मिट्टी से सुंदर कलाकृतियाँ बनाने का अभ्यास
- स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहन
- योजनाओं के लाभों की जानकारी

## मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 की विजेताओं को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** न्यू बूगी वूगी अकेडमी द्वारा आयोजित मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 की विजेताओं को पटना में सम्मानित किया गया। शो की तीनों विजेताओं को बुके और सर्टिफिकेट देकर शो के आयोजक अनिल राज ने सम्मानित किया। शो की विजेता प्रियंका सोनी, फर्स्ट रनर अप स्मिता कृष्णा और सेकंड रनर अप दुर्गा सिंह ने सम्मानित होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए शो के आयोजक और बिहारवासियों को धन्यवाद दिया। शो के आयोजक और न्यू बूगी वूगी अकेडमी के निदेशक अनिल राज ने बताया कि हमारा उद्देश्य महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए महिलाओं को उनके मुकाम तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि हम खासकर ऐसी महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं जो घर के कामकाज में उलझी हुई हैं और अपने सपने को पूरा नहीं कर पा रही हैं। वैसी महिलाओं के लिए हमने मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार शो का निर्माण किया है ताकि इसके माध्यम से वो अपने अधूरे सपने को पूरा कर सकें। अनिल राज ने कहा कि शो की विजेताओं को हम जल्द ही कई प्रोजेक्ट्स देने जा रहे हैं। अनिल राज ने मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार को इतना प्यार देकर सफल बनाने के लिए बिहारवासियों का आभार व्यक्त किया।

## कांग्रेस ने की राहुल गांधी को रोकने के प्रयास की कड़ी निंदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली/पटना।** कांग्रेस ने बिहार के दरभंगा में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को दलित, वंचित और पिछड़े वर्ग के छात्रों से मिलने से रोकने के प्रयासों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की पूरी तरह से अवमानना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है। जेडीयू -भाजपा सरकार द्वारा 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार इस अन्याय को याद रखेगी और समय आने पर जदयू-भाजपा को इसका उचित जवाब भी देगी। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद और बिहार के लिए एआईसीसी की संचार समन्वयक रितु चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्र की मोदी सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि वे राहुल गांधी को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से मिलने से रोकना चाहते हैं। एआईसीसी ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. जयहिंद ने कहा कि एनडीए सरकार दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और आदिवासियों की शिक्षा में लगातार बाधा डालने का प्रयास कर रही है। उनके वजीफ़े बंद किए जा रहे हैं, सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत बिगाड़ी जा रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस के ओबीसी विभाग के चेयरमैन डॉ. जयहिंद ने राहुल गांधी को सामाजिक न्याय आंदोलन का योद्धा बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर केंद्र की मोदी या बिहार की नीतीश सरकार सोचती है कि वे राहुल गांधी जी को रोक लेंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है। मनुवादी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगी।

## राजद ने एनडीए में भगदड़ मचने का किया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी गहमागहमी बढ़ती जा रही है। इस बीच राजद ने दावा किया है कि बिहार एनडीए में चुनाव के पहले भगदड़ होने वाली है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने गुरुवार को कहा कि सामाजिक न्याय परिचर्चा का सकारात्मक प्रभाव बिहारवासियों पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इसका असर एनडीए में भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए में अब जल्द ही भगदड़ मचने वाली है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि सामाजिक न्याय परिचर्चा से न केवल आम लोग प्रभावित हुए हैं, बल्कि एनडीए के सहयोगियों पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। एनडीए के कई महत्वपूर्ण साथी हमारे नेता के संपर्क में आ चुके हैं। जल्द ही एनडीए में अस्थिरता का माहौल बनेगा। एनडीए छोड़कर आने वाले लोग तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। हमारी पार्टी सभी का स्वागत करेगी। वहीं राजद प्रवक्ता के इस बयान और सामाजिक न्याय के दावे पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जिसने हमेशा जनता के साथ अन्याय किया वो लोग सामाजिक न्याय की क्या बात करेंगे? तेजस्वी यादव की पार्टी जिस भगदड़ की बात कह रही है वह तो राजद में मचने वाली है। बस चुनाव का इंतजार कीजिए और फिर देखिये उनकी पार्टी में कितने लोग बचते हैं वहीं, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि राजद के लोगों को कोई हक नहीं है कि ये लोग सामाजिक न्याय की चर्चा करें। इन लोगों ने पिछड़े समाज का सबसे अधिक दमन किया। अब तो महागठबंधन के विधायक हमलोगों की तरफ आ रहे हैं। जबकि कांग्रेस प्रवक्ता शिशिर कौण्डिल्य ने कहा कि बिहार में अगर सामाजिक न्याय की बात करें तो दो नेताओं का नाम सबसे आगे है। पहला डॉ श्री कृष्ण सिंह जी, जो बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री थे और दूसरे लालू प्रसाद यादव जी। ऐसे में जो भी सामाजिक न्याय की बात करेगा वह एनडीए में नहीं रहेगा। ऐसे में एनडीए में भगदड़ मचना तय है।

## रेलवे सुरक्षा बल के बीच बोलेरो, कैमरा एवं फोन का किया गया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को बेहतर प्रदर्शन हेतु 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाइल फोन प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार तथा मुख्य सुरक्षा आयुक्त के उपस्थिति में मंडलो को वितरित किया गया। विदित हो कि मानव तस्करी के विरुद्ध किये गए कार्यो को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की गठित मानव तस्करी के विरुद्ध इकाई (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के बेहतर प्रदर्शन के लिए फंड प्रदान किया गया था । इस फंड का उपयोग करते हुए 08 बोलेरो गाड़ी, 22 कैमरा एवं 44 मोबाईल फ़ोन का क्रय किया गया था। इन 08 बोलेरो में से दानापुर, धनबाद, सोनपुर तथा डीडीयू को 01-01 तथा समस्तीपुर एवं मुख्यालय को 02-02 गाड़ी तथा 22 कैमरों में से दानापुर को 02, धनबाद को 06, सोनपुर को 04, डीडीयू को 04 एवं समस्तीपुर को 06 कैमरों का वितरण किया गया । इसी प्रकार 44 मोबाईल फ़ोन में से दानापुर को 04, धनबाद को 11, सोनपुर को 08, डीडीयू को 08, समस्तीपुर को 11 तथा मुख्यालय को 02 मोबाईल फोन का वितरण किया गया।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पटना एयरपोर्ट पर किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी पटना और दरभंगा में आयोजित शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करने सबसे पहले पटना एयरपोर्ट पर उतरे तो प्रदेश कंग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनका फूल मालाओं और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। एयरपोर्ट पर देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का स्वागत करने वाले प्रमुख नेताओं में राहुल गांधी के पटना एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ,पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, छत्रपति यादव, कपिलदेव प्रसाद यादव, शरबत जहां फातिमा, शशि रंजन, राजीव मेहता, शकीलुर रहमान, अनुराग चंदन एवं अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** आपदा की स्थिति में निर्बाध संचार व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दूरसंचार विभाग, बिहार लाइसेंस्ड सेवा क्षेत्र द्वारा 14 मई 2025 को सारण जिले के सोनपुर में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक एवं उप महानिदेशक (तकनीकी), बिहार एलएसए के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ एवं भूकंप के समय दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की तत्परता और उनकी प्रतिक्रिया क्षमताओं का आकलन करना था। इस अभ्यास में रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल एवं इंडस टावर्स जैसी प्रमुख दूरसंचार कंपनियों ने सक्रिय भागीदारी की। इसके अतिरिक्त राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा राज्य आपात संचालन केंद्र के अधिकारी भी इसमें सम्मिलित हुए। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करने, परिचालन तत्परता का मूल्यांकन करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में संचार सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। यह संपूर्ण अभ्यास दूरसंचार विभाग के अधिकारियों विनोद शर्मा (आई.टी.एस.), निदेशक एम. ए. हक, सहायक महानिदेशक; तथा आलोक कुमार, सहायक निदेशक की निगरानी में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन की ओर से सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सारण उपस्थित रहे तथा एनडीआरएफ की ओर से शंभू सिंह, एस.आई. ने प्रतिनिधित्व किया। अभ्यास के दौरान एक सेल ऑन व्हील्स इकाई की भी तैनाती की गई, जिससे संचार नेटवर्क की त्वरित पुनःस्थापना की तैयारी को दर्शाया गया। दूरसंचार विभाग, बिहार एलएसए द्वारा किया गया यह समन्वित प्रयास इस बात को स्पष्ट करता है कि सभी हितधारक आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सशक्त संचार व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध हैं।

## संपादकीय

# मैदान का शेर विराट कोहली

क्रिकेट टेस्ट मैचों के मुकाबलों में अब विराट कोहली नहीं होंगे। मगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में अब तक उनकी जो जगह बन चुकी है, उसमें इस खेल के हर प्रारूप में उनकी छवि मौजूद होगी। सोमवार को विराट कोहली ने जब सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, तो भारत सहित दुनिया भर में इस खेल में उनके सफर को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी गई। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी-20 मैचों से वे पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब टैस्ट मैचों में भी नहीं दिखेंगे। हालांकि एकदिवसीय मैचों में वे मौजूद रहेंगे। दरअसल, विराट कोहली के उभार के बाद से अब तक देश और दुनिया भर में लोगों ने जिस रूप में उन्हें देखा है, उसमें वे ज्यादातर लोगों के दिमाग में एक सदाबहार, सहृदय और बेहद सक्षम खिलाड़ी के रूप में स्थिर हो चुके हैं। विराट ने भारत को चालीस टैस्ट मैचों में जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट शृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का कीर्तिमान दर्ज है। विराट कोहली के सफर में आए उतार-चढ़ाव उनके प्रदर्शन में कभी बाधक नहीं बने। कभी मैदान में उन्होंने अपनी चमक बिखेरी, तो उसकी चकाचौंध में डूबे नहीं, कभी मद्धिम पड़े तो उससे हारे नहीं। सन 2014 में इंग्लैंड में एक टेस्ट शृंखला के पांच मैचों में दस पारियों में विराट ने महज एक सौ पैंतीस रन बनाए, तब उनकी क्षमता पर सवाल उठाए जाने लगे थे। हालांकि उससे पहले वे अलग-अलग देशों के कई तेज पिचों पर शतक जमा चुके थे और उन्हें तेजी से उभरता सितारा माना जाने लगा था। विराट ने अपने उस प्रदर्शन को सबक के तौर पर लिया, अपनी बल्लेबाजी की तकनीक और कौशल में सुधार लाने के लिए उन्होंने खुद को सख्त मेहनत और अभ्यास में झोंक दिया और फिर ऐसे खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आए, जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपनी क्षमता साबित की और खेल के रुख को बदल देने वाले चेहरे के तौर पर मशहूर हुए। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट क्रिकेट की दुनिया को वे शिद्दत से याद आएंगे।

**भारत का रुख हमेशा की तरह साफ था कि हम युद्ध नहीं चाहते। हमारी लड़ाई किसी मुल्क से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है। उन आतंकवादियों से, जो हमारे सपूतों के खून से अपने हाथ धोकर पाकिस्तान के अपने शरणालयों में चले जाना चाहते हैं। हम उनके उन आकाओं का खात्मा चाहते हैं, जिन्होंने पिछली 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में धार्मिक आधार पर 26 भारतीयों की हत्या की साजिश रची। उन्हें खत्म करना, हमारी पवित्र जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई दिल्ली की सरकार ने यही तो किया।**

# पाक के परमाणु बम पर सोचें

(शशि शेखर)

भारत ने साबित कर दिया कि हम पाकिस्तानी नेताओं और रावलपिंडी के जनरल साहबान की उन भभकियों से नहीं डरने वाले कि हम परमाणु हमला कर देंगे। युद्ध की आशंकाओं से लरजती शनिवार की शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टवीट शांति की समझ लेकर आया। उन्होंने दोनों देशों को बधाई दी कि वे संपूर्ण संघर्ष-विराम के लिए तैयार हो गए हैं। बाद में भारत और पाकिस्तान, दोनों ने इसकी पुष्टि की।जो लोग अमन चाहते थे, उनके लिए यह खबर यकीनन सुकूनदेह है। जंग किसी समस्या का हल नहीं, पर क्या हमारे ऊपर थोपे जाने वाले आतंकवाद की आहटें हमेशा के लिए थम गईं? तत्काल इसका जवाब देना असंभव है, पर एक बात तय है कि भारत ने अपना तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। पाकिस्तान में चल रहे आतंक के तमाम अड्डे ध्वस्त किए जा चुके हैं। पड़ोसी के साथ समूची दुनिया को संदेश मिल गया है कि अब पुरानी रवायत नहीं चल सकती।

भारत का रुख हमेशा की तरह साफ था कि हम युद्ध नहीं चाहते। हमारी लड़ाई किसी मुल्क से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है। उन आतंकवादियों से, जो हमारे सपूतों के खून से अपने हाथ धोकर पाकिस्तान के अपने शरणालयों में चले जाना चाहते हैं। हम उनके उन आकाओं का खात्मा चाहते हैं, जिन्होंने पिछली 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में धार्मिक आधार पर 26 भारतीयों की हत्या की साजिश रची। उन्हें खत्म करना, हमारी पवित्र जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई दिल्ली की सरकार ने यही तो किया।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान अपनी पांच हजार साल पुरानी रवायत को भूल गया है। धर्म जोड़ने के लिए होता है, तोड़ने के लिए नहीं। भरोसा न हो, तो उनकी मिसाइलों के नाम देख लीजिए- गजनी, अब्दाली और न जाने क्या-क्या! वे भूल कैसे गए कि मध्य एशिया से आने वाले आक्रामकों ने सबसे पहले हिन्दुस्तान की उसी सरजमीं पर कदम रखा था, जिसे आज पाकिस्तान कहते हैं? सबसे पहली कत्लोगारत और महिलाओं पर अत्याचार वहीं हुए थे।

जुल्फिकार अली भुट्टो का नाम तो आपको याद होगा। उन्होंने कहा था- हम भारत से हजार साल तक लड़ेंगे। उनके दोस्त से जानलेवा दुश्मन बने जनरल जियाउल हक हमें हजार घाव देना चाहते थे, ताकि लहू (जान-माल) रिसता रहे और देश कमजोर होता रहे। आज पाकिस्तान के साथ यही हो रहा है। वह जो महंगे मिसाइल और ड्रोन हम पर दागता है, उनको आसमान में ही ठंडा कर दिया जाता है। यह उस देश का आत्मघात नहीं तो और क्या है, जहां एक बोरी आटे के लिए लोग एक-दूसरे की जान लेने पर आमादा हो जाते हैं!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देख-रेख में भारतीय सेनाओं ने सोची-समझी रणनीति और तालमेल के साथ पाक के तमाम शहरों पर सफल हमले किए हैं। पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ इस कार्रवाई के जरिये भारत सरकार ने न केवल पाकिस्तान, बल्कि समूची दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया कि हमें संयम बरतना आता है, लेकिन अपने ऊपर हुआ हमला हमें बर्दाश्त नहीं। यकीनन, आने वाले वक्त में सैन्य विज्ञान के विद्यार्थी सगर्व पढ़ेंगे कि भारत ने किस तरह उरी, बालाकोट और मई 2025 के प्रतिकार के जरिये परत-दर-परत एक नई सुरक्षा नीति की सर्जना कर दी है।

भारत ने यह भी साबित कर दिया कि हम पाकिस्तानी नेताओं और रावलपिंडी के जनरल साहबान की उन भभकियों से नहीं डरने वाले कि हम परमाणु हमला कर देंगे। पिछले तीन दशकों से यह धमकी सुनते-सुनते हिन्दुस्तान सहित समूची दुनिया आजिज आ चुकी है। यही वह बिंदु है, जहां मुझे लगता है कि पूरी विश्व बिरादरी को अपने किंतु-परंतु को त्यागकर सोचना होगा कि इतने गैर-जिम्मेदार देश को परमाणु हथियार रखने की इजाजत देनी चाहिए या नहीं?

याद करें, पाकिस्तान ने अपना परमाणु बम लीबिया और कुछ अन्य अरब देशों की इमदाद से बनाया था। भुट्टो और उनके साथी कहते थे कि 'इस्लामी' दुनिया को 'अपना बम' चाहिए। मैं आतंकवाद को हथियार और जनता को धार्मिक चश्मे की रंगत से नहीं देखना चाहता, लेकिन सच को भी तो नहीं झुठलाया जा सकता। इजरायल ने इसीलिए तो 1970 की दहाई के अंत और 1980 की शुरुआत में पाकिस्तान के कहूटा स्थित परमाणु संयंत्र को नष्ट करने की योजना बनाई थी।

तेल अवीव आज भी अपने इस 'स्टैंड' पर कायम है। 11 अक्तूबर, 2023 को इजरायली प्रधानमंत्री ने एक इंटरव्यू में साफ तौर पर कहा?था- हमारा सबसे बड़ा मिशन है, कट्टर इस्लामी शासन को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना या परमाणु हथियारों को किसी इस्लामी जेहादी निजाम के हाथ लगने देने से रोकना। इनमें पहला ईरान है और दूसरा पाकिस्तान। ज्यादा सटीक रूप से कहूं, तो तालिबान के कब्जे वाला पाकिस्तान!

पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान में फिलवक्त यह खौफ तारी है कि हमास पर निर्णायक बढ़त और सीरिया में सत्ता-परिवर्तन कराने के बाद इस साल ईरान को अपने काबू में करना 'यहूदी-ईसाई गठबंधन' के लिए आसान हो जाएगा। उसके तत्काल बाद पाकिस्तान के परमाणु केंद्र उसके निशाने पर होंगे।

पेंटागन के रणनीतिकार भी मानते हैं कि जिस तरह पाकिस्तान में तालिबानी ताकतें पनप रही हैं, उससे यह खतरा बढ़ता जा रहा है कि अगर वहां का मौजूदा सत्ता-तंत्र विफल रहता है, तो भुट्टो साहब का 'इस्लामिक बम' वाकई अपने नाम को चरितार्थ करने वाला साबित हो जाएगा।

मैं अफसोस के साथ यहां आपको वाशिंगटन स्थित 'हेरिटेज फाउंडेशन' के एक कार्यक्रम में ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुरेलाव ब्रेवरमैन के दिए गए भाषण पर ध्यान दिलाना चाहूंगा। ब्रेवरमैन ने कहा था कि जिस तरह से पाकिस्तान और अन्य देशों से आए मुसलमानों की संख्या हमारे देश में बढ़ रही है, उससे यह खतरा पैदा हो गया है कि आने वाले कुछ सालों में ब्रिटेन में ईसाई अल्पसंख्यक हो जाएंगे। उस स्थिति में पाकिस्तान के बाद ब्रिटेन दूसरा ऐसा इस्लामिक देश होगा, जिसके पास परमाणु हथियार होंगे। यह दुनिया के 'अमन-ओ-अमान के लिए बड़ा खतरा' होगा।

इंग्लैंड के तमाम लोगों ने इसे 'इस्लाम-फोबिया' बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन पश्चिम में पनपती इस सोच की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। वहां दक्षिणपंथी राजनीति का उदय भी यही मुनादी करता है। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि अगर ट्रंप प्रशासन और ईरान किसी समझौते पर पहुंचने के करीब हैं, तो क्यों न समूची दुनिया एक बार पुनः पाकिस्तान की परमाणु नीति की समीक्षा करे। इन्हीं हथियारों की आड़ में वह भारत में अशांति के बीज रोपता आया है। जो देश ओसामा बिन लादेन को पनाह दे सकता हो, संसार की कई बड़ी आतंकवादी वारदातों में जिसके नागरिकों की भूमिका पाई गई हो, उसे परमाणु बम की आड़ में अपना खेल खेलने के लिए खुला नहीं छोड़ना चाहिए।अच्छा होगा, दुनिया समय रहते इस सच को समझकर चेत जाए।



# फतह-गजनवी पर इतराने वाले पाक का इतने में ये हाल है, भारत ने तो अभी इन ब्रह्मास्त्रों का इस्तेमाल भी नहीं किया

(अभिनय आकाश) ।

पाकिस्तान की इस हरकत ने पड़ोसी देश के मिसाइल शस्त्रागार और भारत के साथ उसकी तुलना पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों के पास एक-दूसरे को जवाब देने के लिए अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम हैं।

दोनों तरफ तनाव बराबर बना हुआ है। मगर फिलहाल ऐसा भी नहीं है कि दोनों देश खुद को जंग में झोंक दें। पर अगर मान लें कि दोनों देश जंग में कूद पड़ते हैं और फिर कहीं भारत पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग शुरु हो गई तो क्या होगा? तस्वीर भयानक होगी। एक हफ्ते में ही 2 करोड़ दस लाख लोग मारे जाएंगे। इनमें से 50 लाख लोग बम की तपिश में झुलस जाएंगे। जो बचेंगे उन्हें रेडिएशन मार देगा। दुनिया से सर्दी-गर्मी का मौसम ही खत्म हो जाएगा। आधी ओजोन परत बर्बाद हो जाएगी। वनस्पतियों और पेड़-पौधों का निशान मिट जाएगा। आधी दुनिया भूख से मर जाएगी। इस वक्त पाकिस्तान अपनी औकात से बढ़कर काम करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के सामने पाकिस्तान की मिसाइलें धूल चाटती नजर आ रही हैं। वो मिसाइलें अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो कौड़ी की रह जाएंगी। क्योंकि भारत का एयर डिफेंस सिस्टम ऐसा खतरनाक है कि इन सारे हथियारों को हवा में ह ढेर कर दे रहा है। पाकिस्तान का जेट, मिसाइल, ड्रोन सब के सब खत्म हो रहा है। 10 मई की तड़के इस्लामाबाद ने फतह-सेकेण्ड मिसाइल लॉन्च की, जिसे भारत ने हरियाणा के सिरसा में रोक दिया। शुक्रवार-शनिवार की रात को कई भारतीय शहरों पर बिना उकसावे के हमले जारी रखने के दौरान पाकिस्तान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। सूत्रों का कहना है कि मिसाइल का लक्ष्य दिल्ली था। पाकिस्तान की इस हरकत ने पड़ोसी देश के मिसाइल शस्त्रागार और भारत के साथ उसकी तुलना पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दोनों के पास एक-दूसरे को जवाब देने के लिए अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम हैं।

**विश्व की बड़ी मिसाइल शक्ति भारत:** भारत में मिसाइल तकनीक का समृद्ध इतिहास है। स्वतंत्रता से पहले, भारत के कई राज्य अपने युद्ध के हिस्से के रूप में रॉकेट का इस्तेमाल कर रहे थे। मैसूर के शासक हैदर अली ने 18वीं शताब्दी के मध्य में अपनी सेना में लोहे के आवरण वाले रॉकेट शामिल करना शुरू किया। जब हैदर के बेटे टीपू सुल्तान की मृत्यु हुई, तब तक उनकी सेना की प्रत्येक ब्रिगेड में रॉकेटियर की एक कंपनी शामिल हो गई थी, जिसमें लगभग 5,000 रॉकेट ले जाने वाले सैनिक थे। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने मिसाइलों की खोज शुरू की और वर्षों में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) सहित मिसाइल प्रौद्योगिकी का एक व्यापक विकास किया, जिससे वह इस तकनीक के साथ पृथ्वी पर केवल सात देशों में से एक बन गया।

**भारत ने इनका इस्तेमाल तो अभी किया भी नहीं:** पाकिस्तान के पास पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के मिसाइलों का एक विविध शस्त्रागार है। हालाँकि, इसकी कई मिसाइलें उसके मित्र और पड़ोसी चीन द्वारा प्रदान की गई हैं। पाकिस्तान की तरफ से अपने शस्त्रागार से फतह मिसाइल 2 को दिल्ली पर टारगेट करने की कोशिश की लेकिन भारत ने उसका घमंड चकनाचूर करते हुए उसे हवा में ही ढेर कर दिया। पाकिस्तान अक्सर आक्रांताओं के नाम पर रखे गजनवी, बाबर, गौड़ी का जिक्र कर इतराता रहता है। लेकिन भारत ने इस बार अपने एस 400, आकाश, स्पाईडर के जरिए उसे धूल चलाई है। जिसके वार से पाकिस्तान त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है। ये आलम तब है जब आर्मी के पास अभी ऐसे हथियार मौजूद हैं, जो पलक झपकते पाकिस्तान का जर्रा-जरी धरों सकते हैं, अभी इनका इस्तेमाल तो हुआ ही नहीं है।

**ब्रह्मोस:** सर्जिकल स्ट्राइक के लिए अचूक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल। दो वैरिएंट हैं। 450 से 800 किमी तक रेंज, जमीन, समुद्र व हवा से दाग सकते हैं। कीमत 15 से 30 करोड़ रुपए।

**पृथ्वी:** दुश्मन हटे तो भी टारगेट हिट न्यूक्लियर बैलेस्टिक मिसाइल है। तीन वैरिएंट हैं। 2000 किमी तक रेंज। इतनी सटीक कि दुश्मन 10 मीटर भी इधर-उधर हो तो बच नहीं सकता। कीमत 3 करोड़ रुपए। एटमी हमले में सक्षम

**शौर्य:** हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल है। परमाणु हमला भी कर सकती है। 700 से 800 किमी रेंज। कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपए।

**प्रहार:** दिशाएं अलग तो भी भेदती है बैलिस्टिक मिसाइल है। अलग-अलग दिशाओं में कई टारगेट भेद सकती है। 150 किमी रेंज। कीमत 4 से 5 करोड़ रुपए।

**आकाश:** हवा में उड़ा सकती है जेट एक यूनिट में 4 मिसाइलें होती हैं। 3 वैरिएंट हैं। फाइटर जेट को हवा में तबाह कर देती है। रेंज 80 किमी है। कीमत 2.5 करोड़ रुपए।

**धनुष:** जमीं से आसमां तक तबाही लाती है इस बैलिस्टिक मिसाइल को युद्धपोत से दाग सकते हैं। जमीन-जल पर हमले में सक्षम। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम। कीमत 14 करोड़ रु.।

**निर्मय:** दिशा बदल टारगेट कर सकती है क्रूज मिसाइल है। दुश्मन को चकमा देने में माहिर है। राडार की पकड़ में नहीं आती। 1500 किमी रेंज। कीमत 10 करोड़ रुपए।

**सागरिका:** नेविगेशन सिस्टम से गाइड बैलिस्टिक मिसाइल है। रेंज 750 किमी। खुद को नेविगेशन सिस्टम से गाइड कर टारगेट लेती है।

**अमोध:** अंधेरे में भी टारगेट पहचान लेती है टैंक रोधी गाइडेड मिस्बइल है।

# नर्सें रोगी के लिये करुणा एवं मुस्कान बांटती है

**दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है।**

(ललित गर्ग)


विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्सें भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरु हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'हमारी नर्सें: हमारा भविष्य-नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।' यह थीम नर्सों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए न केवल उनकी व्यक्तिगत भलाई के लिए बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों के अधिक लाभप्रद एवं सशक्त बनाने पर बल देती है। नर्सों को दूसरों की देखभाल करने के लिए जाना जाता है, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी उनकी देखभाल करनी चाहिए। उचित समर्थन के बिना, सबसे कुशल पेशेवर भी उपेक्षा, आर्थिक शोषण, तनाव और थकान का सामना कर सकते हैं।

किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान चिकित्सकों, दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स से कहीं बड़ी जिम्मेदारी नर्सेज निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। वास्तव में उनकी निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनती है और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। यदि चिकित्सक किसी रोगी के रोग को ठीक करता है तो उसके दर्द को कम एक नर्स करती है। जो अपना जीवन मरीजों की प्यार से देख-रेख में व्यतीत करती है। एक नर्स ना केवल अपना व्यवसाय समझ रोगी की सेवा करती है बल्कि वो उससे भावनात्मक रुप से जुड़ जाती है और उसे ठीक करने में जी-जान लगा देती है। नर्सें ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है, मुस्कान बांटती है।

पूरी दुनिया में हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते है कि नर्सिंग सेवाएं दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल का पेशा है। रोगियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बनाये रखने के लिये नर्सों का प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अपेक्षित है, भारत की नर्सों को नयी ऊर्जा, नयी दिशा एवं नया परिवेश मिले, उसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार कोई प्रभावी योजना लागू करें ताकि वे और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम हो सके। इससे भारत की नर्सों के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होगा। इससे नर्सें रोगियों की अधिक प्रभावपूर्ण ढंग से शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक भलाई करने में सक्षम होगी। ऐसी योजनाओं को निजी अस्पतालों को भी प्रोत्साहन देना चाहिए। मरीज जब ठीक होकर मुस्कुराते हुए अपने परिवार वालों के साथ घर जाता है, तो वह खुशी नर्सों को और भी हिम्मत देती है। इलाज के दौरान नर्सों और मरीज के बीच पारिवारिक रिश्ता हो जाता है। सचमुच नर्सों की दुनिया अद्भुत है। वे दवा के साथ उन्हें मानसिक तौर पर मजबूत करती हैं और रोगों से लड़ने की प्रेरणा एवं शक्ति बनती है। यह शक्ति अधिक तेजस्वी एवं प्रखर बने, यही विश्व नर्स दिवस मनाने का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नर्सिंग कार्यबल वैश्विक स्वास्थ्य के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर लॉन्च की जाने वाली विश्व नर्सिंग 2025 की स्थिति रिपोर्ट वैश्विक नर्सिंग कार्यबल का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करेगी। यह रिपोर्ट नर्सिंग शिक्षा, प्रवास, कार्य स्थितियों और नेतृत्व जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डालती है तथा आवश्यक डेटा प्रदान करती है जो दुनिया भर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भविष्य की नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। जब नर्सों को अच्छी तरह से समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता है, तो स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां अधिक प्रभावी ढंग से काम करती हैं, जिससे रोगियों और समाजों के लिए बेहतर परिणाम सामने आते हैं। नर्सिंग देखभाल चिकित्सा दिनचर्या से परे है, यह अक्सर दर्द के दौरान स्थिर हाथ, सर्जरी से पहले आश्वस्त करने वाली आवाज, या ठीक होने की राह पर कोमल प्रोत्साहन होता है। मरीज अक्सर नर्सों के साथ अपने अनुभवों का वर्णन सांत्वना देने वाले, समझदार, धैर्यवान और भरोसेमंद जैसे शब्दों का उपयोग करके करते हैं। एक दयालु नर्स की उपस्थिति शांति, मुस्कान और आशा की भावना लाती है। जब नर्सिंग देखभाल सही तरीके से की जाती है, तो यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि आत्मा को भी ऊपर उठाती है।

आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नर्सिंग कार्यबल में निवेश, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन करना आवश्यक है। नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा की शांत शक्तियों में से एक है, जो करुणा, कौशल और अथक समर्पण पर आधारित है। चाहे गंभीर देखभाल का प्रबंधन करना हो या सांत्वना के शब्द देना हो, नर्सें उपचार में मानवता लाती हैं। उनकी भूमिका केवल इलाज करना ही नहीं है, बल्कि मरीजों की सबसे कमजोर स्थितियों में उनकी बात सुनना, उनका समर्थन करना और उनके साथ खड़ा होना है। नर्सों की सेवाएं जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही विश्वस्तर पर उनकी जरूरत है। अपेक्षित नर्सों की उपलब्धता न होना, एक चिन्तनीय विषय है। विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लालच में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती है जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से इस समस्या से निपटने के लिए एवं नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने के लिए भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार की शुरुआत की। पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 12 मई को दिये जाते हैं। यह पुरस्कार प्रति वर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस सिर्फ जश्न मनाने का दिन नहीं है, यह चिंतन और कृतज्ञता का समय है। उनका समर्पण, करुणा और विशेषज्ञता हर जगह स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों की नींव है। अब हमारा यह नैतिक कर्तव्य है कि हम उनकी अनूठी एवं निःस्वार्थ सेवाओं के बदले वापस कुछ लौटाये और उनका भविष्य उन्नत करें। इस दिवस को मनाते हुए हम अपनी नर्सों के करियर को फिर से परिभाषित करे, उनके सेवा का मूल्यांकन करते हुए नए सिरे से उन्नत नर्स सेवा को विकसित करें और कौशल विकास की शक्ति के साथ उनके जीवन को बदले। कोविड़-19 के संकट में एक योद्धा की तरह हर मुश्किल घड़ी में अपनी जान की परवाह किये बिना मरीजों के साथ जो खड़ी रही, वे नर्सें ही थी।



# आंखों में नजर आने वाले डॉट्स हो सकते हैं आई फ्लोटर्स के संकेत

**आई फ्लोटर्स आंखों की एक समस्या है, जो कई लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या तब होती है, जब आंखों के अंदर के चिपचिपे पदार्थ के संतुलन में दिक्कत होने लगती है। आइए जानते हैं इसके कारणों और बचाव के लिए क्या खाएं इसके बारे में।**

कई बार आंखों में डॉट्स नजर आते हैं, लेकिन लोग ऐसा क्यों हो रहा है, इसके कारणों को समझ नहीं पाते हैं। ऐसा आई फ्लोटर्स के कारण हो सकता है। आंखों में जब विट्रोस ह्यूमर जमा होने लगे, तो ऐसी स्थिति को आई फ्लोटर्स कहते हैं। विट्रोस ह्यूमर एक तरह का चिपचिपा पदार्थ होता है, जो आंख के पिछले हिस्से में भर जाता है और आंखों के लगभग दो-तिहाई भाग में फैल जाता है। जिन लोगों को यह समस्या होती है उन्हें आंखों में धब्बे या डॉट्स नजर आने लगते हैं। आई मूवमेंट के दौरान इन डॉट्स को देखा जा सकता है।

## आई फ्लोटर्स के लक्षण

आई फ्लोटर्स के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। इसके लक्षणों में आंखों के सामने डॉट या धब्बा नजर आना शामिल है। यह समस्या एक या दोनों आंखों में हो सकती है। इसके अलावा लाइट या आसमान की ओर देखने पर आंखों में धागे जैसी संरचना भी नजर आ सकती है।

## आई फ्लोटर्स के कारण

- आंख से चिपचिपा पदार्थ आना
- आंख में लगी कोई चोट
- आंखों से ब्लीडिंग होना
- आई इंफेक्शन होना
- आंखों में सूजन होना

## बचाव के लिए इन फूड्स का करें सेवन

**मछली** - मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो आंखों की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके लिए आप टूना, सैल्मन आदि मछलियों का सेवन कर सकते हैं।

**गाजर** - आंखों के लिए गाजर अच्छा होता है। इसमें विटामिन ए और बीटा कैरोटीन दोनों ही भरपूर मात्रा में होते हैं। ये पोषक तत्व आंखों को कई बीमारियों से बचाता है

**नट्स** - आंखों की अच्छी सेहत के लिए नट्स और फलियों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा मौजूद होती हैं और नट्स में विटामिन-ई भी हाई होता है।

**खट्टे फल** - खट्टे फल जैसे संतरा, नींबू और आंवला भी विटामिन सी से भरपूर होता है, जोकि आंखों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।



कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

# इन 5 तरह के पानी से हर मौसम में बीमारियां रहेंगी दूर, आप भी बनाकर करें ट्राई

हेल्दी मेटाबॉलिज्म और बढ़िया इम्यूनिटी पाने के लिए हम अपने आहार में कई तरह के सप्लीमेंट्स को शामिल करते हैं। जरूरी नहीं कि ये सप्लीमेंट्स हर व्यक्ति को सूट करें। इसकी बजाय आप नेचुरल रेमेडी का सहारा ले सकते हैं। कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इस आर्टिकल में आइए इन इंग्रीडिएंट्स के बेनिफिट्स जानें और इन्हें कैसे आहार में शामिल करना है, जानें।

## भिंडी

भिंडी पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है जो विटामिन, खनिज और डाइट्री फाइबर का अच्छा स्रोत है। विटामिन-ए, सी और के से भरपूर, भिंडी इम्यूनिटी फंक्शन और त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करती है। इसका घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है। जब मेटाबॉलिज्म की बात आती है, तो भिंडी ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती है। यह इंसुलिन स्पाइक्स और क्रैश को रोक सकता है, जो संतुलित मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।





## पिप्पली

इसे लॉन्ग पेपर के नाम से भी जाना जाता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। पिप्पली में पिपेरिन होता है, जो पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता को बढ़ाने और मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। पिपेरिन पाचन में सहायता करने और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करने के लिए अच्छा है। यह थर्मोजेनेसिस को भी उत्तेजित कर सकता है, जिससे कैलोरी बर्न करने में वृद्धि होती है और मेटाबॉलिक फंक्शन में सुधार होता है।

## अदरक

अदरक को सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसमें जिंजरोल और शोगोल जैसे बायोएक्टिव यौगिक होते हैं जिनमें सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव होते हैं। अदरक पाचन एंजाइम्स के उत्पादन को उत्तेजित करके पाचन में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, अदरक में थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जिसका अर्थ है कि यह शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है और कैलोरी बर्निंग को बढ़ावा देता है। यह वॉर्मिंग प्रभाव मेटाबॉलिक रेट को बढ़ा सकता है और वजन प्रबंधन में हेल्प कर सकता है।

## दालचीनी

दालचीनी सिर्फ एक मसाला नहीं है, यह स्वास्थ्य लाभों का एक पावरहाउस है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और ऐसे यौगिक होते हैं जो इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करते हैं, सूजन को कम करते हैं और ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करते हैं। दालचीनी ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जो ब्लड शुगर में गिरावट के कारण होने वाले अधिक खाने को रोक सकती है।

## पुदीना

पुदीना न केवल ताजगी देता है बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसमें मेन्थॉल जैसे यौगिक होते हैं जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद कर सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और अपच से राहत दिला सकते हैं। इसके अलावा, पुदीने का औषधीय पानी स्वाद को बढ़ाता है, पेट को गर्मी से राहत पहुंचाता है और पाचन को दुरुस्त रखता है।

### ये सामग्रियां कैसे करती हैं काम

**ब्लड शुगर रेगुलेशन**

भिंडी, दालचीनी और अदरक ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने के लिए प्रभावी तरीके से काम करते हैं। यह इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद कर सकते हैं और साथ ही बैलेंस्ड मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं।

**पाचन स्वास्थ्य**

अदरक, पुदीना और पिप्पली स्वस्थ पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। अगर आपका पाचन तंत्र अच्छा है, तो आपका मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होगा, जो वेट मैनेज करने के लिए अच्छा हो सकता है।

**थर्मोजेनेसिस**

अदरक, दालचीनी और पिप्पली थर्मोजेनेसिस को बढ़ाते हैं। इसका मतलब है कि इन इंग्रीडिएंट्स से कैलोरी बर्निंग रेट में वृद्धि होती है। इससे मेटाबॉलिज्म रेट भी बढ़ता है।

**कैसे पी सकते हैं ये मेडिसिनल पानी?**

इन चीजों को आप कुकिंग में भी उपयोग कर सकते हैं। मगर सबसे अच्छा तरीका है कि आप इन मेडिसिनल वॉटर को डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में पिएं। सुबह ये पानी पीने से न सिर्फ शरीर टॉक्सिन्स को बाहर निकालेगा, पर आप पूरे दिन के लिए तैयार होंगे।



# क्या तनाव की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

तनाव सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। इसकी वजह से बीपी बढ़ जाता है और दिल पर भी असर होता है। इतना ही नहीं, स्ट्रेस के कारण, हमारी ओवरऑल हेल्थ भी खराब होती है। हम सभी यह बात जानते हैं कि तनाव लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आपने अक्सर घर में बड़े-बुजुर्गों को भी यह बात कहते सुना होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से बीपी कम भी हो सकता है। जी हां, सेहतमंद रहने के लिए, तनाव से दूर रहना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, बीपी लेवल का भी अधिक या कम होना सही नहीं है। क्या अधिक तनाव, लो बीपी का कारण भी बन सकता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

## क्या स्ट्रेस की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

- स्ट्रेस को हमेशा हाई बीपी से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन, इसकी वजह से कुछ लोगों को हाइपोटेंशन यानी लो बीपी की दिक्कत भी हो सकती है।
- अधिक तनाव की वजह से बीपी हाई होता है क्योंकि इसके कारण, स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होते हैं। लेकिन, लंबे वक्त तक तनाव में रहना उल्टा असर भी दिखा सकता है।
- जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो इसके कारण, शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है और एड्रेनल ग्लैंड्स, पर्याप्त मात्रा में भी स्ट्रेस हार्मोन नहीं बना पाती हैं।
- जिस तरह स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ना सही नहीं है, उसी तरह, इसके सामान्य से कम होने के भी नुकसान होते हैं।
- इसके कारण, शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और इस हार्मोनल इंबैलेंस के कारण, बीपी लो हो जाता है।
- बहुत अधिक तनाव, वासोवागल सिंकोप का भी कारण बन सकता है। इसकी वजह से नर्वस, दिल को धीमे धड़कने का सिग्नल देती हैं और ब्लड वेसल्स चौड़ी हो जाती हैं।
- इसके कारण, बीपी अचानक से ड्रॉप हो जाता है और दिल की धड़कन धीमी हो जाती है। इसकी वजह से मस्तिष्क में ब्लड फ्लो कम हो जाता है और थकान, कमजोरी व बेहोशी हो सकती है।
- वहीं, कई बार अधिक स्ट्रेस में रहने के कारण, व्यक्ति मील्स स्किप करने लगता है, डिहाइड्रेट रहता है और नींद भी पूरी नहीं होती है। इसकी वजह से भी बीपी लो हो सकता है।
- जिन लोगों का बीपी पहले से ही लो रहता है, वे अगर स्ट्रेस लें तो दिक्कत और बढ़ सकती है।



# नहीं छूट रही है जंक फूड की लत ये टिप्स आएंगे आपके काम

**खास मौके पर अपने पसंदीदा फूड का मजा लेने में कोई हर्ज नहीं है, पर यह आपके नियमित आहार का हिस्सा बन जाए तो फिर ऐसी लत आपके सेहत के लिए नुकसानदेह हो जाती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं जंक फूड की लत की जो आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को अपना शिकार बना चुकी है।**

इस लत के चलते लोग पेट से जुड़ी समस्याओं से लेकर डायबिटीज और दूसरी गंभीर बीमारियों का तेजी से शिकार हो रहे हैं। ऐसे में समय रहते इस लत पर काबू पाना बेहद जरूरी है, पर स्वाद और शौक के चलते यह लत आसानी से नहीं छूट पाती है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसी ही समस्या पेश आ रही है तो हमारा यह आर्टिकल आपके बेहद काम आ सकता है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जो जंक फूड की लत को छोड़ने में मददगार हो सकते हैं।

## प्रोटीन का सेवन बढ़ाएं

प्रोटीन सबसे अधिक संतुष्टिदायक पोषक तत्व है, जो आपके आहार शैली पर और भोजन विकल्पों पर इसका शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है। मेडिकल क्षेत्र में किए गए शोध बताते हैं कि प्रोटीन का सेवन सबसे फूड क्रेविंग और अतिरिक्त भूख की इच्छा को कम करने में सहायक होता है। इसलिए फास्ट फूड की क्रेविंग को कम करने के लिए आपको प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इसके लिए आहार में अंडे, दूध, दही, पनीर, नट्स और बीज जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं।

## मानसिक तनाव कम करें

तनाव की स्थिति में फूड क्रेविंग की अधिक इच्छा होती है, ऐसे में क्रेविंग पर काबू पाने के लिए तनाव पर नियंत्रण पाना जरूरी है। इसलिए जब भी आपको तनाव महसूस हो तो कुछ खाने की सोचने से पहले खुद को तनाव मुक्त करने की कोशिश करें। इसके लिए आप डीप ब्रीदिंग को आजमा सकते हैं, डीप ब्रीदिंग तनाव को तुरंत नियंत्रित करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा तनाव महसूस होने पर आप अपना पसंदीदा गाना सुन सकते हैं या फिर अपने पसंद की गतिविधि में समय बिताना भी तनाव से राहत दिला सकता है।

## भरपूर नींद लें

नींद की कमी शारीरिक और मानसिक समस्याओं की वजह बनने के साथ ही आपके व्यवहार में भी बड़ा बदलाव लाता है। ऐसे में अक्सर लोग या तो भूख से कम खाते हैं या फिर अतिरिक्त भूख की इच्छा उन्हें सताती है। दोनों ही स्थिति में जंक फूड का सेवन बढ़ सकता है, क्योंकि जब भोजन कम लेते हैं तो आपको बाहरी चीजें खाने का मन करता है। इसके अलावा जब आपको अतिरिक्त भूख लगती है तो भी आप जंक फूड के बारे में ही सोचते हैं। इसलिए इस लत पर काबू पाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी नींद को पूरी करें और जीवनशैली को संयमित रखें।

## हेल्दी स्नैक्स को चुनें

क्रेविंग होने पर जंक फूड खाने से बचने के लिए जरूरी है कि आप इसके हेल्दी स्नैक्स विकल्पों को चुनें। इसके लिए आप फल, स्मूदी, भुने हुए नट्स, ड्राई फ्रूट्स से बने लड्डू का सेवन कर सकते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से जहां क्रेविंग आसानी से शांत होगी तो वहीं इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण भी मिलेगा।

# मैं नहीं चाहता आप भारत में आईफोन बनाएं


## वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं, ट्रंप की एपल सीईओ को दो टूक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का एलान कर आलोचना झेलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने नए बयान की वजह से चर्चा में हैं। अब उन्होंने भारत में एपल के उत्पादों के निर्माण को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया है कि उनकी मंशा पर ही सवाल उठने लगे हैं। आइए जानते हैं विस्तार से...

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा है कि इस बातचीत के बाद एपल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगा। हालांकि, उन्होंने चर्चा के परिणाम या भारत में एपल की योजनाओं में किसी भी बदलाव के बारे में और विवरण साझा नहीं किया। ट्रंप की टिप्पणी भारत की ओर से अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी के कुछ ही दिनों बाद आई है। भारत का यह प्रस्ताव अमेरिका की ओर से भारतीय स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर शुल्क बढ़ाने के जवाब में दिया गया था।

दोहा में इसी कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने कहा कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है। उन्होंने प्रस्ताव के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि वे सचमुच हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के बाद भारत और अमेरिका ने औपचारिक व्यापार वार्ता शुरू की थी। भारत के व्यापार मंत्री के अमेरिकी अधिकारियों के साथ और अधिक बैठकों के लिए 17 से 20 मई के बीच अमेरिका का दौरा करने की उम्मीद है।



**भारतीय निवेशक और लोग निराश-** ब्लूमबर्ग के मुताबिक, ट्रंप की हालिया टिप्पणियों से भारतीय निवेशक और लोग निराश हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की उनकी घोषणा से यह निराशा और बढ़ गई है। भारत में इस बात से भी नाराजगी है कि ट्रंप ने सुझाव दिया कि दोनों देशों को संघर्ष कम करने के लिए व्यापार की शर्त रखी गई। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने में मदद करने के लिए व्यापार को समझौते के साधन के रूप में इस्तेमाल करना भारत में किसी को भी पसंद नहीं आया। भारत में सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया है कि व्यापार मामले पाकिस्तान के साथ सैन्य स्थिति पर बातचीत से जुड़े थे।

**भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी-** टैरिफ को लेकर हालिया तनावों के बावजूद मामले से परिचित लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। दोनों देश समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**भारत में एपल का हाल-** पिछले कुछ वर्षों में एपल भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता को लगातार बढ़ा रहा है। कंपनी फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसे अनुबंध निर्माताओं के जरिए से देश में आईफोन बनाती है। ये कोशिशें इलेक्ट्रॉनिक्स में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के भारत के लक्ष्य को भी साकार करती हैं। हालांकि, ट्रंप के हालिया बयानों से इस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

मैं नहीं चाहता आप भारत में आईफोन बनाएं, वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं, ट्रंप की एपल सीईओ को दो टूक भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का एलान कर आलोचना झेलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने नए बयान की वजह से चर्चा में हैं। अब उन्होंने भारत में एपल के उत्पादों के निर्माण को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया है कि उनकी मंशा पर ही सवाल उठने लगे हैं। आइए जानते हैं विस्तार से... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा है कि इस बातचीत के बाद एपल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगा। हालांकि, उन्होंने चर्चा के परिणाम या भारत में एपल की योजनाओं में किसी भी बदलाव के बारे में और विवरण साझा नहीं किया। ट्रंप की टिप्पणी भारत की ओर से अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी के कुछ ही दिनों बाद आई है।

### भारतीय निवेशक और लोग निराश

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, ट्रंप की हालिया टिप्पणियों से भारतीय निवेशक और लोग निराश हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की उनकी घोषणा से यह निराशा और बढ़ गई है। भारत में इस बात से भी नाराजगी है कि ट्रंप ने सुझाव दिया कि दोनों देशों को संघर्ष कम करने के लिए व्यापार की शर्त रखी गई। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने में मदद करने के लिए व्यापार को समझौते के साधन के रूप में इस्तेमाल करना भारत में किसी को भी पसंद नहीं आया। भारत में सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया है कि व्यापार मामले पाकिस्तान के साथ सैन्य स्थिति पर बातचीत से जुड़े थे।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी

टैरिफ को लेकर हालिया तनावों के बावजूद मामले से परिचित लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। दोनों देश समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### भारत में एपल का हाल

पिछले कुछ वर्षों में एपल भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता को लगातार बढ़ा रहा है। कंपनी फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसे अनुबंध निर्माताओं के जरिए से देश में आईफोन बनाती है। ये कोशिशें इलेक्ट्रॉनिक्स में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के भारत के लक्ष्य को भी साकार करती हैं। हालांकि, ट्रंप के हालिया बयानों से इस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

## भारत पाकिस्तान में हुआ तनाव और बर्बाद हो गई यह चाइनीज कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान अपने रक्षा उपकरणों का अधिकांश हिस्सा चीन से आयात करता है। 2019 से 2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत रक्षा आयात चीन से हुए, जो 2009-2012 के बीच के 51 प्रतिशत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। उसके बाद पाकिस्तान युद्ध पर अमादा हो गया और बिना किसी आधिकारिक एलान के वह युद्ध के मैदान में उतर गया, हालांकि भारत की लड़ाई आज भी पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें



आतंकियों के करीब 9 ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया।

संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल से लेकर ड्रोन तक से हमले किए, लेकिन भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इस संघर्ष के बीच एक बड़ी चीज देखने को मिली और वो यह है कि संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ लेकिन कंपनियां चीन की बर्बाद हो रही हैं। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि इसके पीछे क्या राज है?

युद्धविराम की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में जहां शानदार हरियाणी देखने को मिली, वहीं चाइनीज स्टॉक मार्केट में तबाही नजर आई, खासतौर पर चाइनीज डिफेंस स्टॉक में। चीन के प्रमुख डिफेंस स्टॉक में 9 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। दरअसल यह पूरा मामला भारत के डिफेंस सिस्टम से जुड़ा हुआ है। चीन की जे-10सी लड़ाकू विमान निर्माता कंपनी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई, जो करीब 9त्र लुढ़क गए। वहीं, सैन्य और नागरिक जहाज बनाने वाली चाइना शिपबिल्डर कॉरपोरेशन के शेयरों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इलेक्ट्रॉनिक डिफेंस उपकरण बनाने वाली Zhuzhou Hongda Electronics Corp Ltd के शेयर भी 6 प्रतिशत से अधिक टूट गए। बता दें कि यह कंपनी मिलिट्री डोन भी बनाती है और इसके ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ किया जिसे भारत ने नाकाम कर दिया।Zhuzhou मिसाइलें भी बनाती है और पाकिस्तान ने इसी के बनाए पीएल-15 मिसाइलें दागी जिसे भारत ने आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान अपने रक्षा उपकरणों का अधिकांश हिस्सा चीन से आयात करता है। 2019 से 2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत रक्षा आयात चीन से हुए, जो 2009-2012 के बीच के 51प्रतिशत के आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

### धातुओं की कीमतों से थोक मूल्य सूचकांक पर होगा असर

# रुपये की कीमत में आई 32 पैसे की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाम और रिफाइंड तेल आयात में कमी से वनस्पति तेल का आयात अप्रैल में 32 फीसदी घटकर 8.91 लाख टन रह गया।?सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सरसों की पेराई बढ़ने के साथ पाम तेल की मांग में कमी से तीन माह में आयात बहुत कम स्तर पर रहा।एसईए के मुताबिक, नेपाल से रिफाइंड खाद्य तेलों का आयात 60,000 से 70,000 टन मासिक है। इसने भी समग्र आयात और स्टॉक को प्रभावित किया है। अप्रैल में पाम तेल आयात 53 प्रतिशत घटकर 3.21 लाख टन रह गया। कच्चे पाम तेल का आयात 55 प्रतिशत घटकर 2.41 लाख टन रह गया। सूरजमुखी तेल आयात 23.28 प्रतिशत घटकर 1.80 लाख टन रह गया।

दवा कंपनी मैनकाइंड फार्मा लि. को आयकर विभाग से ब्याज सहित 341.86 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को बताया, उससे आयकर उपायुक्त (सेंट्रल सर्कल 29), नई दिल्ली के कार्यालय से आईटी पोर्टल के जरिये 13 और 14 मई, 2025 को ब्याज सहित 341.86 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग की गई। यह मांग आयकर अधिनियम-1961 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए समायोजन और विभिन्न खर्च की अस्वीकृति के कारण है।

उपभोक्ता संरक्षण नियामक ने अमेजन इंडिया और वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट सहित विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी कर उन्हें अपने मंच से पाकिस्तानी झंडे वाले उत्पाद हटाने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यूबाय इंडिया, एट्सी, द फ्लैग कंपनी व द फ्लैग कॉरपोरेशन को भी भेजे नोटिस में कहा, पाकिस्तानी झंडों और संबंधित सामानों की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोशी ने कहा, ऐसी असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-कॉमर्स मंच ऐसी सभी सामग्री तुरंत हटा दें और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करें।



शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल), इंदौर (मध्य प्रदेश) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 2,516.2 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार किया है। इसमें वर्ष दर वर्ष 83.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 का शुद्ध लाभ 188.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 408.4 करोड़ रहा। इस अवसर पर एसपीआईएल के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है। कंपनी ने सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। ब्रिटिश लग्जरी ब्रांड बरबेरी लागत में कटौती करने और कारोबार को पटरी पर लाने के लिए वैश्विक स्तर पर 1,700 नौकरियों में कटौती करेगी। 2024-25 में कंपनी को 3.45 करोड़ डॉलर का परिचालन लाभ हुआ है। कई देशों में बिक्री 9 फीसदी तक गिर गई है। आर्टेमिस मेडिकयर सर्विसेज एक रुपये के फेस वैल्यू पर 45 फीसदी लाभांश देने की घोषणा की है। मार्च तिमाही में राजस्व बढ़कर 252 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष में 981.9 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध लाभ बढ़कर 82.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आयशर मोटर्स प्रति शेयर 70 रुपये लाभांश देगी। कंपनी को 2024-25 की मार्च तिमाही में 1,362 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है, जो एक साल पहले की तुलना में 27 फीसदी अधिक है। पूरे वित्त वर्ष में मुनाफा बढ़कर 4,734 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।? यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में धातु की कीमतों में उछाल आ सकता है, जिससे थोक मूल्य सूचकांक (होलसेल प्राइस इंडेक्स) पर असर पड़ सकता है। अप्रैल 2025 में थोक मूल्य सूचकांक में गिरावट देखी गई है, लेकिन धातुओं की कीमत में बढ़ोतरी से इस पर असर पड़ सकता है। स्टील और लोहे की कीमतों में तेजी चल रही है। गुरुवार को रुपये की कीमत में 32 पैसे की गिरावट आई, जिसके बाद अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपया 85.64 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं डॉलर की कीमतों में कमी के असर से कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 85.53 के स्तर पर खुला और 32 पैसे गिरकर 85.64 के स्तर पर पहुंच गया।

### सीएमआईई रिपोर्ट : ब्याज दरें और महंगाई घटने से शहरी परिवारों की वित्तीय स्थिति सुधरी

# ग्रामीण धारणाओं में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। सीएमआईई के अनुसार, मार्च-अप्रैल, 2025 में शहरी धारणाओं में अच्छी वृद्धि हुई है। शहरी परिवार अपनी वर्तमान आर्थिक स्थितियों को लेकर उत्साहित दिखे और भविष्य की संभावनाओं को लेकर भी आशावादी थे। महत्वपूर्ण यह है कि धारणाओं में उछाल व्यापक आधार पर है। किसी खास व्यवसाय समूह के परिवारों तक सीमित नहीं है।

सीएमआईई के अनुसार, मार्च-अप्रैल, 2025 में शहरी धारणाओं में अच्छी वृद्धि हुई है। शहरी परिवार अपनी वर्तमान आर्थिक स्थितियों को लेकर उत्साहित दिखे और भविष्य की संभावनाओं को लेकर भी आशावादी थे। महत्वपूर्ण यह है कि धारणाओं में उछाल व्यापक आधार पर है। किसी खास व्यवसाय समूह के परिवारों तक सीमित नहीं सकता है।



ब्याज दरें और महंगाई के घटने से शहरी परिवारों की वित्तीय स्थिति में तेजी से सुधार हुआ?है।?इसका अंदाजा शहरी उपभोक्ता धारणा सूचकांक से लगाया जा सकता है, जो लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 108.8 पहुंच गया। यह एक साल में सबसे ज्यादा है। मार्च में यह 107.7 और फरवरी में 104.3 था। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव से आगे धारणाओं को झटका लग है। व्यवसाय में लगे शहरी, वेतनभोगी परिवार और छोटे व्यापारियों व दिहाड़ी मजदूरों के परिवारों की भी धारणाओं में वृद्धि हुई है। वर्तमान आर्थिक स्थितियों का शहरी सूचकांक (आईसीसी) अप्रैल में 0.8 फीसदी और मार्च में 4.5 फीसदी बढ़ा था। तीन माह में शहरी आईसीसी में एक फीसदी गिरावट आई थी। आईसीसी परिवारों की वर्तमान आय के आकलन को बताता है। यह भी बताता है कि क्या यह उपभोक्ता टिकाऊ सामान खरीदने का सही समय है। आईसीसी फरवरी में 34.3 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 39.4 प्रतिशत हो गया। लोगों का मानना है कि उपभोक्ता टिकाऊ सामान खरीदने के लिए यह अच्छा समय है। ऐसे लोगों का अनुपात फरवरी में 32.2 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 36.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में दोनों मामलों में निराशावादी परिवारों का अनुपात कम हुआ।

### अपेक्षा सूचकांक में भी तेजी

शहरी उपभोक्ता अपेक्षा सूचकांक (आईसीई) भी मार्च-अप्रैल में बढ़ा है। मार्च में 2.4 फीसदी और अप्रैल में 1.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसमें एक साल आगे की वित्तीय संभावनाओं के बारे में परिवारों की उम्मीदों व पांच साल आगे कारोबारी स्थितियों पर उनका नजरिया शामिल किया है। इसमें आशावादी शहरी परिवारों का अनुपात मार्च व अप्रैल में बढ़ा है। निराशावाद कम हुआ।

**भविष्य की उम्मीदों के प्रति उत्साह-** मौजूदा आर्थिक स्थितियों और भविष्य की उम्मीदों को लेकर उत्साह सभी शहरी व्यावसायिक समूहों में है। शहरी भारत में रहने वाली एक तिहाई आबादी वेतनभोगी है।

**ग्रामीण धारणाओं में गिरावट-** ग्रामीण उपभोक्ता धारणा सूचकांक 1.9 प्रतिशत गिरा है। अप्रैल में यह 111 पर चला गया जो दिसंबर में 111.9 के बाद का निचला स्तर है। मार्च में 114.1 और फरवरी में 112.8 था। और तेज गिरावट चिंता का विषय हो सकती है।?हालांकि, इस गिरावट का ग्रामीण लोगों की मौजूदा स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है।

ग्रामीण परिवारों की अपने भविष्य को लेकर उम्मीदें लगातार दो महीनों से तेजी से आशावादी होती जा रही थीं, जबकि मौजूदा हालात नकारात्मक हो रहे थे।

### एक साल बाद 42 प्रतिशत परिवार आर्थिक रूप से होंगे बेहतर

अप्रैल में 42.2 प्रतिशत परिवारों ने माना कि उनका परिवार एक साल बाद आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति में होगा। यह हालांकि, स्थिर आंकड़ा है। निराशावादी परिवारों का अनुपात मार्च के 5.1 प्रतिशत की तुलना में घटकर चार प्रतिशत से थोड़ा कम रह गया। इससे भविष्य की आय को लेकर शुद्ध आशावाद में वृद्धि हुई। यह आशावादी और निराशावादी परिवारों के बीच का अंतर है।

# भारत के टॉप-5 डिफेंस स्टार्टअप, दुश्मनों के लिए बन रहे हैं काल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नतीजा यह है कि भारत में रक्षा तकनीक स्टार्टअप्स स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीकें विकसित कर रहे हैं, जिनमें एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, और एडवांस्ड सर्विलांस शामिल हैं। आइए देश के कुछ प्रमुख डिफेंस टेक स्टार्टअप्स के बारे में जानते हैं जो दुश्मन के लिए किसी काल से कम नहीं हैं।

भारत वर्ष 2019 से 2023 के बीच दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बना रहा, जो वैश्विक रक्षा आयात का लगभग 9.8 प्रतिशत हिस्सा है। यह अत्यधिक आयात-निर्भरता देश की रणनीतिक कमजोरी मानी जाती है, लेकिन अब भारतीय स्टार्टअप्स इस अंतर को पाटने के लिए आगे आ रहे हैं तो आइए समझते हैं कि क्या रक्षा क्षेत्र में भी मेक इन इंडिया का दबदबा रहेगा?




सरकार की इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी योजनाएं रक्षा स्टार्टअप्स को अनुदान और साझेदारी के अवसर प्रदान कर रही हैं। साथ ही, स्न्नष्ठढ्ढ में ढील, स्थानीय कंपनियों को प्राथमिकताऔर बढ़ते रक्षा बजट ने देसी कंपनियों और विदेशी साझेदारों के बीच तालमेल को मजबूत किया है। नतीजा यह है कि भारत में रक्षा तकनीक स्टार्टअप्स स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीकें विकसित कर रहे हैं, जिनमें एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, और एडवांस्ड सर्विलांस शामिल हैं। आइए देश के कुछ प्रमुख डिफेंस टेक स्टार्टअप्स के बारे में जानते हैं जो दुश्मन के लिए किसी काल से कम नहीं हैं।

यह स्टार्टअप मल्टी-पर्पस ड्रोन सॉल्यूशंस बनाता है, जिनका उपयोग निगरानी और बॉर्डर सिक्योरिटी में होता है। 22 मिलियन डॉलर की सीरीज फंडिंग फरवरी 2023 में मिली। यह कंपनी किसानों के लिए भी ड्रोन बनाती है। अक्तूबर 2023 में इसे अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की ब्रिज फंडिंग हासिल की। कंपनी की योजना जल्द ही 50 देशों में विस्तार की है। पिछले साल ही कंपनी ने बॉर्डर पेट्रोल सर्विलांस ड्रोन त्रिशूल को लॉन्च किया है। त्रिशूल का इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओंऔर आपात स्थितियों के समय या संदिग्ध गतिविधियों के दौरान रियल-टाइम इमेजेज और वीडियो प्राप्त करने के लिए भी किया जा सकता है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 15-05-2025 22:28 Page 1



# प्रशासन की कार्रवाई से दुकानदार नाराज

## सड़क जाम कर किया विरोध प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में सब्जी बाजार खासकर बुधवार और शनिवार को बहुत होता है, लेकिन बाकी दिनों में भी दुकानदार अपनी दुकान लगाते हैं। बुधवार की देर रात लगभग 12 बजे नगर निगम और प्रशासन की टीम सब्जी बाजार की दुकानों को हटाने और नुकसान पहुंचाने आई। इस कार्रवाई से दुकानदार बहुत नाराज हैं।

गुरुवार की सुबह से ही दुकानदारों ने मोरहाबादी बाजार की सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर कुमार रौशन ने कहा कि गरीब दुकानदारों की आजीविका पर हमला किया गया है। वह भी देर रात जब सब लोग घर में थे, तभी पुलिस और नगर निगम की टीम आकर दुकानों को तोड़ा। यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एक महिला दुकानदार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री लोन देकर स्वरोजगार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यहां गरीब दुकानदारों पर बिना वजह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सिर्फ छोटे और गरीब दुकानदारों पर हमला करता है, जबकि बड़े व्यापारी परेशान नहीं होते। नाराज दुकानदारों ने पुलिस से कहा कि उनका नुकसान पूरा किया जाए, और अगर ऐसी कार्रवाई आगे हुई तो वे अपनी जान देने तक के लिए मजबूर हो जाएंगे।

मोरहाबादी के फल विक्रेता विजय मेहता ने पुलिस की कार्रवाई पर राज्य सरकार से कहा कि हम अपनी रोजी-रोटी के लिए छोटी-छोटी दुकान लगाते हैं। अगर हमारी दुकानें तोड़ी गईं, तो घर चलाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। हम कई सालों से यहां दुकान चलाते आ रहे हैं, इसलिए अब ऐसी कार्रवाई सही नहीं है।

## योगेन्द्र महतो की तबियत बिगड़ी, पहुंचे सीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की आज सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मंत्री के बीमार होने की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनके रांची के स्मार्ट सिटी वाले घर पहुंचे। वहां उन्होंने मंत्री से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने मंत्री के जल्दी ठीक होने की कामना भी की।

झारखंड के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की तबीयत पर डॉक्टरों की टीम लगातार नजर रखे हुए है।

अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी अच्छी देखभाल की जा रही है। इस खबर से राजनीतिक गलियारों में चिंता फैल गई है। सभी लोग उनकी जल्दी सेहतमंद होने की दुआ कर रहे हैं।

# ग्रुप यात्रा में अब टिकट के साथ पहचान पत्र होगा आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गर्मी की छुट्टियों के दौरान अगर आप समूह में रेल यात्रा करने वाले हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। यात्रा से पहले प्रत्येक यात्री अपना पहचान पत्र साथ जरूर रख लें। रेलवे ने प्रत्येक यात्री की यात्रा के लिए पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया है।स्टेशन के अंदर या प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए भी पहचान पत्र अनिवार्य है। टिकट के साथ अब पहचान पत्र की भी जांच होगी। आइडी न रहने पर टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ जुमार्ना वसूल कर सकते हैं या अन्य कार्रवाई भी कर सकते हैं।



एक पीएनआर पर अधिकतम छह यात्रियों के टिकट बुक होते हैं। यात्रा के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ के आने पर छह में पहले नंबर वाला यात्री या उनमें से कोई भी एक अपना पहचान पत्र दिखाते थे। सभी यात्रियों के लिए पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य नहीं था।

टिकट चेकिंग स्टाफ को संदेह होने पर समूह में यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों के पहचान पत्र की जांच की जाती थी। अब एक पीएनआर पर यात्रा करने वाले सभी छह यात्रियों को पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। डीआरएम ने अपने एक्स अकाउंट पर इससे जुड़ी सूचना शेयर की है। बताया है कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यवस्था को और सुदृढ़ कर समूह टिकट पर यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री के लिए पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य है। बुकिंग के दौरान पहचान पत्र अनिवार्य नहीं है पर प्लेटफॉर्म पर आने व यात्रा के लिए अनिवार्य है। टिकट चेकिंग स्टाफ व आरपीएफ की ओर से जांच के दौरान पहचान दस्तावेज नहीं पाए जाने पर जुर्माना या कार्रवाई हो सकती है।

## 48 ट्रेनों के ठहराव वाले स्टेशन में होगा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** ट्रेनों के ठहराव वाले स्टेशन में बदलाव होगा। 24 ट्रेनें कानपुर के बदले गोविंदपुरी और 24 आगरा फोर्ट के स्थान पर ईदगाह में रुकेंगी। इनमें धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-जोधपुर, बीकानेर, पारसनाथ व गरबा एक्सप्रेस का ठहराव आगरा फोर्ट के बदले ईदगाह में होगा।

पुरुषोत्तम, जालियांवाला बाग, पश्चिम बंगाल संपर्क क्रांति समेत अन्य ट्रेनें कानपुर सेंट्रल के स्थान पर गोविंदपुरी में रुकेंगी। रेलवे बोर्ड ने इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। ईदगाह और गोविंदपुरी में ठहराव को लेकर टाइम टेबल का भी निर्धारण कर दिया है। ठहराव की तिथि का निर्धारण संबंधित रेलवे जोन करेंगे।

# बच्चों को बेहतर भविष्य देने की तैयारी में सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

***बच्चों को आगे बढ़ने का किया जा रहा प्रयास***– मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है।

जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है।

सरकारी की ओर से यूनिसेफ को मिलेगा पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ को सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। सभी के सहयोग से इस राज्य के बच्चों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जाएगा। इससे आने वाले समय में बच्चों को लाभ मिलेगा।

इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख कननिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग भी मौजूद थीं।


# महिला सिपाही हुई ठगी की शिकार, लगी चार लाख की चपत

▸ टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी ने लगाया चूना ▸ एप के साथ ही कंपनी भी की बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली झारखंड पुलिस में पदस्थापित प्रिया पाठक को मुनाफा देने का लालच देकर टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी ने उनसे चार लाख की ठगी कर ली है ।प्रिया पाठक झारखंड पुलिस में परिचारी प्रवर के पद पर कार्यरत हैं। इस घटना को अंजाम देकर कंपनी ने न सिर्फ अपने एप बंद किया, बल्कि उसके कर्मी भी कार्यालय बंद कर फरार हो गए।

इस संबंध में प्रिया पाठक ने टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी इंडिया के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। सिपाही प्रिया पाठक की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा है कि डॉ. अनिल मिश्रा से उन्हें कंपनी के बारे में जानकारी मिली। पता चला कि कंपनी में निवेश करने पर अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप के जरिए एक लिंक भेजा गया। लिंक में रुपए निवेश करने और कुछ लोगों को कंपनी से जोड़ने पर अधिक मुनाफा देने का उन्हें प्रलोभन दिया गया। वह चार लाख रुपए कंपनी में निवेश की।



वह फरवरी से छह मई 2025 के बीच राशि निवेश की है। कुछ लाभ तो उन्हें मिला। इसके बाद कंपनी ने अपना मोबाइल एप बंद कर दिया। पता चला कि कंपनी अपना कार्यालय बंद कर दी है और उसके कर्मी फरार हो गए।

## पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 29 जून को

रांची। राज्य के सरकारी एवं गैर सरकारी फॉमेर्सी तथा पैरामेडिकल संस्थानों में संचालित डिप्लोमा एवं सर्टिफिकट पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 29 जून को रांची के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित होनेवाली इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है।

इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इंटर स्तरीय पाठ्यक्रमों फॉमेर्सी तथा पारा मेडिकल में नामांकन होगा। इनमें फॉमेर्सी पाठ्यक्रम दो वर्ष तीन माह तथा पारा मेडिकल पाठ्यक्रम दो वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। इस परीक्षा के माध्यम से मैट्रिक स्तरीय सटिफिकेट पाठ्यक्रमों जैसे ड्रेसर, मेडिकल लैब अटेंडेंट तथा रेडियोग्राफर अटेंडेंट में भी नामांकन होगा।

डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए विज्ञान विषय के साथ 12वीं तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# बुजुर्गों को मिलेगी इलाज की मुफ्त सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में झारखंड सरकार ने आम जनता से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं और नियमों को मंजूरी दी। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल, प्रशासन और सामाजिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों से जुड़े फैसले लिए गए। इनमें राज्य के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को अब सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। यह सुविधा आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत दी जाएगी। यह योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का हिस्सा होगी।

इसके साथ ही राज्य सरकार ने निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कॉलेजों की मनमानी फीस पर रोक लगाने के लिए ह्झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स (फीस नियंत्रण) बिल, 2025 पास किया है। अब छात्रों को उचित फीस पर पढ़ाई का मौका मिलेगा। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक के सरकारी स्कूलों में प्राचार्य, आचार्य और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तों को लेकर नई नियमावली लागू की गई है। राज्य के एनसीसी छात्रों को अब कैंप के दौरान पहले से ज्यादा खाना भत्ता मिलेगा। इससे उन्हें प्रशिक्षण में ज्यादा सहूलियत मिलेगी।

हजारीबाग, दुमका और पलामू के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लगी लिफ्टों के रखरखाव के लिए शिंदलर इंडिया प्रा. लि. को जिम्मेदारी दी गई है। इससे मरीजों और स्टाफ को राहत मिलेगी। वहीं मधुपुर शहर में पीने के पानी की व्यवस्था बेहतर करने के लिए 76 करोड़ रुपये की लागत से नई जलापूर्ति योजना को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही वर्ल्ड बैंक की मदद से नगर निकायों की आमदनी बढ़ाने के लिए एक सलाहकार कंपनी नियुक्त की जाएगी। इस पर 10.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# पैसा नहीं देने पर पुत्र ने लगायी घर में आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहर के दामोदरपुर इलाके में सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपने पिता को पैसों के विवाद में जलाने और जान से मारने की कोशिश की।

पीड़ित किशोरी राम, जो धनबाद के सिविल सर्जन कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मी हैं। उन्होंने घटना को लेकर धनबाद थाना में अपने ही पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, 14 मई को दोपहर करीब 12 बजे किशोरी राम अपने घर पर बरामदे में थे, तभी उनका बेटा गोविंद कुमार पैसे की मांग करने लगा। पैसे न मिलने पर उसने गुस्से में आकर बरामदे में आग लगा दी। जब पिता ने आग से बचने की कोशिश की, तो गोविंद ने उनका गला दबाकर हत्या की कोशिश की। किसी तरह जान बचाकर किशोरी राम वहां से निकले और पड़ोसियों की मदद से पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपित गोविंद कुमार ने घटना के बाद अपने बड़े भाई को गाली-गलौज और धमकी दी।

इधर घटना को लेकर धनबाद थाना की पुलिस गोविंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित ने प्रशासन से आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पिता को आग में झोंकने का किया प्रयास

वहीं, दूसरी ओर गिरिडीह में जमीन विवाद में बुधवार की देर शाम महुंआर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से महिला समेत नौ लोग घायल हो गए।

घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। बताया जाता है कि एक पक्ष जमीन पर चारदीवारी देने के लिए नींव की खुदाई कर रहा था।

इस बीच दूसरे पक्ष ने उनकी जमीन पर नींव खोदने से मना करते हुए आपत्ति जताया। इसी बात पर दोनों दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

इस दौरान ईंट, पत्थर, लाठी, डंडा और धारदार हथियार का उपयोग किया गया। घायलों में कंचन देवी, धर्मेंद्र कुमार और नीतू कुमारी तथा दूसरे पक्ष से विनोद पंडित, मोहन पंडित, बजरंगी पंडित, मुरारी पंडित, कौशल्या देवी और भुलिया देवी शामिल हैं। दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## सांसद ने की ओपी प्रभारी की शिकायत

**हजारीबाग।** बड़कागांव के पगार ओपी प्रभारी द्वारा पुलिस प्रताड़ना का मामला सामने आया है। इसे लेकर नाराज सांसद मनीष जायसवाल ने डीआईजी आवास पहुंच कर थाना प्रभारी के खिलाफ आवेदन दिया है। सांसद ने इसे अमानवीय करार देते हुए मामले पर संज्ञान ले और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। दरअसल, सांसद पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर को लेकर इसलिए आगबबूला हैं क्योंकि उसने एक निर्दोष पर झूठा केस दर्जकर उसे जेल भेज दिया है।

पूरा मामला पगार ओपी का है, जिसके प्रभारी विक्की ठाकुर पर गंभीर आरोप लगा है कि उसने झूठा आरोप लगाकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, क्योंकि उसने कोयल खनन कंपनी के खिलाफ आवेदन दिया था।

हजारीबाग में पुलिस प्रताड़ना की शिकायत लेकर जब सांसद खुद डीआईजी आवास पहुंच जाए तो यह समझना चाहिए कि मामला कितना गंभीर है। सांसद ने मूलचंद साव और उनके परिवार के ऊपर पुलिस प्रताड़ना को लेकर डीआईजी संजीव कुमार को आवेदन दिया।

# जेपीएससी नियुक्ति में दिव्यांग उम्मीदवारों को देना होगा आरक्षण का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने पांचवीं जेपीएससी नियुक्ति से संबंधित मामले में सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार को दिव्यांग उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ देने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों ने मेरिट के आधार पर सामान्य कैटेगरी की सीटें हासिल की हैं, तो उनकी आरक्षित सीटों को अन्य योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों को दिया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला कपिलदेव हंसदा और ज्योति कुमारी की अपील पर सुनाया गया, जिन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की पांचवीं परीक्षा (2013) में आरक्षण के लाभ से वंचित रहने का आरोप लगाया था। परीक्षा में 272 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनमें से एक पद दृष्टिबाधित, तीन पद श्रवण एवं वाणी बाधित और एक पद लोकोमोटर दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि चार दिव्यांग उम्मीदवारों ने मेरिट के आधार पर सामान्य कैटेगरी में सफलता प्राप्त की, लेकिन उनकी आरक्षित सीटों को अन्य योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों को नहीं दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 'पर्सन्स विद डिसेबिलिटी (इक्वल ऑपर्च्युनिटी, प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स एंड फुल पार्टिसिपेशन) एक्ट, 1995 की धारा 33 और 36 का हवाला देते हुए झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ताओं के दावों पर दो महीने के भीतर विचार करें।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि यदि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों ने मेरिट के आधार पर सामान्य कैटेगरी की सीटें प्राप्त की हैं, तो उनकी आरक्षित सीटों को अगले योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों को दिया जाना चाहिए।



कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि किसी उप-श्रेणी में योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो आरक्षित पदों को अन्य उप-श्रेणियों में बदला जा सकता है।

इसके अलावा अदालत ने ज्योति कुमारी, जो पहले से ही ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर नियुक्त हैं, को विकल्प दिया कि वह जेपीएससी की पांचवीं परीक्षा के आधार पर झारखंड प्रशासनिक सेवा में पद स्वीकार कर सकती हैं या अपने वर्तमान पद पर बनी रह सकती हैं। लेकिन वह वेतन निर्धारण को छोड़कर किसी भी अतिरिक्त लाभ के बिना उस बैच के साथ वरिष्ठता की हकदार होगी। इसके साथ ही अदालत ने उक्त याचिका निष्पादित कर दी है।

# 402 सदस्यीय टीम चुनाव के गुर सीखने जायेगी दिल्ली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग देश के सभी राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग दे रहा है। इसी कड़ी में झारखंड के 402 सदस्य, जिनमें बीएलओ, वालेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के लोग शामिल हैं, 19 और 20 मई को नई दिल्ली में दो दिन की कार्यशाला में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में आने वाले सभी लोगों के आने-जाने, रहने और खाने की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही, जो लाइजनिंग ऑफिसर प्रतिभागियों के साथ जाएंगे, वे समन्वय का ध्यान रखें। सभी स्टेकहोल्डर अपने पहचान पत्र जरूर साथ लेकर आएं। के. रवि कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन बैठक कर सभी जिलों के उप निर्वाचन अधिकारियों और कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी लोगों से बात की। के. रवि कुमार ने बताया कि 19 मई को होने वाले कार्यक्रम के पहले दिन योगा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ बातचीत, चुनाव से जुड़े रोल प्ले, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग और अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के अनुभव साझा करने जैसे काम होंगे। 20 मई को नई दिल्ली के बड़े संस्थानों का भ्रमण करने के लिए 9 बसों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए में रहने की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी देगा।





मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार झारखंड आए थे, तब उन्होंने यहां के वालेंटियर और बीएलओ के काम की बहुत तारीफ की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्देश पर झारखंड के चुनाव से जुड़े अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के अनुभव में होने वाली इस कार्यशाला में साझा किए जाएंगे। इसका रिकॉर्ड बनाया जाएगा और इसे अन्य राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इस अवसर पर पलामू के उपायुक्त शशी रंजन, धनबाद की उपायुक्त मती माधवी मिश्रा, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी और होने वाली कार्यशाला में भाग लेने वाले झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य मौजूद थे।

## बारिश से किसानों को मिली संजीवनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** भीषण गर्मी के बाद जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इससे कड़ाके की धूप से लोगों को राहत मिली। गर्मी कम महसूस हुई। तापमान में गिरावट भी आई। प्रातः ऐसा लग रहा था कि जोरदार बारिश होगी, लेकिन जिला मुख्यालय में देर शाम तक बारिश नहीं हुई। पाकुड़िया, अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में बारिश हुई। इससे लोगों को राहत मिली है। बारिश के कारण सब्जी उपजाने वाले किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा।

इसी तरह प्रखंड क्षेत्र में सूर्यदेव की प्रचंडता ने धरती को तपाया। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिनभर की तपिश और शाम की उमस ने जनजीवन को कष्टप्रद बनाया, लेकिन दोपहर बाद चार बजे प्रखंड क्षेत्र में करीब एक आधे घंटे तक हुई बारिश ने लोगों को राहत दी। प्रखंड क्षेत्र में बेमौसम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

# सदर अस्पताल में गूंजेगी टेस्ट ट्यूब बेबी की किलकारी

## अब गरीब निःसंतान दंपत्ति भी पा सकेंगे संतानसुख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अब सरकारी अस्पताल में भी टेस्ट ट्यूब बेबी (आईवीएफ) की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। निःसंतान लोगों के लिए यह वरदान साबित होगा। जरूरतमंद दंपती काफी कम पैसे में इसका लाभ उठा सकेंगे। अभी निजी अस्पतालों में इस उपचार और सुविधा के लिए लोगों को लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। रांची के सदर अस्पताल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुविधा शुरू होने के बाद यहां 20 से 25 हजार रुपये में आईवीएफ का लाभ मिल सकेगा।

अभी झारखंड में सिर्फ निजी आईवीएफ सेंटर में ही आईवीएफ की सुविधा है, जिनमें इस उपचार के लिए 80 हजार रुपये से तीन लाख रुपये तक खर्च करने होते हैं। ऐसे में कम आमदनी वाले लोग इस सुविधा का लाभ नहीं ले पाते हैं। रांची के सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार बताते हैं कि यह सेंटर खुद अस्पताल द्वारा चलाया जाएगा, इससे गरीबों को काफी राहत मिलेगी। जो महिला पैसा देने की स्थिति में नहीं हैं, उन्हें भी निराश होने की जरूरत नहीं होगी, उनके घर में भी किलकारी गूंजेगी।

अभी सेंटर खोलने को लेकर एस्टीमेट बनाया जा रहा है। यह करीब दो करोड़ के आसपास होगा। इसमें कई एडवांस तकनीक की मशीनें खरीदी जाती हैं। साथ ही कुछ विशेषज्ञ तकनीशियन को भी रखा जाएगा।


सदर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञों के माध्यम से ही आईवीएफ सेंटर का संचालन किया जाएगा। इसके लिए इन डाक्टरों को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभी अस्पताल में 18 स्त्रीरोग विशेषज्ञ हैं।

आईवीएफ सेंटर संचालित करने के लिए ट्रेंड नर्सों की भी जरूरत होगी, जो पहले से ही अस्पताल में मौजूद हैं, इनमें से कई नर्स आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत हैं। इनकी भी सेवा लेने की तैयारी है।

आईवीएफ एक सहायक प्रजनन तकनीक है जिससे गभार्धान की प्रक्रिया में मदद मिलती है। इसमें अंडाशय से अंडे निकालकर प्रयोगशाला में शुक्राणु के साथ निषेचित किया जाता है और फिर निषेचित अंडा (भ्रूण) को गर्भाशय में स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसके बाद महिला एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है। यह पूरी प्रक्रिया एक सटीक तापमान व तकनीक के साथ संपन्न कराई जाती है।

# नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया

## धोनी, कपिल और बिंद्रा इसका हिस्सा




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी है। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार, 14 मई को इसकी घोषणा की। बयान के अनुसार, यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी है। नीरज चोपड़ा पहले भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे। उन्हें 2018 में सुबेदार बनाया गया था। नीरज 2016 में भारतीय सेना में नायब सूबेदार के रूप में शामिल हुए थे। नीरज चोपड़ा से पहले पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, कपिल देव और अभिनव बिंद्रा जैसे खिलाड़ियों को टेरिटोरियल आर्मी में मानद उपाधि दी जा चुकी है।

- **नीरज आज दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे** – नीरज चोपड़ा शुक्रवार 16 मई को दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। नीरज ने पिछले सीजन में 88.36 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था। वे 2023 में 88.67 मीटर के स्कोर के साथ चैंपियन बने थे। नीरज के अलावा, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी भी हिस्सा लेंगी।

**लगातार दो ओलिंपिक मेडल जीत चुके हैं नीरज** – नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-2 जेवलिन थ्रोअर हैं। वे भारत की ओर से लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में मेडल जीत चुके हैं। नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा, वे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वर्ल्ड क्लास टूर्नामेंट में भारत को गोल्ड मेडल जिता चुके हैं।

# कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे

## चयन समिति ने नहीं दिया साथ; 12 मई को लिया था संन्यास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

### रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत

कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी खेलने से यह साफ था कि वह आगामी टेस्ट में वापसी करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से भी समर्थन मिलेगा, पर उन्हें नहीं मिला।

### पिछले पांच सालों में टेस्ट में 3 शतक ही जड़े

कोहली के अगर पिछले सालों के प्रदर्शन को देखें तो पता चला कि उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। उन्होंने इस बीच खेले 68 पारियों में केवल 2028 रन बनाए और तीन शतक ही लगाए। इस दौरान उनका करियर औसत घटकर 46 तक आ गया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ में शानदार शतक के साथ वापसी के संकेत दिखे, लेकिन बाकी दौरे में वह केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से सीरीज हार गया।

# गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

## इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के ,श्व दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ,श्व के लिए रवाना भी हो गए हैं।

### पहले भी दिल्ली के लिए खेल चुके

मुस्तफिजुर इससे पहले 2022 और 2023 सीजन में डीसी के साथ थे। उन्होंने 2016 में अपने पहले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ खिताब जीता था, इस दौरान उन्होंने 16 विकेट लिए थे। मुस्तफिजुर उसी साल इमर्जिंग प्लेयर ऑफ ईयर का टाइटल जीतने वाले पहले विदेशी प्लेयर बने थे।



### आईपीएल में 61 विकेट ले चुके

मुस्तफिजुर 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपए में शामिल किया हैं।

### डीसी के लिए तीसरे लेफ्ट आर्म पेसर

मुस्तफिजुर दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होंगे। टीम के पास पहले से मिचेल स्टार्क और टी नटराजन भी हैं। स्टार्क टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में एक बार 5 विकेट लेकर 14 विकेट लिए हैं।

### प्लेऑफ में पहुंचने के लिए तीनों मैच जीतना जरुरी

भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद 17 मई आईपीएल फिर से शुरू होने वाला है। दिल्ली पॉइंट्स टेबल में अभी 11 मुकाबलों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। अगर टीम को प्लेऑफ में पहुंचना है तो बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। दिल्ली के बचे तीन मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब के खिलाफ हैं। हालांकि लास्ट 5 मैचों में दिल्ली को सिर्फ एक में ही जीत नसीब हुई है।

### मैगर्क के लिए सीजन खराब रहा

जैक फ्रेजर मैगर्क के लिए 2025 आईपीएल सीजन कुछ खास नहीं रहा। उन्हें पहले छह मैचों के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। मैगर्क सीजन में मात्र 55 रन बना सके।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया

## एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला



**बार्सिलोनी (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मार्योका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मार्योका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# डब्ल्यूटीसी 2025 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा

## विनर को 30.79 करोड़ रुपए, नंबर-3 पर रहने पर भारत को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के विजेता को 30.79 करोड़ रुपए राशि मिलेगी, जबकि हारने वाली टीम को 18.47 करोड़ रुपए राशि मिलेगी।

- **पिछले दो फाइनल से 17.96 करोड़ रुपए ज्यादा** – इस बार विजेता टीम को मिलने वाली इनामी राशि पिछले दो फाइनल के विजेताओं न्यूजीलैंड (2021) और ऑस्ट्रेलिया (2023) की जीती राशि से 17.96 करोड़ रुपए से अधिक है। पिछले दो एडिशन में विजेता को 13.68 करोड़ रुपए दिए गए थे, जबकि उपविजेता को 6.84 करोड़ रुपए दिए गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- **टीम इंडिया को मिलेगी 12.32 करोड़ रुपए** – वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने वाली सभी 9 टीमों को प्राइज मनी मिलेगी। नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान को भी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम इंडिया को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- **साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया टॉप-2 में रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया** – वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चरण में साउथ अफ्रीका ने 69.44 प्रतिशत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप रह कर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत ने अधिकांश समय पॉइंट टेबल में टॉप पर रहने के बाद आखिरी में 50.00 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। भारत को आखिरी दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार के बाद उसे ऑस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पड़ा था।
- **आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा- तीसरा चरण काफी रोचक रहा** – आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि तीसरा चरण काफी रोचक रहा। फाइनलिस्ट का फैसला आखिरी में जाकर हुआ। मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित फॉर्मेट में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अब से एक महीने से भी कम समय में मैदान पर उतरेंगे।
- **पैट कमिंस बोले- टॉफी का डिफेंड करने हमारे लिए महत्वपूर्ण** – ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि लॉर्ड्स में ट्रॉफी को डिफेंड करना हमारे लिए गर्व की बात है। मैं पिछले दो सालों में टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई देता हूं और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। हम इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।
- **तेम्बा बावुमा ने कहा- आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका** – साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बेहद खुश हैं। हमारे पास आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका है।

# कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गया- वॉर्नर

## जावेद अख्तर बोले- विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने कहा, विराट कोहली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बॉल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए।

**वॉर्नर बोले- विराट की टीम में खेलना चाहता था** – डेविड वॉर्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चैलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजॉय किया। आईपीएल में जब भी उनके




सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी कि सपना अधूरा रह गया।डेविड वॉर्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे।

**विराट बेहतरीन लीडर- वॉर्नर** – वॉर्नर ने आगे कहा, टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनके आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम को बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैकआउट की कहानी

## कहा- डर का माहौल था, मैसेज मिला- तुरंत निकलो,मिसाइल हमले की अफवाह थी

**मेलबर्न (एजेंसी) ।** मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट में धर्मशाला ब्लैकआउट की कहानी बताई। वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था। क्योंकि, वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। यह बताते हुए दिल्ली के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली सहम गईं। वे विलो टॉक पॉडकास्ट पर 8 मई की रात धर्मशाला स्टेडियम में ब्लैकआउट की कहानी बयां कर रहीं थी।

ऑस्ट्रेलिया विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने एक पॉडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। हीली ने कहा- वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया। खिलाड़ियों के साथ सपोर्ट स्टाफ को एक बस में होटल वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी।



जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है, एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। उन्होंने बताया... बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है। हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह था अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था। यह ऐसा था जैसे आप वहां से निकलते ही वैन में चढ़ जाएं।

**हमें लगा हम स्टेडियम में सुरक्षित हैं** – एलिसा ने कहा- 'उस आदमी ने कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। और हम कह रहे थे, 'ओह, यह ठीक है।' हम बाकी सभी को स्टेडियम से पहले बाहर जाने देना और वहां रुके रहना बेहतर समझ रहे थे। हमें लगा कि हम शायद यहां सुरक्षित हैं, क्योंकि हर जगह लोग सीढ़ियों से नीचे उतर रहे होंगे।'

एलिसा ने बताया कि इसके बाद चीजें तेजी से बदल गईं और हमें एक कमरे में ले जाया गया। वहां पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ी पहले से मौजूद थे। फिर एक और आदमी आया, उसका चेहरा सफेद पड़ चुका था, उसने एक बच्चे को पकड़ लिया और कहा- हमें अभी निकलना होगा।'

**यह इतना जल्दी हुआ कि फाफ बिना जूते के निकले** – एलिसा ने कहा- यह इतनी तेजी से हुआ कि फाफ डु प्लेसिस ने जूते भी नहीं पहने थे। वे सभी वहां बस इंतजार कर रहे थे। सभी तनाव में दिख रहे थे। मैंने मिच (मिचेल स्टार्क) से पूछा, 'क्या हो रहा है?' और उसने कहा, '60 किलोमीटर दूर शहर में अभी-अभी मिसाइलों से हमला हुआ है'।

# दिल्ली-एनसीआर में छाई हुई है धूल!

## आईजीआई एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार सुबह से धूल की चादर छाई हुई है। इससे विजिबिलिटी का स्तर कम हुआ है। दरअसल, मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बुधवार रात साढ़े 11 बजे तेज आंधी आई। इसका असर अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वातावरण में हर तरफ धूल छाई हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है। कल बुधवार रात 10 से साढ़े 11 बजे के दौरान धूल भरी आंधी चली। इससे एक दो घंटे में ही पालम और आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 4500 मीटर से गिरकर 1200 मीटर हो गई थी। यह मुख्य रूप से उस समय क्षेत्र में अचानक धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण था। उन्होने कहा कि लगभग 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही थी, लेकिन बाद में तब से ही तीन से सात किमी प्रति घंटे की शांत/कमजोर हवा की स्थिति बनी हुई है। नतीजा हवा में धूल के साथ सफदरजंग और पालम दोनों एयरपोर्ट पर दृश्यता 1200-1500 मीटर पर खराब बनी हुई है। हालांकि आज दिन में मौसम



साफ हो जाने के आसार हैं। दूसरी तरफ अब फिर गर्मी बढ़ने की संभावना है। दो दिन से तापमान 40 डिग्री पार जा रहा है। आज 41 डिग्री चले जाने के आसार हैं। हालांकि लू अभी नहीं चलेगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी खराब श्रेणी में बनी हुई है। आज दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। तेज धूप भी खिली रहेगी, लेकिन 15 से 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीच बीच में यह रफ्तार 35 किमी प्रति घंटे तक की भी हो सकती है। बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे दिल्ली का एक्यूआई 249 रिकॉर्ड किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। धूल भरी आंधी के चलते आज आठ दिन बाद दिल्ली का एक्यूआई 200 से ऊपर गया है। एनसीआर के शहरों में भी हवा खराब श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल एक्यूआई की यही श्रेणी बनी रहेगी। तापमान का चढ़ता ग्राफ गौतमबुद्ध नगर में भी गर्मी बढ़ाने लगा है। बुधवार को नोएडा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते लोगों को गर्मी के सितम से दो चार होना पड़ा। लोग भीषण गर्मी के बीच ही जरूरी कामकाज करते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने बताया है तो जिले में अगले दो दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहने की संभावना जताई है।

### वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन सुधार बरकरार

मौसमी परिस्थितियों के चलते वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन भी सुधार बना रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 135 दर्ज किया गया। इसे मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पूर्व मंगलवार को यह 141 रहा था। यानी 24 घंटे के दौरान इसमें छह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। एनसीआर के शहरों में भी यही स्थिति है। हाल फिलहाल इसके मध्यम श्रेणी में ही बने रहने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

## कॉलेज की लाइब्रेरी में लगी भीषण आग

### खौफनाक मंजर देख सहम उठे लोग, परीक्षा हुई रद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पीतमपुरा में टीवी टावर स्थित गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की लाइब्रेरी में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां अफरातफरी मच गई। वहीं, आनन–फानन में फायर ब्रिगेड की टीम को आग की सूचना दी गई।
बताया गया कि आग की सूचना मिलने पर दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग



बुझाने में जुट गई। बताया गया कि आग सुबह करीब 9-40 मिनट पर लगी। आग लाइब्रेरी की पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर लगी है। बता दें कि आग इतनी भयंकर लगी है कि आसपास के लोग भी खौफनाक मंजर देखकर कांप उठे। इस दौरान कॉलोनी में अफरातफरी का माहौल रहा। बताया गया कि आग आंतरिक परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले लगी, इसलिए महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की संख्या कम रही। घटना के बाद आंतरिक परीक्षा रद कर दी गई। आग लगने का कारण सर्वर में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग में सैकड़ों पुस्तकें और फर्नीचर जल कर राख हो गया। लगभग 40 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका।
गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की ओर से बताया गया कि 15 मई 2025 को होने वाली सुबह की परीक्षा रद कर दी गई है। नई तिथि और कार्यक्रम की सूचना जल्द ही दी जाएगी।

## 3 गांवों में जमकर गरजा बुलडोजर

### आंखें के सामने तोड़े आशियाने, मचा हड़कंप

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** नया गुरुग्राम में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन (डीटीपीई) की टीम ने मंगलवार को पुलिस बल की सहायता से पुलिस थाना सदर सोहना के अधीन निमोत चौकी क्षेत्र के तीन गांवों में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ा तोड़फोड़ अभियान चलाया।





डीटीपीई के अनुसार, यह सभी कॉलोनियां नियंत्रण क्षेत्र में अवैध रूप से काटी की जा रही थीं। अभियान की शुरुआत गांव किरनकी से की गई, जहां एक एकड़ क्षेत्र में फैली कॉलोनी में सात डीपीसी और पांच रेडीमेड चारदीवारी को तोड़ा गया। इसके साथ ही कॉलोनी का पूरा सड़क नेटवर्क ध्वस्त किया गया। इसके बाद टीम गांव संचोली पहुंची, जहां 11 एकड़ क्षेत्र में फैली चार अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। यहां तीन निर्माणाधीन ढांचे, नौ प्लॉटों की चारदीवारी और संपूर्ण सड़क नेटवर्क को मिट्टी में मिलाया गया।
वहीं, तीसरे चरण में गांव दौल्हा में स्थित एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई, जो छह एकड़ क्षेत्र में फैली थी।

## सीबीएसई की परीक्षा में आए 83त्न नंबर, फिर भी नाखुश 10वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी जिले के बुराड़ी में सीबीएसई रिजल्ट में 83 प्रतिशत नंबर लाने से उदास दसवीं के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नतीजे घोषित होने के बाद वह बेहद उदास था। कोचिंग जाने की बात कर वह घर की छत पर बने स्टोर रूम में पहुंचा और वहां फंदा लगा लिया। मृतक की पहचान अक्षत के रूप में हुई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अक्षत परिवार का इकलौता बेटा था। स्वजन का कहना है कि उन्होंने बेटे पर कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया। पुलिस उसका मोबाइल फोन कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब आठ बजे बुराड़ी के सरकारी अस्पताल से उन्हें एक छात्र के फंदा लगाने की सूचना मिली। उसके स्वजन ने बताया कि वे एकता सोसायटी, संत नगर बुराड़ी में रहते हैं। अक्षत के पिता भुवनेश कुमार पालीवाल डॉक्टर लाल पैथ लैब में जनरल मैनेजर हैं, जबकि मां दिल्ली नगर निगम के स्कूल में टीचर हैं। अक्षत मॉडल टाउन के एक नामी स्कूल में पढ़ता था। फिलहाल वह बुराड़ी स्थित आकाश इंस्टीट्यूट में मेडिकल की तैयारी कर रहा था। मंगलवार को रिजल्ट आने के बाद वह उदास था। दोपहर करीब तीन बजे उसने मां से कहा कि वह कोचिंग जा रहा है। कोचिंग जाने के बजाय वह छत पर बने स्टोर रूम में गया और उसने चुन्नी के सहारे फंदा लगा लिया। शाम करीब 4.30 बजे उसकी मां ने उसे कॉल की तो उसका फोन नहीं उठा। मां ने कोचिंग के टीचर को कॉल की।

# दोनों हाथों में पिस्टल लेकर खड़ा था बदमाश

### पुलिस ने घेरा तो की फायरिंग, फिल्मी अंदाज में हुई गिरफ्तारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** फरुखनगर के झज्जर गेट पर पूर्व पार्षद मुकेश सैनी के पोते राकेश सैनी की दो गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित की बुधवार दोपहर फिल्मी अंदाज में चरखी दादरी में गिरफ्तारी की गई। आरोपित की पहचान झज्जर के इस्माइलपुर गांव निवासी पंकज रूप में की गई। मंगलवार को हत्या के बाद वह पहले झज्जर और फिर भागकर चरखी दादरी पहुंचा था।

बताया जाता है कि बुधवार दोपहर चरखी दादरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक पर दोनों हाथों में पिस्टल लेकर आरोपित खड़ा था। पास में रहने वाले कुछ लोगों ने जब इसे इस हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। जीआरपी समेत अन्य नजदीकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को देखकर उसने तीन बार हवा में और एक बार पुलिसकर्मियों की तरफ फायर किया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद जब पुलिस आगे बढ़ी तो उसने खुद की कनपटी पर पिस्टल रखकर गोली चलाने की धमकी दी और चंद सेकेंड बाद उसने गोली चला भी दी।

हालांकि, फायर होने पर उसका हाथ फिसल गया और गोली सिर के पास से गुजर गई। इससे वह नीचे गिर गया और पुलिस कर्मियों ने उसे धर दबोचा। वह काफी नशे में लग रहा था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान पंकज के रूप में



की गई। आरोपित के पास से दो अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए।

आरोपित फिलहाल जीआरपी की गिरफ्त में है। जीआरपी के अनुसार पूछताछ में उसने मंगलवार को फरुखनगर में युवक राकेश की हत्या की वारदात स्वीकार की। यह भी बताया कि हत्या के बाद वह इस्माइलपुर गांव चला गया था।

बुधवार सुबह उसे एक और व्यक्ति की हत्या करनी थी, लेकिन जब वह वारदात करने पहुंचा तो आरोपित नहीं मिला। इसके बाद वह भागकर झज्जर अनाज मंडी पहुंचा। यहां से निजी वाहन या बस से चरखी दादरी गया था। पकड़े जाने पर वह इतने नशे में था कि उसे खुद नहीं पता था कि वह भागकर कहां जा रहा था।

फरुखनगर के वार्ड नंबर 10 निवासी 33 वर्षीय राकेश सैनी ने झज्जर गेट के पास चाय-समोसे की दुकान कर रखी थी। सोमवार शाम आरोपित पंकज अपने साथियों के साथ समोसा खाने दुकान पर आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी राकेश से झड़प हो गई थी।

आरोपित द्वारा देख लेने की धमकी देने पर राकेश ने फरुखनगर थाना पुलिस को इसकी जानकारी भी दी थी। हालांकि, लिखित शिकायत न होने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दूसरे दिन मंगलवार सुबह दस बजे आरोपित बाइक पर आया और काउंटर पर बैठे राकेश पर फायरिंग कर दी।

राकेश के सीने पर एक और कोहनी के पास एक गोली लगी थी। इसमें उसकी मौत हो गई थी।

## अपने ही जिगर के टुकड़े को मां ने नहर में फेंका, जांच में तांत्रिक भी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दो साल के बेटे को आगरा नहर फेंकने वाली महिला और षड्यंत्रकारी तांत्रिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गोताखोर की मदद से मंगलवार को आगरा नहर में बीपीटीपी के पुल से 500 मीटर आगे बच्चे के शव को बरामद कर लिया है। उसका शव कीचड़ में बुरी तरह से फंसा हुआ था। महिला को बच्चे को आगरा नहर में फेंकते हुए वहां से गुजर रहे लोगों ने देख लिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। थाना बीपीटीपी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। महिला सैनिक कालोनी में रहने वाली मेघा लुकरा है। मेघा के पति कपिल प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। जिसमें 14 साल की बेटी मानिया व दो साल का बेटा तन्मय है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि मेघा मानसिक रूप से परेशान रहती है।

वह उनके बेटे को किसी तांत्रिक के पास लेकर जाती रहती थी। तांत्रिक के बहकावे में आकर वह अपने दो साल के लड़के को जिन्न का बच्चा बताती है। तांत्रिक के कहने पर ही उसने बच्चे को बीपीटीपी पुल से आगरा नहर में फेंक दिया।

## बुजुर्ग को तीन दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, फिर लगाया करीब 17 लाख का चूना

**फरीदाबाद, एजेंसी।** घोटाले की रकम खाते में आने की धमकी देकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 16.44 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित के खाते में कुछ नहीं बचा तो उन्हें थाने जाने की बात कही। थाने में जाकर सच्चाई का पता चला कि यह साइबर फ्राड हो गया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



थाना साइबर क्राइम सेंट्रल में सेक्टर-86 में रहने वाले अशोक ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट जाब करते थे। 16 साल पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। पत्नी की मौत हो चुकी है और बेटा अलग रहता है। वह फ्लैट में अकेले रहते हैं। 28 अप्रैल 2025 को उनके पास वॉट्सएप कॉल आई। काल करने वाले ने उससे कहा कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच से बोल रहे हैं। नरेश गोयल नाम का आदमी मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच हजार करोड़ रुपये के घोटाले मे गिरफ्तार किया है। नरेश गोयल ने पूछताछ में आपका नाम घोटाले की साजिश में शामिल बताया है। जांच में पता चला है कि 6.5 करोड़ रुपये का घोटाला आपके पेन कार्ड व आधार कार्ड का प्रयोग करके किया है। इस संबंध में आपसे पूछताछ करेंगे।


इसलिए आपको लगातार वीडियो काल पर रहना है और हमारी अनुमति के बिना किसी से भी बात नहीं करनी है। बिना हमारी अनुमति के कही नहीं जाना है और अपने फोन की बैटरी चार्ज रखनी है।

## दुनिया के सबसे खुशहाल देश फिनलैंड पर मंडराने लगे मुसिबतों के बादल

**हेल्सिंकी, एजेंसी।** दुनिया के सबसे खुशहाल देश का खिताब जीत चुके फिनलैंड को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अब वह एक नए खतरे में है। रूस की हालिया सैन्य गतिविधियों ने यूरोप को चिंतित कर दिया है। हुआ यह है कि उपग्रह चित्रों से पता चला है कि रूस ने फिनलैंड की सीमा के बहुत करीब चार महत्वपूर्ण स्थानों पर बड़ी संख्या में सैनिकों और सैन्य उपकरणों को तैनात किया है। यूक्रेन पर हमले के बाद यह दूसरी बार है जब रूसी गतिविधियां इतने बड़े पैमाने पर दर्ज की गई हैं। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्वीडन के राष्ट्रीय प्रसारक एसवीटी और सैटेलाइट कंपनी प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी तस्वीरों में यह खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि रूस ने चार स्थलों अर्थात् कामेनका, पेट्रोज़ावोडस्क, सेवेरोमोर्स्क-2 और ओलेन्या पर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया है। कामेन्का फिनलैंड की सीमा से सिर्फ 35 मील की दूरी पर है, जहां फरवरी से अब तक 130 से अधिक सैन्य टेंट स्थापित किए जा चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां 2,000 तक सैनिक तैनात किये जा सकते हैं। पेट्रोज़ावोडस्क में तीन विशाल सैन्य भंडारण हॉल तैयार किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 50-50 बख्तरबंद वाहन रखे जा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन हॉलों का निर्माण वास्तविक सैन्य ताकत को छिपाने के लिए किया गया होगा। साथ ही, सेवेरोमोर्स्क-2 पर भारी हेलीकॉप्टर उड़ान भी देखी गई है। जिससे यह बेस रूसी हवाई अभियानों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। चौथा स्थान ओलेन्या है, जिसे यूक्रेन ने पहले ही हमलों के स्रोत के रूप में पहचाना है और जहां नई गतिविधियां भी देखी गई हैं।

## ट्रम्प से कतर में मिले मुकेश अंबानी: यूएस-कतर के बीच 100 लाख करोड़ की डील

**दोहा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बुधवार को कतर में भारतीय बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने हाथ भी हिलाया। मुकेश अंबानी कुछ देर रुककर ट्रम्प से बात करते हुए भी नजर आए। इससे पहले कल रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर के अमीर शेख तामिन बिन हमद अल-थानी के बीच बुधवार को दोहा में 1.2 ट्रिलियन डॉलर (करीब 100 लाख करोड़ रुपए) की अलग-अलग डील हुई।



व्हाइट हाउस के मुताबिक इसमें दोनों देशों के बीच 243 अरब डॉलर (करीब 20 लाख करोड़ रुपए) की फाइनेंशियल डील भी शामिल है। इस फाइनेंशियल डील में कतर एयरवेज द्वारा बोइंग विमानों की खरीद, हथियारों की खरीद, नेचुरल गैस और क्वांटम टेक्नोलॉजी से जुड़े सौदे शामिल हैं। कतर एयरवेज ने बोइंग और जीई एयरोस्पेस के साथ 210 मेड इन अमेरिका बोइंग 787 ड्रीमलाइनर और 777एक्स विमानों की खरीद का समझौता किया। इसकी वैल्यू 96 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) है।

**अमेरिका और कतर में 4 प्रमुख समझौते:** सऊदी में सीरियाई राष्ट्रपति से मिले ट्रम्प इससे पहले ट्रम्प ने रियाद में सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा उर्फ अबु मोहम्मद अल-जुलानी के साथ मुलाकात की थी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2000 के बाद पहली बार है जब अमेरिका और सीरिया के राष्ट्र प्रमुख की मुलाकात हुई। अमेरिका ने जुलानी पर 1 मिलियन डॉलर (करीब 85 करोड़ रुपए) का इनाम रखा था, लेकिन पिछले साल दिसंबर में जुलानी के अंतरिम राष्ट्रपति बनने के बाद यह इनाम हटा लिया गया था।

# गाजा में बच्चों की मौत के लिए अमेरिका जिम्मेदार, सीनेट बाधित करने के आरोप में कारोबारी कोहेन हिरासत में

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एंड जेरी के सह संस्थापक और प्रगतिशील कार्यकर्ता और बेन बेन कोहेन को अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है। ये वाकया तब हुआ जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर मेडिकेड में कटौती करने के लिए प्रस्ताव ला रहे थे, उसी दौरान प्रदर्शनकारियों के समूह में शामिल बेन कोहेन ने गाजा में जारी नरसंहार और भुखमरी के शिकार बच्चों के लिए अपना विरोध जताया।

अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही के दौरान जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर अपने विभाग के बजट प्रस्ताव की जानकारी दे रहे थे। उसी दौरान कोहेन ने उन्हें रोकते हुए अपना विरोध जताया। कोहेन ने चिल्लाते हुए कहा कि कांग्रेस गाजा में बच्चों को मारने के लिए बम खरीदने के लिए भुगतान करती है, जबकि यहां सांसद निम्न आय वाले परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने सीनेटरों से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि वे इस्राइल पर गाजा में भुखमरी के शिकार बच्चों तक भोजन और रसद पहुंचाने के लिए दबाव डालने की भी अपील की। इसी दौरान, सीनेट में मौजूद सुरक्षा बलों ने कोहेन को रोकते हुए आनन-फानन में उन्हें हथकड़ी पहनाई और सीनेट से बाहर ले गए।



### गाजा मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ कोहेन

हालांकि कुछ देर बाद कोहेन को रिहा कर दिया गया। अपनी रिहाई के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोहेन ने गाजा मुद्दे पर अमेरिकी सरकार के कदमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है कि अमेरिका ने इस्राइल के लिए 20 बिलियन डॉलर को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश अमेरिकी इस बात से नाराज हैं कि उनके पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### अमेरिका की मान्यताओं के भी खिलाफ

कोहेन ने कहा कि हजारों लोगों के नरसंहार को स्वीकार करना और उसमें सहभागी होना, मनुष्य होने के नाते हमारी मूल भावना पर आघात है। साथ ही यह अमेरिका की मान्यताओं के भी खिलाफ है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने बजट का आधा हिस्सा युद्ध पर खर्च करता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अगर आप उस धन का आधा हिस्सा भी दुनिया में जीवन को बेहतर बनाने में खर्चेंगे तो जंग नहीं होगी। आगे बोलते हुए बेन कोहेन ने जंग शांत करने के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशों के बीच तमाम मुद्दे हैं, लेकिन उन्हें बिना मारे–पीटे वार्ता के जरिए भी हल किया जा सकता है।

### 20 महीने से जारी है जंग

गाजा में युद्ध तब शुरू हुआ, जब हमास के नेतृत्व वाले चरमपंथियों ने 2023 में दक्षिणी इस्राइल पर मिसाइलों की बारिश कर दी थी। लड़ाकों ने इस्राइल में घुसपैठ करके 1,200 लोगों को मार डाला। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइल के जवाबी हमले में 52,800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से कई महिलाएं और बच्चे हैं। इस्राइल के हमले ने गाजा के शहरी परिदृश्य के बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया है और 90प्रतिशत आबादी को विस्थापित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमिया के चतरोचट्टी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार शुक्रवार (आज) को गोमिया प्रखण्ड के चतरोचट्टी के पीवीटीजी टोला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं जरूरी दवाइयाँ उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त ने पीवीटीजी परिवारों/आमजनों से अपील किया है कि वह शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाएं। शिविर को लेकर सिविल सर्जन एवं संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिया गया है।

### झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने उपायुक्त को ज्ञापन दिया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सभापति सुजीत रंजन के नेतृत्व में धनबाद के उपायुक्त माधवी



मिश्रा को ज्ञापन पत्र दिया गया। समिति के प्रवक्ता ने बताया इस पत्र देने का मूल उद्देश्य ये था कि हमारे शिक्षा मंत्री द्वारा बंगला भाषा या बांग्ला पुस्तक को पठन-पाठन में शामिल करने में अनिच्छा प्रकाश करना और दूसरी कारण ये भी है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदल दिया गया। ये नाम किसी का भी हो हमे कोई मतलब नहीं है लेकिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो कि एक स्वाधीनता संग्रामी, एक बांग्ला भाषा के प्रशंसक थे।उनका नाम बदलना बंगाली जाती के ऊपर ये एक ठेस पहुंचा है। ज्ञापन देने में संस्था के संस्थापक बेंगू ठाकुर, भवानी बनर्जी, सुजीत रंजन, गोविन्दो ठाकुर, समीर सरकार, पप्पू सूत्रधर, पार्थो सारथी दत्ता उपस्थित थे।

### जिला टास्क फोर्स ने तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार गठित जिला धावा दल ने आज श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो के राजू ऑटो रिपेयर शॉप से एक तथा नाश्ता प्लेटफॉर्म,सेक्टर 4 प्रतिष्ठान से दो बाल श्रमिको को विमुक्त कराया। जिला धावा दल का नेतृत्व श्रम अधीक्षक बोकारो रंजीत कुमार ने करते हुए कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है इसके



खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। बोकारो जिले में बाल मजदूरी को रोकने के लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि बाल शोषण के मामले की जानकारी कोई भी जिला टास्क फोर्स को दे सकता है। उसपर बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियम अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिको को बाल कल्याण समिति बोकारो के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे बाल गृह चास भेजा जा रहा है। इस दौरान श्रम विभाग से अखलाक अहमद, संतोष चौधरी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा, सहयोगिनी जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सनी कुमार, रवि कुमार राय, अनिल कुमार हेंब्रम तथा चाइल्ड लाइन से प्रीति कुमारी, डीसीपीयू इकाई से अजीत कुमार आदि शामिल थे। बताया गया कि जिले में बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी के किसी भी प्रकार के मामले की सूचना टोल फ्री नंबर में या टास्क फोर्स को दिया जा सकता है। इस दौरान सभी बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के रेनू रंजना, प्रगति शंकर तथा रजी अहमद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### समय से पूरी हो जल जीवन मिशन की ग्रामीण नल-जल योजना, अन्यथा होगा आंदोलन : कुमार अमित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत चास प्रखंड में जारी ग्रामीण नल-जल योजना के कार्य प्रगति की जानकारी सोनाबाद कार्यस्थल पर पहुँच कर कार्यरत एजेंसी से ली। कुमार अमित ने इस कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुँचाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में केन्द्र सरकार के साथ-साथ झारखण्ड सरकार की भी बराबर की भागीदारी है। इस योजना से चास प्रखंड में भी सभी पंचायतों के चालीस हजार परिवारों तक नल जल पहुँचाने के लिए दस स्थानों पर



जल मिनार निर्माण और पाइप लाईन बिछाने का कार्य किया जाना है। कार्य प्रारंभ भी हो चुका है पर निर्माण कार्य की गति बहुत हीं धीमी है। इस कार्य को कर रही एजेंसी ने कार्य धीमी होने का कारण राज्य सरकार द्वारा बिल का भुगतान नहीं होना बताया है। जबकि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को इस योजना हेतु फंड पूर्व में आवंटित कर दिया है। फंड की कमी के कारण चास प्रखंड में जारी इस योजना का अपने तय समय जून माह तक पुरा हो पाना असम्भव दिख रहा है जो कि चिंता का विषय है। चास प्रखंड में इस जल जीवन मिशन जलापूर्ति योजना से लगभग ढाई लाख जनता की बड़ी आबादी लाभान्वित होगी। कुमार अमित ने बताया कि राज्य सरकार की लापरवाही की दंश झेल रही इस महत्वपूर्ण जनाकांक्षी योजना को किसी हाल में विफल नहीं होने दिया जाएगा। कुमार अमित ने इस योजना को समय से पुरा नहीं होने पर ग्रामीण जनता के साथ सड़क पर उतर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही।

# अधिवक्ता परिषद बोकारो ने निकाली तिरंगा यात्रा

**ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सैन्य कार्रवाई से गौरवान्वित है देश : विजय नाथ कुंवर**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध किए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता उपरांत आज अधिवक्ता परिषद झारखंड की बोकारो जिला इकाई द्वारा बार परिसर से बोकारो जिला व्यवहार न्यायालय होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अगुवाई महिला अधिवक्ताओं ने की। तिरंगा यात्रा के दौरान अधिवक्ता परिषद झारखंड के महामंत्री विजय नाथ कुँवर ने कहा कि भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध किए गए आक्रामक एवं सफल सैन्य कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" ने भारतीयों के मस्तक को गर्व से ऊंचा कर दिया। आत्मनिर्भर भारत के स्वनिर्मित मिसाइल चाहे वह ब्रह्मोस हो या आकाश की मारक क्षमता एवं शत प्रतिशत लक्ष्य भेदन की क्षमता के प्रदर्शन ने जहां एक ओर भारतीयों के जीवन एवं सम्पति की सुरक्षा सुनिश्चित की वहीं ,दूसरी ओर पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों चाहे वह कहीं भी अवस्थित था एवं उसके सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह विध्वंस कर दिया। साथ ही , विश्व की बड़ी-बड़ी शक्तियों को अपने अद्भुत व शौर्यपूर्ण





सैन्य प्रदर्शन से अचंभित कर विश्व में भारत के प्रभाव को अपरिमित रूप में बढ़ाया। ऑपरेशन सिंदूर हमारे शूरवीर जवानों की वीरता, साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को दर्शाता है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय ने भारत के सामूहिक संकल्प, सुरक्षा बलों की अप्रतिम शौर्यगाथा और राष्ट्रीय स्वाभिमान को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। इस तिरंगा यात्रा में शामिल समस्त अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए शौर्य, सम्मान और अखंड राष्ट्रभाव का भव्य उत्सव है।इस अवसर पर परिषद की अर्चना ठाकुर ,कल्पना श्रीवास्तव, डाली झा,प्रीति श्रीवास्तव, पम्मी झा, अंजलि ,बीणा रानी, पुष्पांजलि जायसवाल, आयशा प्रवीण, रीना पांडेय, बबीता, अमर लता, सोनी कुमारी, विभा कुमारी, गायत्री कुमारी, कुमारी रीतु, श्वेता सिंह, अंजू कुमारी, पल्लवी कुमारी , संतोष गिरी, उमाकांत पाठक, सुबोध कुमार, आरेन्द्र कुमार, प्रेम कुमार तिवारी,ज्योति प्रकाश, पंकज पाण्डेय, दीपक पाठक,तरुण कुमार सहित अनेक अधिवक्तागण तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## कालिका राय हत्याकांड की आरोपी को पुलिस लेगी रिमांड पर : एसपी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कालिका राय हत्याकांड को लेकर बोकारो एसपी घटना स्थल पहुंचे। निरीक्षण किया और परिजनों से बात कर घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली। बीएस सिटी थाना क्षेत्र के को-ऑपरेटिव कॉलोनी में 85 वर्षीय बुजुर्ग कालिका राय की हत्या को लेकर पुलिस के बताये थ्योरी पर परिवार और बोकारो स्टील ऑफिसर एसोसिएशन ने सवाल खड़ा किया था। थ्योरी और जांच पर सवाल उठाने के बाद बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियरी आज खुद कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित घटनास्थल पहुंचे। जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृतक के तीनों बेटों से मुलाकात की। उनके बताए बिंदु पर उन्होंने गिरफ्तार महिला को रिमांड में लेकर पूछताछ करने की बात कही। परिवार वालों ने फिर से एक बार एसपी के समक्ष इस मामले की जांच घंटा से



करने की मांग की। मृतक के बेटे अरुण कुमार ने बताया कि डकैती के बाद हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। इसमें महिला के दो बेटे सहित अन्य लोग शामिल है जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी कड़ी सजा दिलाने का काम किया जाए। एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि घटना काफी दुखद है। एक 85 साल के बुजुर्ग की हत्या हुई है ।उन्होंने कहा की डकैती के बाद हत्या की घटना हो सकती है। इस बिंदु पर जांच की जा रही है ।महिला ने जो अपना कबूल नाम दिया था। उसी के मुताबिक पुलिस में अपना बयान भी दिया था। लेकिन महिला को रिमांड में लेकर घर वालों के बताएं बिंदु पर भी जांच किया जाएगा।

## हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने नावाडीह थाना घेरा

**विधायक जयराम महतो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाव**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के नक्सल प्रभावित नावाडीह थाना क्षेत्र में बीती रात कार सवार एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर डुमरी विधायक जयराम महतो के पहुंचने के डेढ़ घंटे बाद पुलिस पहुंची। मौके से विधायक ने एसपी और डीएसपी को फोन किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही किया। जयराम महतो के द्वारा वीडियो जारी कर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए। इस बीच पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार के अपराह्न नावाडीह थाना का घेराव किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। एसपी बोकारो मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि जिस जगह पर घटना घटी थी उस जगह पर डेढ़ से 2 घंटे पहले 20 से 25 नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन के अनुसार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचने का प्रयास किया जा रहा था। जिस कारण विलंब हुई थी। फोन नहीं उठाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि घटना के बाद अधिकारी नक्सली क्षेत्र में पदाधिकारी और पुलिस के जवानों को भेजने के लिए व्यवस्था में जुटते हैं। ऐसे में फोन उठाने में अगर विलंब हुआ तो इसे अन्यथा नहीं लेना चाहिए। उधर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने नावाडीह थाना ने जमकर तोड़फोड़ की। ग्रामीणों ने पूरे थाने को घेर कर रखा है। हंगामा की जानकारी मिलने के



बाद डुमरी के विधायक जयराम महतो थाना पहुंचे जहां उन्होंने जमकर पुलिस वालों को क्लास लगाया। मौके पर मौजूद बोकारो डीएसपी सिटी आलोक रंजन को भी विधायक ने जमकर खारी खोटी सुनाई। विधायक ने कहा कि जिस जगह पर दिन में पुलिस जाने से डरती है। वहां रात में विधायक पहुंचा तो पुलिस ने प्रोटोकॉल तक फॉलो नहीं किया। विधायक का आरोप था कि दूसरे दल के विधायक होते तो पुलिस आगे पीछे घूमती नजर आती। उन्होंने थाना प्रभारी की भी जमकर क्लास ली और कहा कि घटना की जानकारी किसी भी वरीय पदाधिकारी को क्यों नहीं दी गई। पुलिस ने आश्वस्त किया कि हत्यारे जल्द पकड़े जाएंगे। बावजूद इसके खबर लिखे जाने तक ग्रामीण थाना में जमे हुए थे।

## वैकल्पिक मार्ग पर रहे सुचारू यातायात व्यवस्था : उपायुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बैंक मोड़ फ्लाई ओवर की मरम्मती को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित वैकल्पिक रूट पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जब तक फ्लाईओवर के दोनों लेन की मरम्मत पूरी नहीं हो जाती तब तक वैकल्पिक मार्ग के रणधीर वर्मा चौक, हिरापुर, बिनोद नगर, बरमसिया मोड़, बरमसिया ओवर ब्रिज, एफसीआई गोदाम, हावड़ा मोटर्स, फ्लाईओवर के वन वे मार्ग, रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर तथा अन्य ट्राफिक दबाव के चिन्हित स्थलों पर प्रतिनियुक्त फोर्स एवं स्वयंसेवकों को सतर्क रखें। वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण न हो, यह भी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को युद्ध स्तर पर कार्य करने,



समय पर उसे पूरा करने, कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखने तथा व्यक्तिगत पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। वहीं स्कूलों की छुट्टी होने के बाद स्कूल बस एवं स्कूल वैन को सुगम तरीके से अपने गंतव्य की और रवाना करने, एफसीआई गोदाम के पास देर रात ट्रकों का परिचालन सुनिश्चित करने, खाली ट्रकों को सड़क के किनारे खड़ा नहीं करने देने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगामी 20 मई 2025 के प्रस्तावित कार्यक्रम, गया पुल अंडरपास सड़क की मरम्मत, मटकुरिया से आरा मोड़ तक बन रहे फ्लाईओवर, फ्लैक्सिबल रोड बैरियर सहित अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मृतक अब्दुल कलाम के परिजनों को मिलेगा न्याय : मंत्री

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पैक नारायणपुर गांव में कथित मॉब लिंचिंग का शिकार 24 वर्षीय अब्दुल कलाम उर्फ मानु के परिजनों से मिलने बीती रात राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी पहुंचे। उन्होंने मृतक की मां से घटना की जानकारी लेते हुए उन्हें न्याय



दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान मंत्री ने शोक संतप्त माँ को गले लगा करके उनका दुख बांटने का प्रयास किया। इस दौरान मंत्री ने राहुल गांधी के तरफ से एक लाख, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से एक लाख सहायता राशि दिया और राज्य सरकार की तरफ से चार लाख रुपए मुआवजा के साथ स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत मां को नौकरी देने की बात कही। मंत्री ने कहा कि सोचिए उस मां पर क्या बीत रही होगी जिसका जवान बेटा उसके सामने बेरहमी से मार दिया गया हो। यह सोचकर ही मन विचलित हो जाता है। जो गलत है, वो गलत है। सभ्य समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अगर किसी ने गलती की है तो उसके लिए कानून है सजा देने का हक अदालत का है, भीड़ का नहीं। दोषी चाहे जो हो, उसे हर हाल में कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शब्द समझ में इस तरह की घटना को किस मास्टरमाइंड के द्वारा अंजाम दिलाया जा रहा है उसको पकड़ना जरूरी है।

## 20 मई की हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ शामिल नहीं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के कुछ ट्रेड यूनियन ने 20 मई को लेबर कोड को लेकर देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। भारतीय मजदूर संघ इस हड़ताल में शामिल नहीं है । भारत सरकार ने देश में प्रभावी 29 श्रम कानून के स्थान पर चार नए लेबर कोड का निर्माण। वर्ष 2019 एवं 2020 के दौरान किया है इसके अंतर्गत 29 श्रम कानून को चार नवीन श्रम कोड में सम्मिलित कर इसका नामांकरण इस प्रकार किया है। कोड ऑन वेजेज 2019 कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 भारतीय मजदूर संघ ने दो लेबर कोड का स्वागत किया है। कोड एंड वेजेज 2019 तथा कोड एंड सोशल सिक्योरिटी 2020 यह एक ऐतिहासिक कोड है जिसमें पहली बार सेंट्रल गवर्नमेंट के स्तर पर फ्लोर लेबल मिनिमम वेज करने तथा राज्य सरकार को इसके बराबर तथा इससे अधिक न्यूनतम वेतन राज्य में तय करने का अधिकार दिया गया है' इस कोड के तहत न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी प्रत्येक 5 साल में हो सकेगी यह भी उल्लेखित है पहले अधिसूचित रोजगार में कार्यरत मजदूर ही केवल न्यूनतम वेतन का हकदार होता था अब इसे बदल दिया गया है कोई भी मजदूर जो 8 घंटे कहीं भी कार्य करेगा। न्यूनतम वेतन पाने का हकदार होगा। बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ (बीएमएस) के महामंत्र विनोद कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर हड़ताल में शामिल नहीं होने की जानकारी दी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 बोकारो में संकुल स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**पंचपदी किसी भी स्तर के विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम अधिगम विधि : राजेंद्र कामत**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्या भारती योजना के तहत विद्या विकास समिति के तत्वावधान में 3 सी संकुल का संकुल स्तरीय एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला पंचपदी अधिगम एवं कम्यूनिकेशन स्किल विषय पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो में संपन्न हुआ। जिसमें 3 सी संकुल से पांच विद्यालय 3 सी, 9 डी, 2 ए, बालीडीह एवं रितुडीह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य एवं दीदी सम्मिलित हुए। कार्यशाला की प्रस्तावना को रखते हुए संकुल संयोजक मार्कण्डेय पाण्डेय ने कहा कि आज ऐसे बालकों के निर्माण की आवश्यकता है। जो ज्ञान विज्ञान, एवं अनुसंधान की परिकल्पना को एक साथ साध सके। जो राम के जैसा मयार्दा पुरुषोत्तम हो जो जनमानस को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करे और दुश्मनों का भी सर्वनाश करे। 3/सी विद्या मंदिर के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि जो सिखता है वही सिखा सकता है। कार्यशाला का उद्देश्य नवाचार की परिकल्पना को सिद्ध करते हुए बालकों को रोचकता के साथ शिक्षा देना। ताकि शिक्षा उनके लिए बोझ ना बने। आज के कार्यशाला के मुख्य रिसोर्स पर्सन 9/डी बोकारो के प्राचार्य एवं विद्या भारती उत्तर - पूर्व क्षेत्र तथा सी.बी.एस.ई के रिसोर्स पर्सन राजेंद्र कामत ने पंचपदी अधिगम पर कार्यशाला लेते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो पंचपदी शिक्षा पद्धति का समायोजन किया गया है। शिशु मंदिर के विद्यालयों ने इसे प्रारंभ से ही अपनाया है। अब बालकों को शिक्षा देने के स्थान पर सिखाना है। जिससे वे रोचकता के साथ स्वतः ज्ञान को प्राप्त कर सके। उन्होंने पंचपदी के पांच विषय अधीति (अध्यापन कार्य), बोध (कक्षाकार्य), अभ्यास (गृहकार्य), प्रयोग (सह पाठ्य क्रियाएं) और प्रसार (स्वाध्याय और प्रवचन) पर विस्तार से चर्चा करते हुए किस प्रकार से शिक्षकों के द्वारा बृहद पाठ योजना तैयार की जाए। जिससे स्पष्ट रूप से यह ज्ञात हो कि किसी भी पाठ को हम कितनी सुगमता से बालकों ग्राहय कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जो हमने शिक्षा दी उसको बालकों ने कितना सीखा यह भी इस पद्धति के माध्यम से हम जान सकते हैं। पंचपदी किसी भी स्तर के विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम अधिगम विधि है । विद्या भारती के विद्यालयों में इसका प्रयोग पहले से ही हो रहा है। अतः हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक मॉडल विद्यालय बना होगा जो दूसरे विद्यालयों के लिए प्रेरणादाई हो।। वही इस कार्यशाला में 9 डी की अमृता दीदी जी के द्वारा कम्युनिकेशन स्किल और प्रिया राज दीदी जी के द्वारा एक्टिविटीज बेस्ड कम्युनिकेशन स्किल पर सभी ने उत्साह से भाग लिया।

## बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा '5-एस सिस्टम' के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 का आयोजन







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित '5-एस सिस्टम' के लिए दो दिवसीय 'निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनीष जलोटा, मुख्य महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस), लंबोदर उपाध्याय, महा प्रबंधक (टीएस-जल आपूर्ति) तथा अमरेश सिन्हा महा प्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) उपस्थित थे. इस वर्ष '5-एस सिस्टम' के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी-2025 प्रतियोगिता में आरसीएल, बोकारो जनरल अस्पताल, भारी रखरखाव (मैकेनिकल), सीआरएम-III, हॉट स्ट्रिप मिल, टाउन





सर्विस-जल आपूर्ति, पीईबी, ईटीएल, ट्रैफिक, कोक ओवन, एचआरसीएफ, ब्लास्ट फर्नेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार, ईएमडी, ईटीएल इत्यादि विभाग से कुल 20 क्वालिटी सर्किल की टीमों ने अपने कार्यस्थल पर प्रभावी हाउसकीपिंग के प्रबंधन के संबंध में अपने रचनात्मक विचारों और प्रयासों का प्रदर्शन मॉडल प्रस्तुति, 5एस कार्यान्वयन यात्रा, 5एस केस स्टडी प्रेजेंटेशन तथा 5एस काइजेन के प्रस्तुति के माध्यम से किया. संपूर्ण गुणवत्ता तथा कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली से सम्बंधित रखरखाव प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष बीएसएल के पुरस्कार विजेता टीम दिनाँक 14 जून' 2025 को मदुरै में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में चयन लिए के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे. कार्यक्रम का सञ्चालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सुश्री सागरिका साहू तथा सुश्री देवयानी चक्रवर्ती की टीम के द्वारा किया गया.

## मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनाँक 15 मई को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सन्यंत्र के विभिन्न विभागो के कुल 111 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया.

कार्यक्रम मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती डी आर टोप्पो, सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महा प्रबंधक श्री बिनीत तिर्की उपस्थित थे. सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) श्री सुखदेव महतो ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई. तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया तथा सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की. ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महा प्रबंधक श्री बिनीत तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियो को गैस सुरक्षा से संबन्धित जानकारी दी. कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था..

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com